

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 133 epaper.rashtriyakhabar.com ज्येष्ठ, कृष्णपक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

तावन्मौनेन नीयन्ते कोकिलैश्चैव वासराः।
यावत्सर्वजनानन्ददायिनी वाक्प्रवर्तते॥

भावार्थ : जब तक सभी को आनन्द देनेवाली वसन्त ऋतु आरंभ नहीं होती तब तक कोयल मौन रहकर अपने दिन बिता देती है अर्थात् बसंत ऋतु के आने पर ही कोयल की कूक सुनाई देती है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 38.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.23 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05.06 बजे

## ट्रंप के पूर्व वकील पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

**वॉशिगटन:** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पूर्व वकील रूडी गिउलिआनी पर उनकी एक पूर्व कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। बीबीसी ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि पूर्व महिला कर्मी नोएल डंफी ने सोमवार को न्यूयार्क प्रांत में गिउलिआनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। सुश्री डंफी ने आरोप लगाया है कि उसे शराब और सेक्स के लिए मजबूर किया गया। उसने आरोप लगाया कि वर्ष 2019 में काम पर रखने जाने के बाद से ही उसका शोषणा शुरु कर दिया गया था। श्री गिउलिआनी ने आरोपों से इनकार किया है। आरोप है कि न्यूयॉर्क शहर के पूर्व मेयर गिउलिआनी ने अपने फ्लैट में सुश्री डंफी का यौन शोषण किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि सुश्री डंफी ने श्री गिउलिआनी के साथ सेक्स की मांग वाली अनैतिक यौन टिप्पणियों की बातचीत की रिकॉर्डिंग की है।

## बाघ के हमले के कारण महिला की मौत

**सिवनी:** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में बरघाट विकासखंड के जंगलटोला गांव में मंगलवार को तेन्दूपत्ता तोड़कर लौट रही महिला पर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। वन विभाग के अनुसार सिवनी से लगभग 50 किलोमीटर दूर तेंदुपत्ता संग्रहण करके लौट रही 56 वर्षीय महिला नीरन बाई की मृत्यु बाघ के हमले में हुयी है। बाघ ने हमला करने के बाद महिला के शव का कुछ हिस्सा खा लिया। वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय जम्भारे ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद एकत्रित ग्रामीणों को नियंत्रित करने बरघाट पुलिस बल के साथ वन विकास निगम बरघाट परियोजना का अमला मौके पर पहुंचा।

## केंद्र से अंतहीन पीड़ा झेल रहे बंगाल के लोग: ममता

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल के लोगों को अपनी पूंजी बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार की उदासीनता के कारण राज्य के लोग अंतहीन पीड़ा झेल रहे हैं। सुश्री बनर्जी ने एक प्रेस वार्ता में यहां सोमवार को कहा था, ह्लमैंने हमेशा उनकी भलाई को प्राथमिकता दी है और समर्पण के साथ उनकी जरूरतों को पूरा किया है। मैं भविष्य में कड़ी मेहनत को बरकरार रखने का इरादा रखती हूं ह्व उन्होंने जनता से वादा किया कि वह हमेशा यह सुनिश्चित करेंगी कि राज्य का कोई व्यक्ति समग्र जीवन जीने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि उनके राज्य में हर एक व्यक्ति समृद्धि को प्राप्त करने का हकदार है, और वह यह सुनिश्चित करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लोग केंद्र सरकार की उदासीनता के कारण अंतहीन पीड़ा झेल रहे हैं।

## कोरोना से नौ मरीजों की मौत

**नयी दिल्ली:** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 1,456 सक्रिय मामले घटे हैं, जिससे अब सक्रिय मामलों की कुल संख्या घटकर 13,037 हो गयी है और इसी अवधि में नौ मरीजों की मौत हो गयी। इस बीच, देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 1,010 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,66,93,069 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,49,82,131 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,790 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 2100 बढ़कर 4,44,37,304 पर पहुंच गया है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**मूर्ति के मुंह में पानी डालने से आंख खुली**

# मनसा देवी की आंखे बंद सुनकर लगी भक्तों की भीड़

राष्ट्रीय खबर

**कोलकाता:** यहां के सिउड़ी स्थित मनसा देवी मंदिर से इस अजीब घटना की सूचना आयी है। इस सूचना की वजह से बीरभूम के दुबराजपुर में आस पास के गांवों के लोग भी भागे भागे मंदिर पहुंचे थे। यह प्राचीन मनसा मंदिर बीरभूम के दुबराजपुर के दंगलतला क्षेत्र में स्थित है। इस मंदिर में रोजाना सुबह से ही कई लोग आते हैं। रविवार अलग नहीं था। सुबह मंदिर में एक दर्शनार्थी आया तो उसने देखा कि मूर्ति की आंखें बंद हैं। इस घटना की खबर इलाके में बिजली की तरह फैल गई। मंदिर में दूर-दूर से काफी संख्या में लोग पहुंचे। मकसद सिर्फ एक है, इस चमत्कारी दृश्य को एक बार अपनी आंखों से देखना। खबर पाकर सेवादारों ने जाकर वही घटना देखी। हालांकि बाद में मूर्ति के मुंह में पानी



डाला गया और आंखें खुल गईं। कुछ स्थानीय लोगों का दावा है कि यह एक चमत्कार है। शनिवार की रात भी मूर्ति के नेत्र खुले थे। हालांकि कोई समझा नहीं सका। हालांकि, कुछ ने सोचा कि किसी तरह मूर्ति की आंखें रंग लगने के कारण बंद हो गई हैं। जल देकर उसे धोया जाता है और उसकी मूल अवस्था में लौटा दिया जाता है। लेकिन वजह जो भी हो घटना को लेकर आसपास के इलाके में जमकर हंगामा हो रहा है. दुबराजपुर के दंगलतला के मनसा मंदिर में मां मनसा को इस तरह बंद अवस्था में देखा जा सकता है। घटना के बाद अलग-अलग वार्डों से लोग दौड़ पड़े। यहां तक कि दुबराजपुर बाजार आने वाले व्यापारियों की भी मंदिर के सामने भीड़ लगी रहती है। हिंदू धर्म में मनसा देवी को सांपों की देवी के रूप में माना जाता है। स्थानीय निवासी मेनोका बागड़ी ने कहा, मैं सुबह आई और मां मनसा को आंखें बंद करके देखा। फिर आंखों और मुंह में पानी दिया जाता है। यह घटना सुबह से हुई और इस घटना को देखने के लिए दूर-दूर से कई लोग आए। एक अन्य स्थानीय निवासी सागर डे ने कहा, मैं यह नहीं कह सकता कि ›› पेज 2 भी देखें

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग** › केंद्र सरकार ने बहाली में भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद समाप्त किया है

# पीएम मोदी ने नए रंगरूटों को 71,000 नियुक्ति पत्र बांटे

- देश के 45 स्थानों पर हुआ यह कार्यक्रम
- वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए दिया नियुक्ति पत्र
- अनेक पदों के लिए लोगों को रोजगार दिया गया

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई भर्तियों को 71 हजार नियुक्ति पत्र बांटे। यह नवनियुक्त लोग केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में शामिल होंगे और केंद्र की रोजगार मेला पहल का समर्थन करेंगे। नौकरियों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई भर्तियों को 71,000 नियुक्ति पत्र बांटे। इस मौके पर पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्त लोगों को भी संबोधित किया। यह रोजगार मेला देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित ›› पेज 2 भी देखें



### मोदी 10 लाख सरकारी नौकरियां देने के लिए कटिबद्ध: रेड्डी

**हैदराबाद:** केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने के लिए प्रतिबद्धता जतायी है। श्री रेड्डी ने तेलंगाना के सिकंदराबाद में स्वामी विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए यह बात कही।वह रोजगार मेले के तहत सरकारी सेवाओं में शामिल हुए नवनियुक्त भर्तियों को श्री मोदी द्वारा करीब 71 हजार नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नौकरियों के 3.60 लाख पद पहले ही भरे जा चुके हैं। श्री रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री रिक्तियों को भरने के लिए प्रतिबद्ध हैं, उन्होंने लक्ष्य निर्धारित किया है। कुछ कानूनी मुद्दों के कारण हालांकि इसमें कुछ देरी होगी। उन्होंने कहा, हमने तेलंगाना में टीएसपीएससी प्रश्न पत्र लीक की घटना देखी, जिससे नौकरी की भर्ती प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हुई। श्री रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कौशल आधारित रोजगार को प्राथमिकता दी है और अपने दृष्टिकोण को संप्रेषित करने के लिए युवाओं के साथ व्यक्तिगत रूप से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, अगले 25 साल देश के लिए महत्वपूर्ण हैं। हम आजादी के 75 साल मना रहे है। भारत एक ऊर्जावान युवा आबादी के साथ दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश के रूप में खड़ा है।

### मोदी रोजगार के अवसर खत्म कर रहे हैं: कांग्रेस

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर नोटबंदी, दोषपूर्ण वस्तु एवं सेवाकर और सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों का निजीकरण करने जैसी गलत नीतियां अपनाकर देश में रोजगार के साधन और नौकरियों के अवसर खत्म करने का मंगलवार को आरोप लगाया। आज ही दिन में राष्ट्रीय रोजगार मेला कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा 71000 नियुक्ति पत्र वितरित किये जाने और इस अवसर पर प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता एवं महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा, देश के युवा जानते हैं कि प्रधानमंत्री ने नोटबंदी करके, दोषपूर्ण वस्तु एवं सेवाकर लागू करके, थोक में सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों का निजीकरण करके और सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यमों को पंगु करके लाखोंलाख नौकरियां खत्म की हैं। प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए, कांग्रेस सांसद ने कहा, शासन को व्यक्ति केन्द्रित करके, प्रधानमंत्री ने शासन-व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। वह अपने रोज़गार मेलों के माध्यम से इसे और नीचे ले जा रहे हैं, वह ऐसा कर रहे हैं जैसे कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इन नौकरियों का सृजन किया हो और वह नौकरी पाने वालों को अपने पास से भुगतान कर रहे हैं, और ऐसा लगता है कि नौकरी पाने वाले केवल उन्हीं पर मुग्ध रहेंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस बेरोजगारी की समस्या के लिए कुछ खास न कर पाने के लिए केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार की आलोचना करती रही है।

भूख के मारे जंगल से निकलकर गांव तक पहुंच रहे हैं जंगली शेर

## चरवाहों ने सबसे पुराने शेर सहित ग्यारह को मार डाला



राष्ट्रीय खबर

**नैरोबी:** केन्या के वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि केन्या के सबसे पुराने जंगली शेरों में से एक को चरवाहों ने मार डाला और सरकार ने चिंता व्यक्त की है कि शनिवार को एक अन्य गांव में छह और शेरों को भाले से मार दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप पिछले सप्ताह में कुल ग्यारह शेर इस तरीके से मारे गये हैं। लूनकिटो नाम का नर शेर 19 साल का था और केन्या वाइल्डलाइफ सर्विस के प्रवक्ता पॉल जिनारो ने उसे कमजोर बताया था, जिसने कहा कि वह गुरुवार की रात भोजन की तलाश में अंबोसली राष्ट्रीय उद्यान से भटककर एक गांव में चला गया। उसी राष्ट्रीय उद्यान के छह अन्य शेरों को काजियाडो काउंटी के म्बिरिकानी क्षेत्र में 11 बकरियों और एक कुत्ते को मारने के बाद चरवाहों द्वारा भाले से मार दिया गया था। मानव-वन्यजीव संघर्ष में पिछले सप्ताह चरवाहों द्वारा मारे गए शेरों की संख्या 11 हो गई, जिसने सरकार को चिंतित कर दिया है।

पर्यटन मंत्री पेनिना मालोन्जा ने रविवार को म्बिरिकानी क्षेत्र में स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि वे भटकते हुए शेरों को भाला न मारे और इसके बजाय वन्यजीव सेवा तक पहुँचें। केन्या वाइल्डलाइफ सर्विस ने एक सोशल मीडिया बयान में कहा, बैठक समुदाय और वन्यजीवों के बीच शांतिपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व पर केंद्रित थी। सरकार और संरक्षण समूहों के पास उन चरवाहों के ›› पेज 2 भी देखें

पढ़े लिखे नेताओं को झांसा देने से चूक गये दिल्ली के आईएएस

## आशीष मोरे से अपने तबादले की बात स्वीकारी



- पहले आदेश मानने से कर दिया था इंकार
- अवमानना की तलवार लटक गयी थी उस पर

राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** सर्विसेज पर अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के बाद दिल्ली सरकार एक्शन में आ गई है। सर्विसेज विभाग के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने विभाग के सचिव आशीष माधवराव मोरे को 13 मई को एक शो कॉज नोटिस भेजकर उनसे 24 घंटे में जवाब मांगा। मोरे पर मंत्री के आदेश को अनदेखी करने और अपने तबादले के लिए फाइल पुटअप न करने का आरोप था। लगातार कोशिशों के बावजूद उनसे संपर्क भी नहीं हो पा रहा था। हालांकि शो कॉज नोटिस मिलने के बाद सोमवार शाम को अचानक मोरे अपने दफ्तर पहुंचे और कोर्ट के आदेश का पालन करने की बात कही। इससे साफ हो गया कि दिल्ली के आईएएस अधिकारियों का एक तबका यह समझ गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भाजपा के इशारे पर काम करना उनकी नौकरी के लिए भी खतरे की घंटी है। अब पता ›› पेज 2 भी देखें

## ऑस्ट्रियाई ट्रेन में हिटलर का भाषण और नाजी नारे बजाए गए



**वियना:** ब्रेगेंज से वियना जाने वाली एक ऑस्ट्रियाई ट्रेन के यात्री रविवार को ट्रेन के लाउडस्पीकर सिस्टम पर एडॉल्फ हिटलर के भाषण की रिकॉर्डिंग सुनते ही चौंक गए। ट्रेन के कई यात्रियों के अनुसार, हीर हिटलर और सिएग हील जैसे नाजी नारे भी ट्रेन के इंटरकॉम के माध्यम से सुने गए। वियना रब्बी श्लोमो हॉफमिस्टर ट्रेन में थे और उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि वह हिटलर के भाषण को सुनने के बाद हैरान थे और ट्रेन को तुरंत रोकने में विफल रही। उनके मुताबिक यह और भी अजीब था जब ऐसा हो रहा था तो कुछ यात्री हँसने लगे, जब हिटलर की आवाज और शब्द सीग हील का यह शोर ट्रेन के लाउडस्पीकरों से गूंजा। इस घटना के बाद रेलवे की तरफ से कोई स्पष्टीकरण या आश्वासन नहीं दिया, लेकिन यह सब नजरअंदाज कर दिया गया। रब्बी ने सोमवार को इस घटना के बारे में बताया। वियना पहुंचने से करीब 25 मिनट पहले, सेंट पोल्टन शहर में, हॉफमिस्टर ने कहा कि यह सब अजीब संगीत, बातचीत के अंश और हंसी के साथ शुरू हुआ, जो अचानक हिटलर के भाषण में बदल गया। सबसे पहले, उसने सोचा कि यह एक गलती थी, फिर एक बुरा मजाक था और अचानक उसे बेचैनी महसूस हुई क्योंकि यह स्पष्ट नहीं था।

चक्रवात मोचा ने मिजोरम में मचाया तांडव, 230 घर तबाह, भारी बारिश भी हुई

## पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

- केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में जारी किया हाई एलर्ट
- सितवे टाउनशिप में तूफान की गति 209 किलोमीटर रही
- इन राज्यों के अनेक स्थानों पर भूस्खलन की चेतावनी दी गयी है



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी :** दक्षिण अंडमान सागर में बने चक्रवात मोचा ने कल से पूर्वोत्तर राज्य में तांडव दिखाया है। मोचा को बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर से गुजरना पड़ा है। जिसके चलते खुले समुद्र के ऊपर बना तूफान 17 मई तक असम समेत पूर्वोत्तर की ओर बढ़ेगा। जिसके कारण यह गंभीर या बहुत गंभीर श्रेणी का हो सकता है। इसके कारण मिजुरम, मणिपुर और असम के तटीय इलाकों में बादल छाए हुए हैं। इसकी वजह से 17 मई तक तेज हवाएं और बारिश हो सकती है। अधिकारियों ने आज बताया कि मिजोरम के कई इलाके सुपर साइक्लोन 'मोचा' की चपेट में आ गए, जिससे 236 घरों और आठ शरणार्थी शिविरों को नुकसान पहुंचा है। खबरों ›› पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › शोध में पाया गया अनाजों का क्रमिक विकास भी कोई सहज प्रक्रिया नहीं थी

# फसलों के बीच कोशिकाओं के स्तर पर बदलाव हुए हैं

- फसल एक जैसे लेकिन संरचना अलग अलग
- सूखा सहिष्णुता का अंतर प्राचीन काल में हुआ
- इसके जरिए खेती को और उन्नत बनाने में मदद

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अनाजों की विविधता हम जानते हैं। यहां तक कि हर अनाज की खेती और फसल होने का चक्र भी प्राकृतिक तौर पर अलग अलग है। लेकिन यह प्राचीन काल से अब तक अलग अलग कैसे हुए, इस



पर भी वैज्ञानिकों ने शोध किया है। इस शोध से उनके बीच के जेनेटिक अंतर तथा कोशिकाओं के स्तर पर हुए बदलाव की प्रक्रिया का पता चला है। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के शोधकताओं के नेतृत्व में एक नए अध्ययन के अनुसार, मकई, चारा और बाजरा में अलग-अलग कोशिकाओं की तुलना करने से इन महत्वपूर्ण अनाज फसलों के बीच विकासवादी अंतर का पता चलता है। नेचर में प्रकाशित निष्कर्ष, शोधकताओं को यह इंगित करने के करीब लाते हैं कि कौन से जीन सूखे सहिष्णुता जैसे महत्वपूर्ण कृषि लक्षणों को नियंत्रित करते हैं, जो वैज्ञानिकों को बदलती जलवायु के अनुकूल फसलों को सूखे वातावरण के अनुकूल बनाने में मदद करेंगे। मकई, ›› पेज 2 भी देखें

### मकई की कोशिकाएं तेजी से विशेषज्ञ बन गई

शोधकताओं ने पाया कि 12 मिलियन साल पहले ज्वार से अलग होने के बाद मकई में पूरे जीनोम दोहराव ने विशिष्ट प्रकार की कोशिकाओं को प्रभावित किया, जिससे मकई की कोशिकाएं तेजी से विशेषज्ञ बन गईं। उन्होंने यह भी देखा कि कुछ प्रकार की कोशिकाएं नए जीन के दाताओं के रूप में काम करती हैं जबकि अन्य नए जीन डुप्लिकेट एकत्र करते हैं, जो यह सुझाव दे सकते हैं कि जीन दोहराव ने कुछ कोशिकाओं के विकास को गति दी। बिरनबाम ने कहा, भविष्य के अध्ययन इस बात की तुलना करेंगे कि इन तीन फसलों की एकल कोशिकाएं सूखे जैसे तनाव पर कैसे प्रतिक्रिया करती हैं। यह वह प्रतिक्रिया है जो जीन के उस सेट को खोजने की कुंजी हो सकती है जो सूखा सहिष्णुता के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण हैं। यह गुत्थी सुलझी तो फसलों की खेती मौसम पर निर्भर नहीं रहेगी।

मणिपुर में अफसर भी जातिगत तौर पर बंट चुके हैं

## अनेक बड़े अफसर अब गांव लौट गये

राष्ट्रीय खबर

**अगरतला:** मणिपुर में पिछले कुछ हफ्तों में हुए जातीय संघर्षों ने राज्य की नौकरशाही के भीतर की खामियों को उजागर कर दिया है। सेवारत और सेवानिवृत्त वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के अनुसार नागरिक और पुलिस प्रशासन सामुदायिक आधार पर विभाजित हो गया है। उन्होंने नोट किया कि गैर-आदिवासी मेइती और आदिवासी कुकी अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच विभाजन



राज्य प्रशासन के सभी स्तरों पर एक अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गया है। 3 मई और 4 मई को इंफाल में हिंसा भड़कने के बाद, कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने कहा कि, कुछ अपवादों को छोड़कर, ›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### सालखन ने मुख्यमंत्री से पूछे पांच सवाल

रांची: आदिवासी सेंगल अभियान के संयोजक सालखन मूर्मू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पांच सवाल पूछे हैं। इनका जवाब नहीं देने पर उनसे इस्तीफा देने की मांग की है। कहा है कि पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती पर डांडबुस गांव, ओड़िशा जाकर उनके सपनों को अपमानित किया है। क्योंकि झारखंड में संताली भाषा को ओलचिकी लिपि के साथ अभी तक राजभाषा का दर्जा नहीं दिया है। मारंग बुरू यानी पारसनाथ पहाड़ को भारत सरकार को पत्र लिखकर जैनों के हाथों में बेचने का काम किया है। सरना धर्म कोड की जगह सरना आदिवासी धर्म कोड पारित करके बिना राज्यपाल के हस्ताक्षर के दिल्ली भेजा है।

**जवाब** सीएम हेमंत को लीज आवंटन मामलाः राज्य सरकार ने दिया जवाब

# सुप्रीम कोर्ट से पहले ही मिल चुकी है क्लीनचिट




**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा खुद एवं अपने रिश्तेदारों को खान लीज आवंटन करने से संबंधित जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह याचिका आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की ओर दायर की गई है। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया। सरकार की ओर से शपथ पत्र में बताया गया है माइनिंग लीज आवंटन मामले में एक जनहित याचिका में सीएम हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से पहले ही क्लीन चिट दी जा चुकी है। जवाब में सुप्रीम कोर्ट के इससे संबंधित आदेश का कुछ अंश भी डाला गया है।इसके अलावा यह भी बताया गया है जियाडा से जो जमीन सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और उनके साली को आवंटित हुआ है वह सब कानून की प्रक्रिया के तहत हुआ है। सीएम को भी जो खनन लीज दिया गया था उसमें भी सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उनकी ओर से उठाए गए सवालों का बिंदुवार जवाब राज्य सरकार की ओर से नहीं दिया गया है। यह याचिका मेंटेनेबल (सुनवाई योग्य) है या नहीं इस पर भी कोई जवाब नहीं दिया गया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विशाल कुमार ने राज्य सरकार के जवाब पर अपना प्रत्युत्तर देने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 16 जून निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल हाइब्रिड मोड में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की कोर्ट से जुड़े।प्रार्थी की ओर से कोर्ट को पिछली सुनवाई में बताया गया था कि सीएम हेमंत सोरेन ने खान विभाग के मंत्री पद पर रहते हुए संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है और स्वयं के लिए अनगड़ा में माइनिंग लीज आवंटित कर लिया है। इसके अलावा उन्होंने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन एवं साली सरला मुर्मू के फार्म को भी माइनिंग लीज आवंटित किया गया है। प्रार्थी ने यह भी कहा है कि इन सभी बिंदुओं को लेकर संबंधित प्राधिकार के पास सीएम, उनके रिश्तेदारों एवं सहयोगियों की जांच करके कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। लेकिन किसी संबंधित प्राधिकार ने करवाई नहीं की। अंततः उन्होंने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है ताकि संबंधित प्राधिकार को जांच कर कार्रवाई करने का आदेश पारित किया जाय।

## पेज एक का शेष

### मनसा देवी की आंखे .. ..

यह घटना चमत्कारी है या कुछ और। मैं वही कह रहा हूं जो सबने देखा है। लेकिन हमारे क्षेत्र में इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई। मंदिर के सेवक दिलीप गरई ने कहा, मैं नहीं कह सकता कि यह कैसे हुआ। लेकिन मैंने देखा कि टिप आंखों में पहना गया था। मैं यह नहीं कह सकता कि रात के समय आंख में टिप कैसे और किसने लगाई। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल विज्ञान मंच के राज्य कमेटी सदस्य शुभाशीष गरई ने इस तरह की घटना को देखते हुए कहा, इसमें कोई चमत्कार नहीं है। हो सकता है कि प्रतिमा की आंख में कुछ पड़ गया हो, जिसकी वजह से लोगों को आंख बंद नजर आयी।

### पीएम मोदी ने नए .. .. ..

किया गया था। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए भर्तियां हो रही हैं। देश भर से चयनित नए रंगरूट ग्रामीण डाक सेवक, डाक निरीक्षक, वाणिज्यिक-सह-टिकट क्लर्क, कनिष्ठ लिपिक-सह-टाइपिस्ट, कनिष्ठ लेखा लिपिक, ट्रैक मेंटेनर, सहायक अनुभाग अधिकारी, जैसे विभिन्न पदों/पदों में शामिल होंगे। अवर श्रेणी लिपिक, अनुमंडल अधिकारी, कर सहायक, प्राचार्य, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, सहायक कुलसचिव, सहायक प्रोफेसर, अन्य। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर जोर देकर कहा कि भर्ती प्रणाली में उनकी सरकार द्वारा लाए गए बदलावों से भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की संभावना समाप्त हो गई है क्योंकि उन्होंने रोजगार मेले में 71,000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र दिए थे। श्री मोदी ने कहा, सरकारी नौकरियों की भर्ती में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की संभावना अब समाप्त हो गई है। उन्होंने वॉलमार्ट, एप्पल, फॉक्सकॉन और सिस्को सहित प्रमुख वैश्विक कंपनियों के सीईओ के साथ अपनी हाल की बैठकों का हवाला देते हुए कहा कि देश में उद्योग और निवेश के बारे में अभूतपूर्व सकारात्मकता है।

### चरवाहों ने सबसे पुराने .. ..

लिए मुआवजा कार्यक्रम है जिनके पशुधन जंगली जानवरों द्वारा मारे गए हैं। लेकिन पूर्वी अफ्रीका क्षेत्र में दशकों में सबसे खराब सूखे के कारण पशुओं को खोने के बाद चरवाहे अधिक सुरक्षात्मक हो गए हैं। पर्यावरण संरक्षणवादियों के अनुसार, जंगली शेर विरले ही 15 साल जीवित रहते हैं।

### आशीष मोरे से अपने .. ..

चला है कि पहले दिल्ली सरकार से दो दो हाथ करने का तेवर दिखा चुके आशीष मोरे अपनी पोस्ट छोड़ने के लिए तैयार हो गए और उन्होंने अपने तबादले की फाइल आगे बढ़ा दी है। आरोप है कि आदेश का पालन करने के बजाय मैसेज का जवाब नहीं दिया। नोट भी रिसीव नहीं किया। ऑफिस नहीं आए। उधर, दिल्ली सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया था कि गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सेवा विभाग अब दिल्ली सरकार के अधीन होगा। उसी दिन 3 बजे से सेवा सचिव आशीष मोरे गायब थे।

### पूर्वोत्तर के राज्यों में .. ..

के मुताबिक, सोमवार को आई तेज हवाओं ने 50 से अधिक गांवों को नुकसान पहुंचाया और कुल 5,749 लोग प्रभावित हुए। इस घटना के बावजूद कोई मौत दर्ज नहीं हुई। इसने दक्षिण-पूर्वी तट को काफी नुकसान पहुंचाया और निचले इलाकों में रहने वाले लगभग 500,000 लोगों को खाली करने के लिए मजबूर किया। कुल 236 घरों में से 27 पूरी तरह से तबाह हो गए, और 127 को आंशिक क्षति हुई। मौसम विभाग के अनुसार, मोचा 209 किलोमीटर (130 मील) प्रति घंटे की रफ्तार से हवा की गति के साथ सितवे टाउनशिप पहुंचा। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले पांच दिनों -मंगलवार (16 मई) से शनिवार (20 मई) के दौरान पूर्वोत्तर में वर्षा की भविष्यवाणी की है। भारत सरकार ने सभी पूर्वोत्तर पहाड़ी राज्यों को अलर्ट रहने को कहा है। उधर, पहाड़ में रहने वाले लोगों के लिए सरकार ने हाई अलर्ट जारी किया है। पहाड़ में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने के लिए कहां जाना है क्योंकि इससे भारी बारिश के कारण भूस्खलन हो सकता है।

### फसलों के बीच कोशिकाओं .. ..

ज्वार और बाजरा दुनिया भर के मनुष्यों और जानवरों के लिए भोजन प्रदान करते हैं। मकई और ज्वार प्राचीन रिश्तेदार हैं जो लगभग 12 मिलियन वर्ष पहले दो अलग-अलग प्रजातियों में विकसित हुए थे, और बाजरा एक अधिक दूर का रिश्तेदार है।

उनके साझा पूर्वज के बावजूद, फसलों में प्रमुख लक्षणों में पर्याप्त अंतर है - उदाहरण के लिए, मकई की तुलना में ज्वार सूखे के लिए कहीं अधिक सहिष्णु है, और पौधे अपनी जड़ों से अद्वितीय चिपचिपा पदार्थ छोड़ते हैं ताकि वे अपने आसपास की मिट्टी के साथ कैसे संपर्क कर सकें। एनवाईयू के जीव विज्ञान विभाग में पोस्टडॉक्टरल सहयोगी और अध्ययन के पहले लेखक ब्रूनो गुइलोटिन ने कहा, ये तीन फसलें समान हैं, वे एक-दूसरे से कैसे भिन्न हैं, यह महत्वपूर्ण है क्योंकि उनमें ऐसे गुण हैं जिन्हें हम एक से दूसरे में स्थानांतरित करना चाहते हैं, जैसे कि सूखा सहिष्णुता। उन्होंने तीनों फसलों में समान विशिष्ट कोशिकाओं की तुलना की। जड़ें सूखे और गर्मी के खिलाफ रक्षा की पहली पंक्ति हैं। एनवाईयू के जीव विज्ञान विभाग और जीनोमिक्स एंड सिस्टम्स बायोलॉजी सेंटर के एक प्रोफेसर और अध्ययन के वरिष्ठ लेखक केनेथ बिरनबाम ने कहा, आप जड़ को कई काम करने वाले भागों के साथ एक मशीन के रूप में सोच सकते हैं। इस मामले में, सेल प्रकार - तो यह जानना कि मशीन पानी इकट्ठा करने और सूखे से निपटने के लिए कैसे काम करती है। शोधकताओं ने पाया कि रूट स्लाइम बनाने में मदद करने वाले जीन मकई, ज्वार और बाजरा रूट के विभिन्न हिस्सों में स्थित थे। ज्वार में, कीचड़ जीन जड़ के बाहरी ऊतक में पाए गए थे, जबकि मकई में इन्हें रूट कैप में एक नए सेल प्रकार में बदल दिया गया था, एक विकासवादी परिवर्तन जो मकई को बैक्टीरिया को आकर्षित करने में सक्षम बनाता है जो पौधे को नाइट्रोजन प्राप्त करने में मदद करता है।

### अनेक बड़े अफसर .. ..

नागरिक और पुलिस प्रशासन के अधिकांश कुकी अधिकारियों ने अस्थायी छुट्टी ले ली है। उनमें से कई या तो पहाड़ी जिलों में अपने घर लौट आए हैं या मणिपुर को पूरी तरह छोड़ चुके हैं। इंफाल का पुराना सचिवालय, जहां से अधिकांश नौकरशाही कार्य करती है, वास्तव में कुकी अधिकारियों से खाली हो गया है। खुद ब्यूरोक्रेट्स भी मानते हैं कि नौकरशाही में ऐसा कभी नहीं देखा है। राज्य सरकार अगर अपने कुकी अधिकारियों को भी सुरक्षित महसूस नहीं करा सकते हैं ताकि वे वापस रहें, आम कुकी जनता की तो बात ही छोड़ दें। मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने की मांग का विरोध करने के लिए जनजातीय एकजुटता मार्च के बाद मई की शुरूआत में इम्फाल में हुई हिंसा में कुकी समुदाय के कई अधिकारियों के सरकारी क्वार्टरों पर हमला किया गया था। इनमें राज्य के सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पी। डौंगेल, अतिरिक्त डीजीपी क्ले खोंगसाई और मणिपुर सिविल सेवा के कई अन्य कुकी अधिकारियों के क्वार्टर शामिल हैं। दो वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के अनुसार, डोंगल और खोंगसाई के घरों के बाहर एक हिंसक भीड़ इकट्ठी हो गई थी। उन्होंने पत्थर फेंके, बाहर खड़े वाहनों को क्षतिग्रस्त किया और गेट को तोड़ने के लिए लोहे की छड़ों और लाठियों का इस्तेमाल कर जबरदस्ती परिसर में घुसने का प्रयास किया। जवाब में, परिसर में तैनात सुरक्षाकर्मियों को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए चेतावनी के तौर पर फायरिंग करनी पड़ी। इसके अतिरिक्त, हाल ही में पदोन्नत हुए एक अन्य आईपीएस अधिकारी के घर में आग लगा दी गई। बड़ी संख्या में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी - एसपी और उससे ऊपर के रैंक के - शहर छोड़ दिया है। इससे समाज में फैलायी गयी नफरत की आग का असर समझ में आता है।

## हाईकोर्ट में दलबदल मामले की सुनवाई अब 15 जून को



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः**अब दलबदल मामले से संबंधित मामले की विस्तृत सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में 15 जून को होगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने दो बिंदुओं पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तिथि निर्धारित की थी। जिनमे से एक बिंदु में कहा गया है कि यदि कोई राजनीतिक दल अगर विपक्ष के नेता के लिए किसी का नाम देता है तो विधानसभा स्पीकर क्या सिर्फ इस आधार पर इस मामले को लंबित रख सकते हैं कि उनके खिलाफ दलबदल का केस चल रहा है। दूसरे बिंदु में कोर्ट ने कहा है कि क्या हाईकोर्ट को पावर है कि वह विधानसभा अध्यक्ष को विपक्ष के नेता बनाने के लिए निर्देश दे सकता है। दरअसल, सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका, राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने एवं अन्य दलबदल मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई हो रही है। खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के लिए 15 जून की तिथि निर्धारित की है।

15 जून को दो बिंदुओं पर कोर्ट में होगी बहस

# झारखंड हाई कोर्ट में नेता प्रतिपक्ष के मुद्दे पर हुई सुनवाई



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** नेता प्रतिपक्ष के मुद्दे पर झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की बेंच में हुई आंशिक सुनवाई के बाद न्यायालय ने पूर्व में निर्धारित दो बिंदुओं पर सुनवाई 15 जून को निर्धारित की है। 15 जून को जिन दो बिंदुओं पर सुनवाई होगी उसमें पहला है कि न्यायालय के द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को नेता प्रतिपक्ष पर निर्णय लेने का निर्देश दिया जा सकता है या नहीं और दूसरा यह कि सर्वाधिक संख्या वाले किसी भी विरोधी दल के नेता को नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता है या नहीं।विधानसभा की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में पक्ष रख रहे अधिवक्ता अनिल कुमार ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को लेकर विधानसभा की ओर से पूर्व में जवाब दाखिल किया जा चुका है। न्यायालय ने पिछली सुनवाई में दो बिंदुओं को निर्धारित किया है। उसपर बहस 15 जून को होगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा की ओर से दाखिल जवाब में नेता प्रतिपक्ष को लेकर स्पीकर न्यायाधिकरण में चल रहे दल बदल मामले की सुनवाई का हवाला दिया गया है।बाबूलाल मरांडी पर लगे दलबदल मामले में स्पीकर न्यायाधिकरण में फैसला पिछले 8 महीनों से सुरक्षित। बाबूलाल मरांडी के ऊपर 2020 में दल बदल का आरोप लगाते हुए स्पीकर न्यायाधिकरण में चार याचिका दाखिल की गई थी, जिसकी सुनवाई पिछले साल सितंबर में पूरी करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। बाबूलाल मरांडी के उपर 10वीं अनुसूची का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए सर्वप्रथम राजकुमार यादव ने 16 दिसंबर 2020 को स्पीकर न्यायाधिकरण में याचिका दाखिल किया था। जिसका कांड संख्या 02/2020 है। उसी तरह भूषण तिर्की, दीपिका पांडे और प्रदीप यादव बंधु तिर्की ने भी याचिका दाखिल कर दल बदल का आरोप लगाया है।

अमित शाह पर टिप्पणी मामला में

## राहुल गांधी की याचिका पर एचसी में सुनवाई पूरी



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कथित रूप से टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वायनाड सांसद राहुल गांधी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब अदालत क्या फैसला सुनाता है यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा। इस केस के सूचक नवीन झा हैं। इससे पहले रांची सिविल कोर्ट द्वारा जारी नोटिस पर हाईकोर्ट रोक लगा चुका है।राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और अधिवक्ता दीपांकर राय ने पक्ष रखा। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुजनाथ की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। वहीं इस मामले के याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू ने पक्ष रखा। राहुल गांधी ने निचली अदालत द्वारा उनके खिलाफ लिये गये संज्ञान को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

कोर्ट इस मामले मे क्या आदेश देती है इसको लेकर कांग्रेस और बीजेपी दोना इंतजार कर रहें है इस मामले मे दोनों पक्षों को उम्मिद है कि उनके पक्ष मे ही निर्णय आयेगा। निर्णय किसी के भी पक्ष मे हो लेकिन इस की पुरी उम्मिमद है कि निर्णय आने के झारखंड की राजनीति का तापतान एक बार और बढ़ेगा।

### सुखदेव भगत के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक



**रांची:** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और लोहरदगा से विधायक रहे सुखदेव भगत को लोहरदगा में घेराव प्रदर्शन मामले में अंतरिम राहत मिली है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट ने सुखदेव भगत के अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ किसी भी प्रकार के पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में केस डायरी की मांग करते हुए सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की है। सुखदेव भगत के खिलाफ खिलाफ एक घेराव कार्यक्रम के दौरान सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप है। मामले में उनके खिलाफ लोहरदगा में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## जेल में छवि-प्रेम मुलाकात मामले मे बाबूलाल ने राज्य सरकार पर साधा निशाना



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः**होटवार जेल में आईएएस छवि रंजन और पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के मुलाकात मामले को लेकर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन निशाना साधा है। ट्विट करते हुए बाबूलाल ने कहा कि ईडी कैदी पंकज मिश्रा रिम्स से सरकार चलाता था। रात के अंधे में कई अधिकारी उससे मिलते थे। अब ईडी कैदी प्रेम प्रकाश और छवि रंजन ने आपस में मिलने के लिए जेल मैनुअल की ऐसी-तैसी करवा दी और मुख्यमंत्री को ये सब पता ही नहीं होता।बाबूलाल ने कहा कि अगर हेमंत सोरेन ने प्रेम प्रकाश के पसंद छवि रंजन को रांची का डीसी बनवाकर जमीन नहीं लुटवाया होता तो उन्हें आज यह दिन नहीं देखना पड़ता। मुख्यमंत्री पता करें, छवि अकेले नहीं हैं। राज्य के आधा दर्जन से ज्यादा आईएएस-आईपीएस दलाल प्रेम प्रकाश और अमित को झारखंड का गॉड फादर मानते थे। ऐसे अफसरों की दिन की शुरूआत ही प्रेम प्रकाश की जी हुजूरी करने के साथ होती थी।

**बैठक** रांची में बीजेपी कार्यसमिति की बैठक

# भाजपा मिशन 2024 के लिए तैयार कर रहा है रणनीति



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** बीजेपी प्रदेश कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक रांची के सरला बिरला स्कूल सभागार में हो रही है। दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी। इसके अलावा मिशन 2024 को लेकर पार्टी रणनीति बना रही है। दिनभर चलने वाली भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक काफी अहम मानी जा रही है।भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस बैठक में नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी और सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित हैं।बैठक में सरकार के पिछले 9 सालों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा होगी। इसके अलावा राज्य सरकार की विफलताओं पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में ये रणनीति बनाई जाएगी कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों को कैसे जीता जा सकता है। इसके लिए हर बूथ पर भाजपा का कमल खिले इसकी व्यापक तैयारी की जा रही है।हालांकि इन तैयारियों के बीच कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम से भाजपा को बड़ा झटका लगा है। इस हार ने 2024 के चुनाव को लेकर चिंता बढ़ा दी है। झारखंड में विपक्षी एकता की कवायद भी जोर पकड़ने लगी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात और उसके तुरंत बाद कर्नाटक चुनाव परिणाम की बधाई देने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पास पहुंचना राजनीतिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 सीटों में से भाजपा को 11, आजसू को 1 यानी एनडीए के खाते में 12 सीट आई थी। दो अन्य सीट चाईबासा और राजमहल कांग्रेस और झामुमो के खाते में गए थे। ऐसे में सभी सीटों पर कमल खिलाना बीजेपी के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। इन तमाम मुद्दों पर बीजेपी अपने प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में चर्चा करने जा रही है जिससे 2024 के चुनावी जंग को जीता जा सके।

# लापरवाही : कुल 1120 में अब तक 220 छात्रों को मिली किताबें

## विभाग की लापरवाही विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ रही है भारी

**अमरूल आलम खान**



**सुगौली,पू.च :** प्रखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों के सभी कक्षाओं में वितरण होने वाले पुस्तक उपलब्ध नही होना बिहार शिक्षा विभाग पर सीधा सवाल खड़ा कर रहा है।कक्षा प्रथम से आठवां तक किताब वितरण का काम शुरू करना था लेकिन विभाग की घोर लापरवाही ने मात्र छह कक्षा के छात्र छात्राओं को ही आधी अधूरी पुस्तक मुहैया करा पाई है।वही 1 मई से पुस्तक वितरण जारी है।बस प्रथम कक्षा व आठवां कक्षा के छात्र छात्राओं को अभी तक सिर्फ वर्ष की सेशन डायरी ही मुहैया कराई गई है।सेशन को 2 महीने होने जा रहे हैं लेकिन बाकी कक्षाओं के छात्र छात्राओं को पुस्तक नही मिलना विभाग और सरकार पर सीधा सवाल खड़ा कर रहा है।यह स्थिति प्रखंड के कई विधालयों की समस्या है।जहां सभी वर्ग के छात्रों को अभी तक किताबें नही मिल पायी है। इस खामियाजा विद्यालय के शिक्षकों को भी भुगतना पड़ रहा है।अभिभावक शिक्षकों से किताब की मांग कर रहे है और विभाग दे नही रहा है। जहां शिक्षकों की फजीहत भी हो रही है।इस बीच छात्रों का भविष्य भी चौपट हो रहा है।और सरकार की व्यवस्था की पोल भी खुल रही है। गौरतलब हो कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलवतिया हिन्दी की बात की जाए तो कुल छात्र छात्राएं 1120 है जिसमे छह कक्षाओं में 220 छात्र छात्राओं को ही विभाग द्वारा मिले पाठ्य पुस्तकें अभी तक मुहैया करा पाया गया है।900 छात्र छात्राऐ पाठ्य पुस्तकें से वंचित है।दुसरी तरफ ससमय पुस्तकें नही मिलना बच्चों के भविष्य से पुरा-पुरा विभाग खिलवाड़ नही तो और क्या कर रहा है। प्रधानाध्यापक रामबालक मांझी,शिक्षक मो.शाजिद,फिरोज आलाम,मो.मुगल-ए-आजम,मो.आबीद हुसैन,मो.सफीउल्लाह,राजकिशोर पासवान,शमीमा खातून,रेणु देवी,शहनाज बेगम ने बताया कि आऐ दिन पाठ्य पुस्तकें को लेकर छात्राओं के माता पिता से नोक-झोक होती रहती है।बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तकें का वितरण को लेकर पहले से ही तैयारी की गई थी।सभी बच्चों को पुस्तकें उपलब्ध कराना है।वही प्रथम कक्षा से आठवां कक्षा तक हमारे यहां छात्र छात्राएं हैं।लेकिन अभी तक कक्षा छह की पाठ्य पुस्तके उपलब्ध करायी गई है।सत्र शुरू होने को दो महीने होने को जा रहा है लेकिन अभी तक अधिकांश कक्षाओं के बच्चों की पाठ्य पुस्तकें अब तक नहीं आई है।बच्चों को पैसे के बदले किताब देने का विभाग ने निर्णय तो लिया है।किताब देने के बदले विद्यार्थियों को पैसे देने की योजना कारगर नहीं होने कारण सरकार को यह फैसला लेनी पड़ी।लेकिन इस तरह की समस्या को देख सफल कारगर नही हो पाया है।खैर फिर भी स्थिति अगर इसी तरह चलता रहा तो छात्र छात्राओं के भविष्य चौपट हो जाएंगा।छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आखिर जिम्मेवार कौन होगा।क्या बच्चे एक वर्षों में अच्छी तरह शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे।यह सबसे बड़ा सवाल है।इस संदर्भ में पत्रकार द्वारा पुछे जाने पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामविजय यादव ने बताया कि प्रखंड में मीडिल प्राइमरी विद्यालय कुल 141 है जिसमें पाचवां व छह कक्षा के छात्रों का पाठ्य पुस्तकें आई है जिसमें कुल 80 प्रतिशत छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तकें विरण हो चुकी है बाकी दो दिनो के अंदर पुरी कर ली जाएगी। श्री यादव ने कहा कि जैसे-जैसे कक्षा की पाठय पुस्तके आएगी विद्यालय को भेजा जाएगा।इस बाबत जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि बिहार में पांच जिले ऐसे है जिनमें पुस्तकें देरी से मिलने की सूचना थी जिसमें एक पूर्वी चंपारण भी है विभाग जल्द मुहैया कराने में लगी है।जल्द ही सभी विद्यालय को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करा दी जाएंगी।

## आग से बाल-बाल बचा बगहा दो प्रखंड कार्यालय, तीन कर्मियों का क्वार्टर जला

**बगहा :** बगहा-2 प्रखंड परिसर में लगी आग से अफरा तफरी मच गई। आग के बाद आवासीय परिसर में रखें रसोई गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया । जिसके बाद आग ने विकराल रूप ले लिया । आग लगे कि इस घटना में तीन घर जलकर खाक हो गया। हालांकि संयोग अच्छा था कि आग की लपटें प्रखंड कार्यालय तक नहीं पहुंची। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने नगर परिषद प्रशासन के साथ मिलकर आग पर काबू पा लिया। इस घटना में प्रखंड के कर्मी शेफायद हुसैन, संदीप कुमार और मुन्ना यादव का क्वार्टर बिल्कुल जल गया है।

दरअसल जिस जगह पर आग लगी है। वह प्रखंड कार्यालय में परिसर में स्थित है। जिस सरकारी क्वार्टर में आग लगी थी । उससे चंद कदमों की दूरी पर कौशल विकास केंद्र, शहरी पीएससी, उसके दीवाल से सटे पशु चिकित्सालय, प्रखंड कार्यालय के साथ अंचल कार्यालय स्थित है। आग लगने के बाद प्रखंड में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि स्थानीय लोगों और फायर ब्रिगेड के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका है। अगर आग फैलती तो भारी नुकसान हो जाता। हालांकि आग कैसे लगी है इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## पल्स पोलियो प्रोग्राम के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**मधुबनी :** पीएचसी में आगामी पल्स पोलियों अभियान को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रविंद्र कुमार मिश्रा व डॉ आनंद कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी 28 मई से राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियों अभियान का आगाज हो रहा है। जिसको लेकर आशा फैसिलिटेटर, नर्स,सेविका, सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्रभारी के द्वारा दी गई। डोर टू डोर पोलियो की खुराक शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को देना है। एक भी बच्चा खुराक से बंचित नहीं रहना चाहिए। जो बच्चे घर से बाहर चले गए थे उनके घर पर निशाना लगा दे । अभियान में लापरवाही करने वाले पर कार्रवाई किया जाएगा। हर हाल में अभियान को सफल बनाना है। आंगनबाड़ी केंद्र पर बुखार की दवा और ओआरएस पाउडर मुहैया कराई गई है। दूसरे प्रदेश से आने वाले लोगों पर नजर रखे । कोरोना का लक्षण मिलने पर सूचना पीएचसी को दें ।

# मुख्य पार्षद पद के लिए चार प्रत्याशियों ने नामनिर्देशन पत्र दाखिल किया

## मनीष आलम, दीपक कुमार, बबलू कुमार गुप्ता एवं अखिलेश राज ने नामांकन पत्र भरा

**राष्ट्रीय खबर**









**नरकटियागंज :** नगर परिषद के सभापति (मुख्य पार्षद) पद का चुनाव प्रत्याशी राजेश श्रीवास्तव हत्या उपरांत स्थगित हो गया। मुख्य पार्षद चुनाव की प्रक्रिया अब प्रारम्भ हो गई है। उसी क्रम में नगर परिषद क्षेत्र के अखिलेश राज, मुनीर आलम उर्फ मनीष आलम, दीपक आर्य व बबलू गुप्ता ने अपनी अपनी नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। इस बाबत निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि मंगलवार को चार प्रत्याशियों ने मुख्य पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ प्रत्याशियों की सरगर्मी तेज होती नजर आ रही है। सभी अपने अपने वोटरों को पूरे दमखम के साथ लुभाने में लगे हुए हैं। मुख्य पार्षद प्रत्याशी अखिलेश राज ने कहा कि नगर परिषद को आदर्श नगर बनाने की कोशिश करुंगा तथा नगर की जनता के साथ हर पल खड़ा रहूंगा चाहे कोई भी समस्या हो। प्रत्याशी दीपक आर्य ने बताया कि नगर में समस्याओं का अंबार है, अगर मेरी जीत होती है, तो मैं एक एक समस्या का निपटारा करूँगा और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। प्रत्याशी मनीर आलम उर्फ मनीष आलम ने नामांकन के पूर्व हिन्दू (सनातन संस्कृति) रीति रिवाज (मंत्रोचार) के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि सबसे पहला मेरा धर्म समाज की सेवा करना है, जो हमेशा करता रहा हूँ, यह सभी जानते हैं, लेकिन यदि जनता ने मुझे चुना और मेरी जीत हुई तो नगर परिषद क्षेत्र के अंदर एक भी समस्या नजर नहीं आएगी। बबलू कुमार गुप्ता ने कहा कि नगरवासियों को भयभीत करने वालो को संन्यासी की चेतावनी है, शहर का वातावरण शांत बनाकर प्रगति देना लक्ष्य है।

## ईशु यादव को प्रदेश महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**राष्ट्रीय खबर**

**हवेली खड़गपुरः** मुंगेर जिला छात्र राजद ईशु यादव को प्रदेश महासचिव का जिम्मेवारी दी गईक पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव के करीबी रहने और पार्टी के जनाधार बढ़ाने में कामयाब रहे ईशु यादव के दल के प्रति प्रतिबद्धता और सांगठनिक क्षमता को देखते हुए उन्हें प्रदेश महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। राजद जिला अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ शर्मा ने कहा कि ईशु यादव की अगुवाई में छात्रों एवं युवाओं का झुकाव राजद की ओर बढ़ा है। उनके सांगठनिक कौशल से पार्टी के जनाधार में व्यापक स्तर पर वृद्धि हुई है। मुंगेर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अविनाश कुमार विद्यार्थी उर्फ मुकेश यादव ने कहा कि छात्र हितों को लेकर समय-समय पर आंदोलन के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छात्र राजद के तेज तर्रार नेता ईशु यादव पर एक बार फिर छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव ने छात्र राजद के प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। नगर के पश्चिम आजिमगंज निवासी ईशु यादव को चार बार जिला छात्र राजद अध्यक्ष की कमान दी गई थी। मनोनयन पत्र में प्रदेश छात्र राजद अध्यक्ष गगन यादव ने ईशु यादव को मुंगेर जिले में छात्रों के साथ हो रहे विभिन्न प्रकार की समस्याओं के बारे में भी बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने के साथ जिला इकाई को और भी मजबूत करने के निर्देश दिए है। प्रदेश महासचिव के पद पर ईशु यादव पर ही उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव द्वारा भरोसा जताने पर छात्रों में विशेष खुशी और हर्ष देखा जा रहा है। छात्र राजद का प्रदेश महासचिव मनोनीत किए जाने पर ईशु ने बताया कि जिले में विभिन्न महाविद्यालय में शिक्षकों की समस्या व संसाधनों का अभाव से छात्र काफी परेशान हैं।

## निशिकांत बने आदर्श पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव

**मुंगेरः** आदर्श पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार चतुवेर्दी ने निशिकांत राय को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। निशिकांत राय जिले के सुभाष नगर के रहने वाले है। श्री राय ने कहा कि आदर्श पत्रकार संघ क्रांतिकारी पत्रकारों का एक ऐसा संगठन है जो पत्रकार सुरक्षा, हित, संरक्षण के लिए सरकारी व्यवस्था से जंग लड़ रही है, और देश के अलग-अलग राज्यों के पत्रकार संगठन से जुड़ कर पत्रकार सुरक्षा अधिनियम कानून को लागू कराने के लिए संघर्षरत है। आगे आने वाले दिनों में पत्रकारों के लिए यह संगठन मील का पत्थर साबित होगा। इंडियन पंच से अपने पत्रकारिता की शुरूआत करने वाले श्री निशिकांत डा. जाकिर हुसैन संस्थान मुंगेर शाखा के प्रबंध निदेशक भी हैं।

## राष्ट्रीय ड़ेंगू दिवस पर स्वयंसेवक ने किया ग्रामीणों को जागरूक

**सुगौली,पू.चः** प्रखण्ड के रामपुर,धर्मपुर,टिकुलिया सहित अन्य क्षेत्रों में सामाजिक कार्यकर्ता सह स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा 16 मई को हर साल मनाएं जाने वाले राष्ट्रीय ड़ेंगू रोकथाम दिवस के अवसर पर जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में डेंगू एक महामारी है। इसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहा जाता है। इससे पीड़ित मरीज के खून में डेंगू वायरस बहुत ज्यादा मात्रा में होता है। रोकथाम के लिए उन्होंने कहा कि अपने घरो के आस पास पानी का जमाव नही होने दे अपने आसपास के स्थानों को साफ सुथरा रखें, प्रतिदिन स्नान करें, रात को सोते वक्त मच्छरदानी का प्रयोग करें।इसके साथ ही उन्होंने सभी से नशा का त्याग करने व शराब उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में अपने थानाध्यक्ष का सहयोग करने की अपील की। मौके पर समाजसेवी रोहित रंजन सिंह, पीएलवी नीतु कुमारी सर्राफ, टिकाकर्मी रणधीर कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# ठाड़ी प्राथमिक विद्यालय पर लगे विकास शिविर का डीएम ने किया निरीक्षण

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहाः** बगहा दो प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय ठाड़ी में मंगलवार के दिन विकास शिविर का आयोजन किया गया। जिसका निरीक्षण डीएम दिनेश कुमार राय के द्वारा किया गया । विकास शिविर में सभी विभागों के अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे । वहीं किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए एक पुछ ताछ काउंटर भी बनाया गया था । विकास शिविर में पेंशन, आवास,वाल विकास,जाति,आय,निवास, राजस्व, मनरेगा, आपूर्ति एवं स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभागों का अलग अलग काउंटर लगाए गए थे । जिसपर उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों के द्वारा अधिकांश मामलों का आन द स्पॉट निराकरण कर दिया गया । वही कुछ मामलों का निष्पादन नहीं किया गया । उनका भी निराकरण जल्द करने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया । वही स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच और दवा वितरण तथा आउटरीच मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की 21 मई को अपने दो दिवसीय दौरे पर वाल्मीकिनगर आने की संभावना हैं । राज्यपाल द्वारा इस दौरान सरकार के द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का भी जायजा लेंगे । साथ ही वाल्मीकिनगर में पर्यटन के दृष्टिकोण से कराए गए कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे । माननीय राज्यपाल के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा है । कहीं भी कोई कमी दिखती है । उसको तुरंत दुरूस्त करने का प्रयास किया जा रहा है । प्राथमिक विद्यालय ठाड़ी पर लगाए गए विकास शिविर का उद्देश्य एक यह भी है । जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के साथ डीडीसी बेतिया, अनुमंडल पदाधिकारी बगहा अनूपमा सिंह ,बगहा पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव ,बगहा बीडीओ जयराम चौरसिया ,सीओ दीपक कुमार सहित सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने महाबोधि मंदिर में महात्मा बुद्ध को किया नमन

## बोधि वृक्ष की छांव तले वज्रासन में ध्यान मग्न होकर की साधना

### शंकराचार्य मठ में संग्रहालय का किया लोकार्पण

**राष्ट्रीय खबर**



**बोधगया :** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर मंगलवार को धर्म संस्कृति संगम के द्वारा आयोजित चीवरदान समारोह में शामिल होने सड़क मार्ग से बोधगया पहुंचे। इनके आगमन पर मगध प्रमंडल के आयुक्त मयंक बरबड़े, जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने महामहिम राज्यपाल को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद बोधगया के आईबी भवन परिसर में सुरक्षाकर्मियों ने राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर ले जाया गया, उन्होंने गर्भ गृह में स्थित भगवान बुद्ध के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान महाबोधि मंदिर के भिक्षुगण ने सूत पाठ किया। इस बीच उन्होंने गर्भ गृह में स्थित शिवलिंग की भी पूजा की। सनातन परंपरानुसार ब्राह्मणों ने पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा कराया। इनके साथ पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश जी थे। राज्यपाल ने महाबोधि मंदिर का परिभ्रमण कर कुछ पल पवित्र बोधि वृक्ष की छांव तले वज्रासन के समक्ष ध्यान मग्न होकर साधना की। उन्होंने मंदिर के पुरातात्विक एवं वास्तुकला को निहारते हुए बोधि वृक्ष को देखकर इतिहास की जानकारी ली। मौके पर महाबोधि मंदिर प्रबंधन समिति के पदेन अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एस एम, वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती,सदर एसडीओ राजेश कुमार, नगर पुलिस उपाधीक्षक पारसनाथ साहू, राज्यपाल के ओएसडी, महाबोधि मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के सचिव एन दोरजे, सदस्य अरविंद कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।इस दौरान प्रशासन के कई वरीय अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। इनके आगमन को लेकर मंदिर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात दिखे।राज्यपाल के आगमन को लेकर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई थी। राज्यपाल अति प्राचीन शंकराचार्य मठ पहुंचे, जहां वे शक्ति स्वरूपा माता अन्नपूर्णा की पूजा- अर्चना कर मठ में विराजमान अन्य देवी देवताओं का दर्शन पूजन किया। काशी से पधारे ब्राह्मणों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा कराई। उन्होंने शंकराचार्य मठ में स्थित पुस्तकालय के दुर्लभ साहित्य, पुस्तकें, भित्ति चित्र, पांडुलिपियों और बौद्ध मूर्त शिल्प का अवलोकन भी किया। उन्होंने मठ परिसर में नवनिर्मित संग्रहालय का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान शंकराचार्य मठ के महंत सुदर्शन गिरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इंद्रेश जी मगध विश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही, जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के प्रो वाइस चांसलर प्रो लक्ष्मी नारायण सिंह, गया कॉलेज गया के प्राचार्य डॉ दीपक कुमार, ए एम कॉलेज के प्राचार्य प्रो शैलज कुमार श्रीवास्तव, जगजीवन कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्येंद्र प्रजापति, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू,होटल एसोसिएशन के संजय सिंह, भाजपा नेता संतोष सिंह, विश्व हिंदू परिषद के प्रेमनाथ तैया सहित कई अन्य नेता और शंकराचार्य मठ के पुजारी उपस्थित थे।

# आठ जिलो के लिए होगी अग्निवीर भर्ती रैली

## जगह जगह पुलिस रहेगा तैनात

**राष्ट्रीय खबर**

**मुजफ्फरपुरः** जिले के चक्कर मैदान क्षेत्र स्थित आर्मी भर्ती केंद्र के तत्वावधान मे आगामी 16 से 28 जून तक मुजफ्फरपुर समेत आठ जिलों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली होगी। लिखित परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों की इस भर्ती रैली में शरीरिक दक्षता जांची जाएगी। दौड़, लॉन्ग जंप, हाइ जंप, बीम, जिग-जैग आदि कई तरह की शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जाएगी।भर्ती रैली में मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के अभ्यर्थी शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक प्रत्येक दिन छह हजार अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। सूत्रो के मुताबिक अग्निवीर भर्ती रैली के लिए जरूरी संसाधन जुटाने, रन ट्रैक, बैरेकेडिंग आदि निर्माण के लिए 17 मई को आर्मी निदेशक की टीम के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी की बैठक करेंगे।भर्ती रैली के कार्यालय गतिविधियों के लिए 200 फीट लंबा और 180 फीट चौड़ा पंडाल बनना है। 40 फीट लंबा और 30 फीट चौड़ा पंडाल मेडिकल जांच के लिए बनेगा। इसी तरह चेंजिंग रूम, भर्ती रैली पर नजर रखने के लिए एसआरएमओ स्टेज और वीआईपी के लिए दूसरा स्टेज इस तरह भर्ती रैली के लिए अलग-अलग कई पंडालों का निर्माण कराया जाएगा। 15000 फीट लंबा व सात फीट ऊंचा बैरेकेडिंग कराया जाएगा। चार चलंत शौचालय, पानी का टैंकर समेत अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। वही,भर्ती रैली के दौरान मुजफ्फरपुर जंक्शन से लेकर चक्कर मैदान तक निर्धारित जगहों पर पुलिस की तैनाती होगी। चक्कर मैदान के दक्षिण फायरिंग रेंज के पास लगभग 2 दर्जन सशस्त्र समेत करीब 4 दर्जन लाठी धारी पुलिस, प्रभात तारा, सर्किट हाउस, इसीएचसी, चक्कर मैदान के पूरब एटीएम के पास, माड़ीपुर चौक, चक्कर चौक, बटलर चौक, रेलवे स्टेशन समेत सरकारी बस स्टैंड में भी पुलिस के जवानों की तैनाती की जाएगी। बताते चले कि भर्ती रैली में हर दिन छह हजार अभ्यर्थियों के आने की संभावना के मद्देनजर उन्हें सेना की ओर से बिस्किट और जूस देने का इंतजाम किया जाएगा।

## शहर >> अपडेट

### जिला टॉपर हर्ष को किया गया सम्मानित

**पतरातू :** सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में रामगढ़ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हर्ष कुमार को क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवम शिक्षाविदो के द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया और उसके उज्जवल भविष्य की उसे मंगल शुभकामनाएं दिया। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से समाजसेवी सुजीत कुमार पटेल,शिक्षाविद वारिस खान राकेश कुमार समाजसेवी नीरज झा सहित शामिल रहे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### अपना खेत, अपना दाना, पेट काटकर नहीं देंगे खजानाह्व का नारा दिया था शहीद चानकु महतो : सुधीर मंगलेश

**दुलमी :** दुलमी प्रखंड के कुल्ही में शहीद चानकु महतो का शहादत दिवस पर उनके चित्र पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि ह्लअपना खेत, अपना दाना, पेट काटकर नहीं देंगे खजानाह्व के नारे के साथ चानकु महतो ने अंग्रेजी शासन की नींव हिलाई थी। चानकु महतो हुल विद्रोह के नायकों में शामिल थे। साथ-साथ हजारों की संख्या में जनजातीय व स्थानीय समुदाय के लोग युद्ध में शामिल हुए थे। वहीं चानकु महतो को गिरफ्तार कर लिया। अंग्रेजी हुकूमत ने सन 1856 के 15 मई को गोड्डा जिसे ऐजेंट के नाम से जाना जाता था, उसकी राजकचहरी के बगल में कझिया नदी के निकट पेड़ से लटका कर फांसी दे दी थी। उनका जन्म रंगमटिया गांव में ही 9 फरवरी 1816 ई में हुआ था। चानकु महतो रंगमटिया के प्रधान व परगणैत हुआ करते थे। पिता कारु महतो व माता बड़की महताइन के दो पुत्रों में वे बड़े थे। आदिवासियों के स्वशासन व्यवस्था को अंग्रेजों ने जब आहत करना शुरू किया तो संताल में विद्रोह की ज्वाला भड़की। अंग्रेजों की दमनकारी नीति के खिलाफ आवाज बुलंद किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कोदवे, रोयांग में मंडा पूजा का आयोजन 26 मई को

**गिद्दी :** कोदवे गाँव में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रामप्रसाद सिंह ने किया। जबकि संचालन मिठु महतो द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मंडा पूजा पूजा आगामी 26मई को मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्य समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रामप्रसाद सिंह, सचिव गुलचंद महतो तथा कोषाध्यक्ष केतर महतो को बनाया गया है। जबकि संरक्षक मिठु महतो एवं श्यामदेव महतो,कौशल महतो,हरिनाथ महतो, कालेश्वर महतो, बृजनंदन महतो,जानकी चौधरी, सुदय कुमार महतो, मोहनलाल महतो, फुलचंद महतो, मुखलाल महतो,जयलाल महतो, सुरेश महतो, विजय सिंह, लालदेव महतो, सुखदेव, प्रेमचंद महतो, बालेश्वर महतो, खेमलाल कुमार एवं प्रदीप महतो को कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। आगामी 26 मई को कोदवे,रोयांग में मंडा पूजा लगाने का निर्णय लिया गया है।सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत खरसांवा के प्रभात कुमार महतो एवं पुरुलिया के सुनिता महतो छऊ नृत्य की टीम द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### प्रदुषण को लेकर स्थानीय पंचायत समिति स्थानीय लोग बैठे अनशन पर

**बेरमो :** पंचायत प्रदुषण मुक्त हो, के सवाल पर बोकारो थर्मल के डीबीसी एस पाउंड में गोबिंदपुर ए पंचायत के पंचायत समिति सदस्य व वहाँ के स्थानीय लोगों ने आज से आमरण अनशन पर बैठ गये। लोगों का आरोप है की डीबीसी जब से एस पौंड स्थापित की है तब से इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को काफी परेशानीयाँ उड़ती छाई से होती है, दो तीन किलोमीटर दूर तक छाई उड़ती नजर आती है,खासकर बच्चों को पठन पाठन में काफी परेशानी होती है,अगल बगल गाँव के लोगों के घरों में उड़ती छाई कण घरों में घुस जाती है।

**चुनौती** — पॉवर प्लांट में कीमती केबुल काटे जाने की सूचना स्थानीय पुलिस सहित क्षेत्र के सुरक्षा प्रभारी को दी गयी

# चोर खुलेआम दे रहे हैं प्रशासन को चुनौती

- सूचना पाकर पुलिस टीम और सुरक्षा बलों ने एकसाथ सीपीपी जाकर दबीश दी
- थक हारकर जांच टीम अर्ध रात्रि के बाद टीम खाली हांथ वापस लौट गयी
- उक्त चोरी के केबुल तार को ट्रक क्रमांक-खल11ए/7212 में लोड किया गया है



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल में इनदिनों चोरो की बल्ले बल्ले है। यहां चोर खुलेआम पुलिस प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। ऐसा जान पड़ता है कि इन चोरो के सामने बोकारो पुलिस पुरी तरह बौनी साबित हो रही है।

यह हम नहीं बल्कि तस्वीर खुद बयां कर रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 14 मई की रात्रि चोरो द्वारा बोकारो जिला के सीसीएल कथारा क्षेत्र के बंद कैप्टिव पॉवर प्लांट में कीमती केबुल काटे जाने की सूचना स्थानीय पुलिस सहित क्षेत्र के सुरक्षा प्रभारी को दी गयी। सूचना पाकर पुलिस टीम और सुरक्षा बलों ने एकसाथ सीपीपी जाकर दबीश दी। लाख कोशिशों के बाद भी सुरक्षा टीम को प्लांट तथा उसके आसपास चोरो की हरकतों की भनक तक नहीं लगा। थक हारकर जांच टीम अर्ध रात्रि के बाद टीम खाली हांथ वापस लौट गयी। इसकी तस्दीक कथारा ओपी पुलिस सहित क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी एसके गुप्ता ने भी की है।सूत्र बताते हैं कि चोरो द्वारा सुरक्षा टीम को धता बताते हुए सीपीपी में चोरी की बारदात को अंजाम देते हुए बड़े पैमाने पर वहां से कीमती केबुल काटकर दूसरे दिन 15 मई को दामोदर नदी पार पेटरवार थाना (तेनुघाट ओपी) के चाँपी की जंगल में दिन के उजाले में उक्त केबुल को छिलकर तार जिसमें अलम्युनियम तथा तांबा दोनों शामिल था को छोटा ट्रक में डालकर बाहर भेजने में सफल रहे।सूत्र दावा करते हैं कि उक्त चोरी के केबुल तार को ट्रक क्रमांक-खल11ए/7212 में लोड किया गया है।

सूत्र बताते हैं कि चोरो द्वारा सीपीपी से चोरी गया उक्त केबुल तार लगभग पांच क्विंटल से अधिक रहा होगा।खास यह कि इतनी बड़ी चोरी की बारदात को अंजाम दिया गया और सुरक्षा टीम सहित पुलिस बल की सक्रियता के बाद भी चोर उक्त घटना को अंजाम देने में यदि सफल हुए हैं तो निश्चित हीं मामले में कुछ तो झोल है। जिसकी जांच आवश्यक है। इस संबंध में बेरमो के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सतीश चंद्र झा ने बताया कि बीते 14 मई की रात्रि सूचना के बाद उनके निर्देश पर गोमियां, बोकारो थर्मल थाना तथा कथारा ओपी पुलिस द्वारा दबीश दिया गया।

पुलिस द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी चोरो के किसी भी हरकत की जानकारी नहीं मिलने के कारण पुलिस टीम वापस लौट गयी। एसडीपीओ के अनुसार यह केवल पुलिस को बदनाम करने की साजिश है।उन्होंने कहा कि इसके बाद भी पुलिस मामले की जांच कर रही है। वही कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि सूचना के निशानदेही के बाद उक्त स्थल पर सुरक्षा टीम व पुलिस पहुंची। टीम द्वारा घंटो खोजबीन के बाद भी कोई नहीं मिला। इस संबंध में क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने कहा कि यह घटना चिंतनीय है। चोर आयेदिन घटना को अंजाम देकर कोयला तथा लोहा चोरी कर रहे हैं।

## लोगों के कार्य त्वरित निष्पादन के लिए अनुमंडल प्रशासन सदैव तत्पर हैं : एसडीओ

**बेरमो /गोमिया :** बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने कहा कि अनुमंडल स्तर पर आमलोगों का कोई भी कार्य त्वरित निष्पादन के लिए अनुमंडल प्रशासन सदैव तत्पर हैं। वहीं लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी ससमय दिया जा रहा है। एसडीओ अनंत कुमार सोमवार को तेनुघाट स्थित अपने आवासीय कार्यालय में उक्त बातें पत्रकारों से कही। एसडीओ ने कहा कि बेरमो अनुमंडल में पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण आदि पर अनुमंडल प्रशासन गंभीर है और इसका लाभ आमलोगों को दिलाया जा रहा है। कहा कि गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत न हो, इसके लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया है कि गर्मी में क्षेत्र के लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान न होना पड़े। इसके लिए विभाग द्वारा सभी उपाय किये जाय और संबंधित जलमीनार से होने वाले पानी सप्लाई को दुरुस्त किया जाय। इसी प्रकार जहाँ भी चापाकलों की खराब होने की शिकायत मिले तो उसे अविलंब मरम्मत कराई जाय। इसी प्रकार क्षेत्र में नियमित बिजली सप्लाई हो, इस बारे में भी संबंधित कार्यपालक अभियंता को कहा गया है और उपभोक्ताओं द्वारा ज्यादा मीटर रीडिंग करने की शिकायत व समय पर बिजली बिल उपलब्ध न होने की शिकायत को अविलंब दूर किया जाय। इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में भी संबधित पदाधिकारियों से कहा गया है कि विद्यार्थियों को स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए कार्य करना है। वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सरकारी अस्पतालों को दुरुस्त किया गया है। कहा कि बेरमो अनुमंडल में पर्यावरण की समस्या को देखते हुए संबंधित विभागों से कहा गया है कि जिस सड़क पर ट्रकों द्वारा खनिज संपदा ले जाया जाता है, उन सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाय और ट्रकों में तिरपाल ढंककर ले जाया जाय। जिससे लोगों को पर्यावरण से बचाव हो सके। इसी प्रकार आमलोगों की अन्य समस्याओं के प्रति भी अनुमंडल प्रशासन गंभीर है और उसका समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं के बीच सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो/ललपनिया :** गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत भवन के सभागार में नेशनल बोर्ड ऑफ कम्प्यूटर एजुकेशन (एनबीसीइ) के द्वारा कम्प्यूटर में प्रशिक्षण प्राप्त छात्र-छात्राओं के बीच में सर्टिफिकेट वितरणका आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होसिर पश्चिमी पंचायत की मुखिया पार्वती देवी, साड़म पश्चिमी पंचायत के मुखिया सोभा देवी, होसिर पूर्वी मुखिया सावित्री देवी, पंसस गीता देवी ने संयुक्तरूप से एडीईटी कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त लक्ष्मी कुमारी प्रथम, जिज्ञासा कुमारी द्वितीय तथा विकास प्रजापति तृतीय वही एडीसीए कोर्स प्रशिक्षण प्राप्त सीखा कुमारी प्रथम, संजना कुमारी द्वितीय एवं अंशु कुमार तृतीय तथा उपस्थित अन्य 49 छात्र छात्राओं के बीच सर्टिफिकेट वितरणकर बच्चो की उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने एनबीसीई पदाधिकारियो को धन्यवाद देते हुए कम्प्यूटर शिक्षा की वर्तमान शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। कहा आने वाले दिनों में इस शिक्षा के बिना सब कुछ अधूरा रह जायेगा। आज भी जिसने इस विधा में पारंगता हासिल की है, वह कभी भी रोजगार का मोहताज नहीं होता।वही एनबीसीई के डायरेक्टर मुकेश प्रजापति ने कहा हमारी एनबीसीई संस्था छात्र -छात्राओं को कंप्यूटर की शिक्षा को देकर आत्मनिर्भर बनानेका कार्य कर रही है, और आजके दौर में कंप्यूटर की ज्ञान प्राप्तकर आत्मनिर्भर हो रहे हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर अभ्यर्थी उज्जवल भविष्य व एक अच्छीनौकरी पासकते हैं। कार्यक्रम उपरांत एनबीसीई के डायरेक्टर श्री प्रजापति ने मुख्य अतिथियों को जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में देवेन्द्र कुमार, राज कुमार समेत भारी संख्या में छात्र छात्राएं एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

## सीआईएसफ बी कंपनी के इंस्पेक्टर की हार्ट अटेक से निधन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के अमलो परियोजना मे सीआईएसएफ इ कंपनी मे इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत 45 वर्षीय रामअवतार मीणा का मंगलवार को हार्ट अटेक होने से मौत हो गई। सुबह 9,30 बजे अचानक तबीयत खराब होने पर केन्द्रीय अस्पताल ढोरी लाया गया। जहा चिकित्सक डॉक्टर राहुल रंजन ने देखते ही मृत घोषित किया। डॉ राहुल रंजन ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से इसकी सूचना बेरमो थाना को दे दी गई है। सूचना मिलते ही सीआईएसएफ और सीसीएल सुरक्षा प्रहरी काफी संख्या में अस्पताल पहुंच गए। मृतक राजस्थान के बताए जाते हैं, लेकिन अभी फिलहाल दिल्ली मे इनका पूरा परिवार रहते है।

महायज्ञ से ना सिर्फ हिंदू धर्म की परंपरा को बल मिलता है बल्कि वातावरण भी शुद्ध होता है

# भगवान शिव सर्वव्यापी सर्वज्ञ और प्रेम के प्रतीक है : अंजना किशोरी



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** जैनामोर टाड़बालीडीह नियर टोल प्लाजा के निकट चल रहे श्री श्री 108 पंच दिवसीय रूद्र महायज्ञ महोत्सव में पहुंचे अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने में फीता काटकर तथा आरती कर शुभारंभ किया उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्ति में हो गया है तथा महायज्ञ से ना सिर्फ हिंदू धर्म की परंपरा को बल मिलता है बल्कि वातावरण भी शुद्ध होता है साथ ही कहा कि रुद्र महायज्ञ फल तत्काल मिलता है, तथा कमेटी के लोगों द्वारा श्री अग्रवाल को अंग वस्त्र भेंट की, वही चल रहे पंच दिवसीय संगीतमय कथा महायज्ञ सुभारंभ के पश्चात वृंदावन से पधारी सुविख्यात प्रवक्ता बाल विदुषी अंजलि किशोरी जी ने भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान शिव सर्वव्यापी सर्वज्ञ और प्रेम के प्रतीक है, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहन मुर्मू, दिलीप कुमार सिंह, विजय कपिलधार, इस प्रसाद सिंह, विजय सिंह, मो फिरोज, अशोक यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र जीएम से किया मुलाकात



**बेरमो/गोमिया :** बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष चितरंजन साव मंगलवार को सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता से मुलाकात किया। इस क्रम में क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। जिप अध्यक्ष ने स्वांग उत्तरी पंचायत व झिरकी में बिजली के तार व पानी की समस्याओं से महाप्रबंधक को अवगत कराकर इसे शीघ्र ही दुरुस्त करने की मांग की। वहीं सीएसआर मद से क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं पर कार्य करने की बात कही गई। उन्होंने आउटसोर्सिंग कंपनी में लोकल लोगों को प्राथमिकता के साथ रोजगार देने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि जितने भी आउटसोर्सिंग कंपनी हैं, वह अधिकतर बाहरी लोगों को रोजगार देती है। इसके अलावा यहां के लोकल हाईवा ऑनर को काम नहीं मिल रहा है। यहां विस्थापितों को नजर अंदाज किया जाता है। ऐसी परिस्थिति में सारे ट्रांसपोर्टिंग बंद कर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।जीएम ने मांगो पर सकारात्मक कार्य करने की बात कही। मौके पर जिला परिषद कथारा क्षेत्र प्रतिनिधि रोहित यादव, विशाल चौहान,अमन कुमार, जुनेद जमाली, आशिक अंसारी, जाहिद अंसारी, बबलू रहमान आदि लोग मौजूद थे।

## श्री श्री 108 पंच दिवसीय रुद्र महायज्ञ महोत्सव में शामिल हुई समाजसेवी डॉ रविंद्र उषा सिंह



- यज्ञ कमेटी के लोगो ने अंग वस्त्र ओढ़ाकर समाजसेवी का किया स्वागत

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बेरमो विधानसभा अंतर्गत जरीडीह प्रखंड के टांडबालीडीह पंचायत में श्री श्री 108 पंच दिवसीय रुद्र महायज्ञ महोत्सव एवं शिव लिंग प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के कार्यक्रम में डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन सह समाजसेवी डॉ उषा सिंह उपस्थित होकर कमेटी के लोगो मे उत्साह बढ़ाया। जबकि मंदिर कमेटी के सदस्यों के द्वारा समाजसेवी डॉ उषा सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं समाजसेवी डॉ उषा सिंह ने व्यास पीठ पर बैठे कथा वाचिका को अंग वस्त्र देकर उनके चरण स्पर्श की।

मौके पर इस धार्मिक कार्यक्रम के संबोधन किया और मंदिर कमेटी के सदस्यों को धन्यवाद दिया साथ में उपस्थित यज्ञ समिति के अध्यक्ष मोहन मुर्मू, उपाध्यक्ष पवन कुमार रजवार, झामुमो नेता अनिल अग्रवाल, सचिव धीरेंद्र नाथ गोस्वामी, उप सचिव दिलीप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष विजय कपारदार, उप कोषाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद सिंह, उषा देवी, बादल मंडल,आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## डीएवी गिद्दी में दो दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** डीएवी गिद्दी ए में दो दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया. जिसमे वर्ग तीन से वर्ग सात के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागिता के लिए बच्चों और अभिभावकों ने काफी उत्साह दिखाया. सभी बच्चों द्वारा प्रतिदिन सुबह आयोजन स्थल पर पहुंचकर विभिन्न तरह की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया.विद्यालय के खेल प्रशिक्षक उमाशंकर प्रसाद ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में चिंतन, कौशल एवं सृजनात्मकता का विकास होता है। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार ने कहा कि इस समर कैंप के द्वारा बच्चो को योग,पेंटिंग,नृत्य तथा अन्य सह पाठयक्रम के माध्यम से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस समर कैंप में बच्चों को पेंटिंग तथा डांस टिप्स सिखाए गए साथ ही साथ क्रिकेट,टनल बॉल गेम, राउंड खो-खो आदि गतिविधियां करवाई गई।उन्होंने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया.जिन्होंने भी विद्यालय को हमेशा ऐसे आयोजन करने में सहयोग किया है। ऐसे आयोजन बच्चों को खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। स्कूल में सांस्कृतिक गतिविधियां भी लगातार संचालित होती है। यही वजह है कि उक्त विद्यालय के बच्चें खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में हमेशा आगे रहते हैं।

## बेरमो अनुमंडल बंद का सफल बनाने को लेकर भाकपा व राजद ने चलाया जनसम्पर्क अभियान



**बेरमो/ललपनिया :** जैसे-जैसे 18 मई नजदीक आ रहा है, भाकपा राजद का अभियान भी तेज होता जा रहा है। बेरमो अनुमंडल बंद को सफल बनाने के लिए दोनों दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने जगहों पर सक्रिय होने लगे हैं। अभियानके संयोजक व झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद ने सुबह से ही गोमिया से लेकर कथारा बाजार तक जनसंपर्क कर बंद में सहयोग करने के लिए आम लोगों से अपील किया। श्री महमूद ने इस पत्रकारो को बताया है कि 18 मई के बंदी में आम लोगों साथ-साथ व्यापारियों और वाहन मालिकों का पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी ओर से यह सुनिश्चित करने का प्रयास हो रहा है कि बंद शांतिपूर्ण संपन्न हो, विधि व्यवस्था समस्या उत्पन्न न हो। जनसंपर्क में श्री महमूद के साथ किसान सभा के नेता मौजी लाल महतो,इंसाफ जिला सचिव जाने रजा, पार्टी के जिला परिषद सदस्य निजाम अंसारी सहित मुकुंद साव, राजेश करमाली, जीतू सिंह, देवानंद प्रजापति भी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि बिजली बिल में गड़बड़ी के खिलाफ, जर्जर तार खंभा का जीर्णोद्धार करने, ग्रामीण क्षेत्र में मुफ्त बिजली देने इत्यादि की मांग को लेकर उपर्युक्त बंदी का आयोजन किया गया है।

**आश्वासन** — मुखिया प्रतिनिधि के आश्वासन के बाद महिलाएं हुई शांत

# पानी की मांग को लेकर ग्रामीण महिलाओं ने पंचायत के जलसहिया को घेरा

- ग्रामीण महिलाओं का आरोप था कि जल सहिया अपने गांव असनापानी में बेहतर जलापूर्ति की व्यवस्था कर रखी है



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** जल संकट से जूझ रही ग्रामीण महिलाओं ने 15 मई को पंचायत के जलसहिया को घेर लिया तथा जमकर नारेबाजी की। ग्रामीण जलापूर्ति सुचारू रूप से करने की मांग पर अड़े रहे। बाद में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि के समझाने के बाद मामला शांत हो सका।प्राप्त जानकारी के अनुसार बोकारो जिला के हद में कथारा पंचायत के वाशरी मार्ग पर स्थित माइंस रेसक्यू कॉलोनी के पीछे जलसहिया गुलिस्ता कमाल की देखरेख में पाइप मरम्मति का कार्य कराया जा रहा था। इसी बीच सूचना पाकर महीनों से जल संकट का दंश झेल रही कथारा बस्ती की दर्जनों महिलाएं नियमित जलापूर्ति की मांग को लेकर जलसहिया से उलझ गई।जल सहिया द्वारा लाख समझाने की कोशिश का उन महिलाओं पर कोई असर नहीं दिख रहा था। ग्रामीण महिलाओं का आरोप था कि जल सहिया अपने गांव असनापानी में बेहतर जलापूर्ति की व्यवस्था कर रखी है। जबकि उनके गांव में या तो जलापूर्ति नहीं की जाती है अथवा रुक रुककर पानी की आपूर्ति की जाती है। किसके कारण उनके घरों में पानी की किल्लत हमेशा बना रहता है।इस संबंध में जल सहिया गुलिस्ता कमाल का कहना है कि उक्त गांव में जलापूर्ति की स्थिति ठीक नहीं रहता है। उन्होंने बताया कि उक्त गांव के कुछ दबंगो द्वारा टुल्लू पंप से पानी खींच लेने के कारण भी जलसंकट बना रहता है। उन्होंने महिलाओं से इस मामले में सहयोग की अपील की, जिससे वैसे दबंगो के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके।उन्होंने बताया कि उनके द्वारा कथारा वस्ती में ठीक से जलापूर्ति नहीं होने की शिकायत कई बार पीएचईडी विभाग के तेनुघाट के अधिकारी से की गयी, लेकिन अबतक सुधार नहीं किया जा सका। जिसके कारण उन्होंने आज तक वहां से एक पैसे भी जल कर की वसूली नहीं की है।

## संपादकीय

# कर्नाटक में राजस्थान से सीख ले कांग्रेस

कर्नाटक में मुख्यमंत्री कौन की दावेदारी अब सामने आ गयी है। इसे सुलझाना उतना आसान भी नहीं है क्योंकि इस मुख्यमंत्री की कुर्सी के दो दावेदार सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के अपने अपने दावे हैं। वैसे इसके बीच ही कांग्रेस को राजस्थान की हालत पर गौर करना चाहिए, जहां चुनाव होने के पहले ही ऐसी स्थिति बन चुकी है कि पार्टी की जान आफत में नजर आ रही है। इसलिए राजस्थान में काफी समय से जो विवाद चला आ रहा है, उसकी पुनरावृत्ति कर्नाटक में ना हो, इस पर कांग्रेस नेतृत्व को ध्यान देना ही होगा। वरना जनता के बीच ऐसी गुटबाजी से जो संदेश जाता है, वह कांग्रेस की सेहत के लिए अच्छा तो कतई नहीं है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट एक बार फिर राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ झंडा बुलंद करने की राह पर हैं। उन्होंने घोषणा कर दी है कि



अगर पिछली सरकार के कार्यकाल में हुए कथित भ्रष्टाचार के मामलों में कदम नहीं उठाए गए तो वह राज्य सरकार के खिलाफ एक दिन का अनशन करेंगे। पायलट ने इस बार मुद्दे चुनने और उसे उठाने का तरीका तय करने में काफी सावधानी बरती है। उनका कहना है कि पिछले चुनावों से पहले उनके साथ-साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी लोगों से वादा किया था कि अगर वे सत्ता में आए तो वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए कथित घोटालों की जांच करवाएंगे। चूंकि अब चुनाव में ज्यादा समय नहीं रह गया है, इसलिए कांग्रेस सरकार को अपना वादा पूरा करना चाहिए ताकि चुनावों के दौरान लोगों के बीच जाने पर उसे असुविधाजनक सवालों का सामना न करना पड़े। मगर इन औपचारिक बयानों के पीछे की सचाई यह है कि पायलट मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के बीच की राजनीतिक नजदीकी से वाकिफ हैं। समझा जाता है कि पिछली बार गहलोत सरकार गिराने की पायलट की कोशिश नाकाम करने में वसुंधरा की अघोषित मदद का महत्वपूर्ण हाथ था। पायलट अच्छी तरह जानते हैं कि गहलोत, वसुंधरा को नाराज नहीं करना चाहेंगे। शायद इसीलिए उन्होंने वसुंधरा सरकार के दौरान हुए कथित घोटालों की जांच को मुद्दा बनाया है। मगर गहलोत और पायलट की इस लड़ाई ने एक बार फिर कांग्रेस नेतृत्व का सिरदर्द बढ़ा दिया है। कहां तो पार्टी अपना पूरा फोकस कर्नाटक विधानसभा चुनावों पर बनाए रखना चाहती थी और कहां राजस्थान में असमय ही यह बखेड़ा खड़ा हो गया। वैसे, पायलट की गांधी परिवार से करीबी जगजाहिर है। कुछ दिनों पहले कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के समय मुख्यमंत्री पद न छोड़ने की अशोक गहलोत की जिद ने आलाकमान की किरकिरी भी कराई थी। मगर राजस्थान में कांग्रेस विधायकों के बीच गहलोत की मजबूत पैठ के पुख्ता सबूत मिलते रहे हैं। संभवतः यही कारण है कि पार्टी नेतृत्व उन्हें डिस्टर्ब करने के मूड में नहीं लग रही। जयराम रमेश और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रंधावा के अशोक गहलोत के समर्थन में आए बयान भी यही संकेत दे रहे हैं। दूसरी तरफ, पायलट का रुख भी बताता है कि वह अब इंतजार करते-करते थक गए हैं। देखने वाली बात यह होगी कि अपनी मांग पर जोर देने के क्रम में पायलट कितने कदम आगे बढ़ाते हैं। क्या वह पार्टी की सीमा भी पार कर लेंगे या पार्टी के अंदर से ही नेतृत्व पर दबाव बनाते रहेंगे। यह साफ होने में थोड़ा वक्त लगेगा, लेकिन इतना तय है कि समय रहते किसी तरह सुलझाई न जा सकी तो दोनों नेताओं की यह आपसी लड़ाई अगले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को काफी कमजोर करेगी। कांग्रेस नेतृत्व इस स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ है क्योंकि जब विवाद चरम पर था तो उसे सुलझाने जो प्रतिनिधिमंडल वहां गया था, उसमें खुद वर्तमान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे शामिल थे। दूसरी तरफ इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि कांग्रेस की ऐसी स्थिति कई अन्य राज्यों में भी है। इनमें छत्तीसगढ़ का विवाद भी जगजाहिर है।

# गहलोत के बयान से बैक फुट पर वसुंधरा

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से अपने संबंधों को लेकर खुलासा क्या किया वसुंधरा राजे चुनाव से पहले ही परेशान नजर आने लगी है। राजस्थान में पिछले 25 वर्षों से एक बार अशोक गहलोत तो दूसरी बार वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनते आ रहें है। इस बार वसुंधरा राजे फिर मुख्यमंत्री बनना चाहती है। मगर अशोक गहलोत ने बयान देकर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

हाल ही में धौलपुर जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खुलासा किया था कि 2020 में सचिन पायलट द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ बगावत करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व उनके समर्थक विधायकों ने सहयोग कर उनकी सरकार को गिरने से बचाया था। गहलोत ने कहा था कि धौलपुर से भाजपा विधायक शोभा



**रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र पत्रकार

रानी कुशवाहा ने तो राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रमोद तिवारी के पक्ष में क्रॉस वोटिंग कर खुले आम पार्टी नेतृत्व की अनदेखी की थी। शोभा रानी कुशवाहा वसुंधरा समर्थक विधायक मानी जाती रही है। इसके साथ ही गहलोत ने वसुंधरा समर्थक माने जाने वाले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल का भी नाम लिया था।

विधानसभा में बजट पास करवाने के दौरान मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेश में 17 नए जिले बनाने की घोषणा की थी। जिसमें उन्होंने कैलाश मेघवाल के विधानसभा क्षेत्र शाहपुरा को भी जिला बनाया है। विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कैलाश मेघवाल को शाहपुरा के जिला बनने पर बधाई देते हुए कहा था कि आप की मांग पूरी कर दी गई है। उस समय भी गहलोत के बयान की काफी चर्चा हुई थी तथा भाजपा बैकफुट पर आ गई थी।

राजस्थान की राजनीति में लोगों की धारणा रही है कि अंदर खाने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मिले हुए हैं। इसी के चलते जब कांग्रेस की सरकार बनती है तो अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बन जाते हैं और जब भाजपा की सरकार बनती है तो वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बन जाती है। मुख्यमंत्री पद पर रहते दोनों नेता एक दूसरे के हितों का ख्याल रखते हैं तथा जरूरत पड़ने पर मदद भी करते हैं। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल तो खुलकर यह आरोप लगाते रहे हैं।

पिछले कुछ महीनों से कांग्रेस नेता सचिन पायलट भी गहलोत को पत्र लिखकर वसुंधरा सरकार के दौरान हुए घोटालों की जांच की मांग कर रहे हैं। मगर मुख्यमंत्री गहलोत ने पायलट की मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं की। जबकि एक माह पूर्व सचिन पायलट अपनी इसी मांग को लेकर जयपुर में एक दिन का धरना भी दिया था। इसके बाद पायलट ने इसी मांग को लेकर 5 दिनों तक अजमेर से जयपुर तक 125 किलोमीटर की जन संघर्ष पदयात्रा भी की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वसुंधरा राजे को लेकर किए गए खुलासे के बाद वसुंधरा राजे अपनी ही पार्टी के नेताओं पर के निशाने पर आ गई है। राजस्थान में वसुंधरा विरोधी खेमे के नेता गहलोत के बयान को लेकर मुखर हो रहे हैं। उनका कहना है कि वसुंधरा राजे समर्थक विधायकों के दम पर ही गहलोत बेखौफ होकर सरकार चला रहे हैं।

राजस्थान में पिछले राज्यसभा चुनाव के दौरान कई वसुंधरा समर्थक विधायकों को मतदान से पहले गुजरात भेजा गया था। ताकि वह गहलोत के प्रभाव में आकर क्रास वोटिंग नहीं कर सकें। हालांकि राजस्थान भाजपा में वसुंधरा राजे सबसे बड़े कद के नेता मानी जाती है। दो बार प्रदेश की मुख्यमंत्री, तीन बार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तथा केंद्र में मंत्री रहने के कारण उनका पूरे प्रदेश में व्यापक जनाधार माना जाता है। पिछले विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री रहते वसुंधरा राजे को अपने ही राजपूत समाज के विरोध का सामना करना पड़ा था। राजपूत समाज के लोगों की गैंगेस्टर आनंदपाल सिंह के एनकाउंटर करने को लेकर वसुंधरा राजे सरकार से गहरी नाराजगी थी।

2018 के विधानसभा चुनाव में राजपूत समाज ने कांग्रेस को वोट देकर जिताया था। उस समय चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में भीड़ से वसुंधरा तेरी खैर नहीं मोदी तुम से बैर नहीं के नारे लगते थे। जो चुनावी परिणाम में सही साबित भी हुए थे। वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके नेतृत्व में लड़े गए 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 163 सीटों से सीमट का 73 सीटों पर पहुंच गई थी। उसके कुछ महीने बाद ही हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

पिछले कुछ समय से वसुंधरा राजे व उनके समर्थक विधायक भाजपा आलाकमान पर लगातार दबाव बना रहे थे कि वसुंधरा को नेता घोषित कर उनके नेतृत्व में ही अगला विधानसभा चुनाव लड़ा जाए। वसुंधरा राजे के विरोध के चलते ही डॉक्टर सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाया गया था।

पार्टी के नेताओं को भी लगने लगा था कि वसुंधरा राजे के बिना विधानसभा चुनाव जितना मुश्किल होगा। ऐसे में ऐसे में उन्हें चुनाव के दौरान महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी। मगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान ने वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों के पूरे मंसूबों पर पानी फेर दिया। अब वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों की स्थिति ना निगलते बन रही है ना उगलते बन रही है वाली हो गई है। आम जनता में भी गहलोत के बयान से वसुंधरा राजे के प्रति नकारात्मकता पैदा हुई है।

2018 में विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान कांग्रेस के नेता सत्ता में आने पर वसुंधरा राजे सरकार द्वारा किए गए हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार की जांच करवाने की बातें कहते थे। मगर सरकार बनने के बाद वसुंधरा राजे के खिलाफ किसी भी तरह की कोई जांच नहीं की गई। इससे लोगों को विश्वास हो गया कि अशोक गहलोत वसुंधरा राजे आपस में मिले हुए हैं। राजस्थान विधानसभा के चुनाव में कुछ महीनों का ही समय रह गया है।

ऐसे में मौके की नजाकतता को भांपकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी चाल चल दी है। गहलोत को पता है कि वसुंधरा राजे के नेतृत्व में चुनाव लड़ने पर भाजपा का पलड़ा भारी रह सकता है। इसीलिए उन्होंने बड़े सलीके से वसुंधरा राजे को ठिकाने लगा दिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत फिर से राज बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। उनका पूरा प्रयास है कि इस बार प्रदेश में हर पांच साल बाद सत्ता बदलने के रिवाज को बदला जाए। इसीलिए वह अपनी सधी हुई चाले चल रहे हैं।

# एकलव्य की गुरु भक्ति

महाभारत में एक प्रसंग आता है कि एक बार गुरु द्रोणाचार्य अपने शिष्यों के साथ जंगल में भ्रमण कर रहे थे । भ्रमण करते -करते उनके साथ आया हुआ एक कुत्ता जंगल में रास्ता भटककर वहाँ पहुँच गया, जहां एक काला सा भील बालक एकलव्य धनुर्विद्या का अभ्यास कर रहा था । कुत्ता एक अजनबी काले बालक को देख उस पर भौंकने लगा । अपने अभ्यास में कुत्ते के भौंकने के कारण बाधा उत्पन्न होने से एकलव्य ने कुत्ते का मुंह तीरों से भर दिया । कुत्ता तेजी से गुरु द्रोण और उनके शिष्यों के पास पहुँचा । कुत्ते की ऐसी हालत देख सभी हंसने लगे किन्तु अर्जुन यह देख रहा था कि किस तरह चतुरता



से कुत्ते का केवल मुंह भरा गया हैं बिना उसे चोंट पहुचाएं । जब अर्जुन ने यह बात गुरु द्रोण को कही तो वे उस कुशल धनुर्धर से मिलने को उत्सुक हो उठे । जब एकलव्य को ढूंढते -ढूंढते यह मंडली उसकी कुटिया पर पहुंची तो गुरु द्रोण को अपनी प्रतिमा वहाँ देख आश्चर्य हुआ । एकलव्य अपने गुरु को आया देख दौड़कर उनके चरणों में गिर पड़ा । सभी को कुटिया में ले जाकर जलपान कराया । सभी यह जानने को उत्सुक थे की आखिर उसने कुत्ते का मुंह तीरों से कैसे भर दिया । तब उसने बताना शुरू किया । बहुत पहले मैं आपके पास अपनी धनुर्विद्या सिखने की तीव्र इच्छा लेकर पहुँचा था । किन्तु आपने मुझे यह कहकर टाल दिया कि तुम्हें इसकी आवश्यकता नहीं हैं । और राज परिवार के साथ तुम्हे धनुर्विद्या सिखने का अधिकार नहीं हैं । .. .. **जारी।**

(विश्व उच्च रक्तचाप दिवस विशेष - 17 मई २०२३)

# उच्च रक्तचाप की ओर अनदेखी छीन सकती है अनमोल जिंदगी



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**
स्तंभकार

आज के आधुनिक माहौल ने मनुष्य को नवनवीन सुविधाओं युक्त बनाया है, लेकिन इसके विपरीत इन्ही सुविधाओं ने काफी हद तक मानवीय शरीर को बेहद कमजोर कर दिया है, जिसके कारण तेजी से स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही है। हर ओर प्रदुषण, अशुद्ध हवा-पानी, रेडिएशन, मिलावटखोरी, घातक रसायनों का प्रयोग, शोर, ई-कचरा, प्लास्टिक वेस्ट, घटती हरियाली, बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं, ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएं लोगों को घुट-घुट कर बीमारी से मार रही है। वैसे ही लोगों में बढ़ती स्वार्थवृत्ति, अपराध, भ्रष्टाचार, झूठा दिखावा, नशाखोरी, दुर्व्यवहार, धोखाधड़ी जैसी समस्या समाज को बर्बाद कर ही रही है। औसत आयु भी लगातार कम हो रही है, ऐसे घुटन भरे माहौल में शरीर स्वस्थ रखना कठिन हो रहा है और बीमारियों का साम्राज्य विनाशकारी रूप धारण कर रहा है। जिसमें सामान्य रूप से

**औसत आयु भी लगातार कम हो रही है, ऐसे घुटन भरे माहौल में शरीर स्वस्थ रखना कठिन हो रहा है और बीमारियों का साम्राज्य विनाशकारी रूप धारण कर रहा है।**

नजर आने वाली बीमारी उच्च रक्तचाप है। उच्च रक्तचाप जिसे सामान्य बोलीभाषा में बीपी (ब्लड प्रेशर) बढ़ना कहते है। उच्च रक्तचाप वह स्थिति है जिसमे शरीर की धमनिया प्रभावित होती है, इसे हाइपरटेंशन भी कहते हैं। इसमें धमनी की दीवारों के विरुद्ध रक्त का बल लगातार बहुत अधिक होता है, अर्थात रक्तचाप जितना बढ़ता है, हृदय को रक्त पंप करना उतना ही कठिन होता है। रक्त पंप करने के लिए हृदय को सामान्य से ज्यादा मेहनत करना पड़ता है।

हर साल 17 मई को 'विश्व उच्च रक्तचाप दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों में उच्च रक्तचाप के लक्षणों के प्रति जागरूकता, रक्तचाप जांचने के लिए प्रेरणा, समस्या पर शीघ्र रोकथाम के तरीकों का ज्ञान और समाज में उच्च रक्तचाप की व्यापकता पर प्रकाश डालना यह है। उच्च रक्तचाप दुनिया भर में अकाल मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर भी कहा जाता है, क्योंकि इसके लक्षण स्पष्ट रूप से नजर नहीं आते। अस्वास्थ्यकर जीवनशैली उच्च रक्तचाप के जोखिम को बढ़ाती है। तनाव, अधिक नमक का सेवन, अधिक वजन होना, व्यायाम की कमी, नशा, तंबाकू और धूम्रपान घातक है। अनियंत्रित रक्तचाप हृदय रोगों, स्ट्रोक और गुर्दे की बीमारी जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं का एक प्रमुख कारण है। भारत में कुल मौतों में से 27% हृदय रोग के कारण होती हैं, जो 40-69 आयु वर्ग के 45% लोगों को प्रभावित करती हैं। मधुमेह वाले 10 में से लगभग 6 लोगों को उच्च रक्तचाप भी होता है।

**भारत देश की स्थिति भयावह**

उच्च रक्तचाप के प्रसार के मामले में 2019 में पुरुषों और महिलाओं के बीच भारत विश्व स्तर पर क्रमशः 156 और 164 वें स्थान पर था। भारत में 31% आबादी को उच्च रक्तचाप है। लगभग 33% शहरी और 25% ग्रामीण भारतीय उच्च रक्तचाप से ग्रस्त हैं। भारत में उच्च रक्तचाप के रोगियों की संख्या 2000 में 118.2 मिलियन से दोगुनी होकर 2025 तक 213.5 मिलियन होने की संभावना है। देश को उच्च रक्तचाप के हब के रूप में जाना जायेगा। मेडिकल जर्नल द लैंसेट में 2016-20 के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में 75% से अधिक रोगियों को उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) का पता चला है, लेकिन यह नियंत्रण में नहीं है। भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल अनुसार, देश में अनुमानित 20 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित है, उनमें से 10% से भी कम का रक्तचाप नियंत्रण में है। अन्य कारण से अधिक उच्च रक्तचाप वयस्कों की जान लेता है।

## जानकारी

# ऊंटी



तमिलनाडु के खूबसूरत पर्यटन स्थलों मे से ऊटी यहाँ के सबसे प्रमुख पर्यटन स्थलों मे से एक है। ऊटी को पहाड़ों की रानी भी कहाँ जाता है। ऊटी कपल्स की हनीमून के लिए सबसे पसन्दीदा जगहों मे से एक है। यहाँ आप टॉय ट्रेन और यहाँ के सबसे बड़े रेलवे ट्रैक का आनंद ले सकते हो। यहाँ आपको बहुत सी खूबसूरत जगह मिलेगी जहाँ आपको जरूर जाना चाहिए जिनमे - चाय के बागान और शांत झरने और भारत का सबसे बड़ा रोज गार्डन जहाँ आपको एक बार जरूर घूमने जाना चाहिए।

# Vivo S17e हुआ लॉन्च



नई दिल्ली: चीनी स्मार्टफोन निमार्ता ब्रांड Vivo ने Vivo S17e स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। यह Vivo S17 सीरीज का पहला स्मार्टफोन है। कंपनी ने पहली बार र-सीरीज को पूरा लॉन्च करने के बजाय अकेले स्मार्टफोन को लॉन्च किया है। यहां हम आपको Vivo S17e के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस से लेकर कीमत आदि के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**Vivo S17e की कीमत और उपलब्धता**

कीमत की बात की जाए तो Vivo S17e IZY 8GB+128GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 2099 yuan(लगभग 24,805 रुपये) है, वहीं 8GB+256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 2299 ८४ल्ल (लगभग 27,169 रुपये) है और 12GB+256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 2499 yuan(लगभग 29,532 रुपये) है। यह स्मार्टफोन ऑर्डर के लिए उपलब्ध है और चीन में 20 मई से मिलेगा। यह स्मार्टफोन Quick Sand Gold, Sunny Blue और Midnight Black कलर ऑप्शन में आएगा।

**Vivo S17e के स्पेसिफिकेशंस**

स्पेसिफिकेशंस की बात की जाए तो Vivo S17e में 6.78 इंच की FHD+ 120Hz 60° 3D IY½OXÊ AMOLED डिस्प्ले है। यह स्मार्टफोन MediaTek Dimensity 7200 SoC से लैस है। इस स्मार्टफोन में 4600mAँ की बैटरी दी गई है जो कि 66W फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट करती है। यह स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड OriginOS 3 पर काम करता है। फोन में 12GB RAM और 128GB या 256GB स्टोरेज दी गई है। कैमरा सेटअप की बात करें तो Vivo S17e के रियर में डक्र सपोर्ट के साथ 64 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा और 2 मेगापिक्सल का सेकेंड्री कैमरा दिया गया है। वहीं इसके फ्रंट में 16 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा दिया गया है।

साइबर दुनिया

## टॉप ट्वीट



" देश के युवा जानते हैं कि प्रधानमंत्री ने नोटबंदी करके, दोषपूर्ण वस्तु एवं सेवाकर लागू करके, थोक में सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों का निजीकरण करके और सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यमों को पंगु करके लाखोंलाख नौकरियां खत्म की हैं। "

जयराम रमेश
कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता एवं महासचिव



"कम तो नहीं के बोल प्यार, लालसा और एक कड़वी-मीठी भावना व्यक्त करते हैं और पायल देव के भावपूर्ण स्वर इसे और भी खूबसूरत बनाते हैं।"

कुणाल वर्मा
गीतकार

## संपादक के नाम पत्र

### कैदियों के पास मोबाइल बरामद

जोधपुर जेल में पुलिस ने 25 मोबाइल और 54 सिम बरामद की है ।उन सिम और मोबाइल का इस्तेमाल युवतियों को धमकाने और तस्करी के लिए उपयोग किया जा रहा था।।।नशे के गढ़ कहे जाने चितौड़गढ़, नीमच और मंदसौर मे फोन बहुत होते थे ।प्रशासन को धत्ता देकर आंखों में धूल झोंककर तस्कर का नेटवर्क फलफूल रहा था। कैदियों ने एक युवती को फोन पर धमकी भी दी ।जेल कर्मचारी अनजान होने का नाटक कर रहे थे ।लेकिन उन अधिकारियों से कोई भी बात छुपी हुई नही है। खुलेआम फोन पर बात करते कैदियों का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई ।यह कोई नई बात नही है ।हर समय जेल अधीक्षक की आंख में धूल झोंकने वाले कैदियों के जुठ का पर्दा उस समय उठा ,जब टॉवर विश्लेषण और कॉल डिटेल सामने आई। यह एक शहर तक ही सीमित नही है। इस तरह कई राज्यो में पुलिस ने कैदियों से मोबाइल बरामद किया है ।यूपी में जेल प्रशासन मोबाइल का इस्तेमाल रोकने के लिए भी अलर्ट है ।जेल में मोबाइल की गतिविधियो को रोकने के लिए कुशल नियोजन किया है ।पिछले दिनों लखनऊ, बांदा ,गोरखपुर चित्रकूट बरेली और आजमगढ़,बाराबांकी,बलिया सहित कई जेलों में छापेमारी के तहत मोबाइल मिलते रहे है ।यूपी में मादक पदार्थ तथा मोबाइल मिलने केबाद पुलिस अधीक्षक तक को नौकरी से हाथ धोना पड़ा था ।पंजाब के बठिंडा जेल के अंदर लॉरेंस विश्नोई ने मोबाइल से एक टीवी चैनल को अपना इंटरव्यू दे दिया था ।यूपी में अभी वर्तमान समय मे प्रदेश में 3600वीडियो कैमरों से निगरानी की जा रही है ।आने वाले हर व्यक्ति पर नजर रखे हुए है। आजमगढ़ में पुलिस ने मोबाइल बरामद किए उसके बाद पिछले चार वर्षों में 30 कैदियों का ट्रांसफर किया गया ।उनको दूसरी जेल में रखा गया ।आजमगढ़ जेल में अपराधियों पर इनाम भी घोषित किया था ।प्रयागराज की घटना से देश आहत है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### मोटरसाइकिल चोर के आरोप में एक को भेजा गया जेल

**बड़कागांव** : बड़कागांव थाना कांड संख्या 304/22 के प्राथमिक अभियुक्त बादम- राऊतपारा निवासी दीपक कुमार पिता इंदर राम को छापामारी कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया दीपक पर मोटरसाइकिल चोरी करने का आरोप है। छापामारी में एसआई प्रदीप कुमार झा एवं सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### प्रमुख एवं जनप्रतिनिधि ने जूस पिलाकर तुड़वाया आमरण अनशन

**टाटीझरिया** : टाटीझरिया मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने के विरोध में सोमवार को प्रखंड कार्यालय टाटीझरिया के सामने, अटका बगोदर निवासी हरिनाथ तिवारी परिजनों के साथ धरना प्रदर्शन किया। वहीं मंगलवार को हरिनाथ तिवारी अपने मृत पुत्र संजीत तिवारी के मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आमरन अनशन पर बैठ गया। अनशन में पूर्ण महतो,सीताराम प्रसाद,रति महतो, प्रशांत कुमार,नवीन कुमार,शोभा तिवारी,अजीतक्तिवारी, खुशबू देवी,देवांति देवी समेत कई लोग शामिल थे ।बताते चलें की 20 जनवरी 2023 को भी उन्होंने धरना दिया था,तब इन्हे समझौता कर हटा लिया गया था। क्या है मामला 28 सितंबर 2022 को डुमर पंचायत क्षेत्र के बेड़म जंगल में दो नर कंकाल मिले थे। कपडे, कडा व अन्य के आधार पर एक नर कंकाल की पहचान संजीत तिवारी के रूप में किया गया था। संजीत के कंकाल को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया था। मृत पुत्र के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया तो प्रमाण पत्र बनने में समस्या उत्पन्न हो गई। प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए प्रखंड प्रशासन ने जिला को, जिला ने प्रदेश सांख्यिकी विभाग को पत्राचार कर दिशा निर्देश मांगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में भारतीय इतिहास में पर्यावरण विषय पर एक दिवसीय सेमिनार संपन्न

**हजारीबाग** : हजारीबाग भारत सरकार द्वारा मिशन लाइव 2023 मनाने के उद्देश्य से विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्थित यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय के भूत पूर्व एन एस एस कोऑर्डिनेटर डॉ अशोक कुमार मंडल ने यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के छात्र छात्राओं के समक्ष भारतीय इतिहास में पर्यावरण एक मूल्यांकन पर अपना विशेष व्याख्यान दिया ।मौके पर कोमल रानी,कल्पना सिन्हा ने मुख्य वक्ता को पौधा देकर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता डॉ अशोक कुमार मंडल ने इतिहास से संबंधित पर्यावरण के महत्व पर एवं संरक्षण पर अपनी बातों को रखा। श्री मंडल ने इतिहास में प्राचीन काल से आधुनिक काल तक के पर्यावरण से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि किस तरह से हमारे प्राचीन काल के ऋषि मुनि ने पर्यावरण पर विशेष ध्यान दिया ।सम्राट अशोक का उदाहरण देते हुए कहा कि सम्राट अशोक ने भी पर्यावरण पर विशेष ध्यान दिया। मध्यकालीन भारत एवं आधुनिक भारत में भी पर्यावरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारीयों को विद्यार्थियों के समक्ष रखा ।वही लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयदीप सान्याल ने इतिहास को सामने रखते हुए ज्वलंत उदाहरण देकर यूनियन कार्बाइड गैस दुर्घटना, नर्मदा डैम, मेघा पाटकर का जल के लिए संघर्ष और भूतपूर्व प्रधानमंत्री नदी एकत्रीकरण का उदाहरण समाज में क्या विशेषता है ये सारी बाते उपस्थित छात्रों के बीच रखा ।वहीं लॉ कॉलेज की अध्यापिका श्रीमती रश्मि प्रधान ने भारतीय संस्कृति के साथ पर्यावरण का संबंध कैसे जुड़ा है विस्तार पूर्वक बतलाया।

**अपील** उपायुक्त ने पोषण निगरानी के लिए आंगनबाड़ी पहुंचने की किशोरियों सह माताओं से की अपील

# बच्चों व धात्री महिलाओं सहित किशोरियों के स्वास्थ्य की होगी निगरानी: उपायुक्त

▶▶ आंगनबाड़ी स्तर से 0-5 वर्ष तक के बच्चों की नियमित वृद्धि की निगरानी की जा रही है

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** : हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर 15 मई से 22 मई तक वृद्धि निगरानी सप्ताह के तहत महिला, बाल विकास एवं सामाजिकि सुरक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आपसी समन्वय स्थापित कर बच्चों के कुपोषण व महिलाओं के स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने हेतु सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त आंगनबाड़ी स्तर से 0-5 वर्ष तक के बच्चों की नियमित वृद्धि की निगरानी की जा रही है। इस अभियान के अन्तर्गत पूरे सप्ताह जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 0-5 वर्ष के सभी बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा किशोरी बालिकाओं (14-18 वर्ष) का वजन एवं वृद्धि निगरानी का कार्य किया जा रहा है। ताकि बच्चों व महिलाओं के पोषण स्तर की जानकारी प्राप्त की जा सके। इसके साथ ही बच्चों में कुपोषण व गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने हेतु समेकित प्रयास के तहत विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। गौर तलब है कि भारत सरकार द्वारा निर्मित पोषण ट्रैकर एप्प में वृद्धि निगरानी आंकड़ों की प्रविष्ट कर राज्य/जिला/परियोजना/सेक्टर एवं आंगनबाड़ी स्तर पर कुपोषण की स्थिति का आकलन किया जाना है ।इस मौके पर उपायुक्त ने सभी किशोरियों व माताओं को अपने छोटे बच्चों के साथ अपने-अपने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पहुंच कर पोषण निगरानी कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की है।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में दिया निर्देश

**हजारीबाग** : हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, बरही के कटीयोन में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में, पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन, पेंशन,भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

# बीडीओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़** : पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित कि गई। बैठक में मनरेगा, आवास योजना, अमृत सरोवर, यूडीआईडी, विभिन्न पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार द्वारा अंबेडकर आवास योजना की समीक्षा के साथ साथ आवास योजनांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना में निमार्णाधीन आवासों की समीक्षा कर संबंधित पंचायत सचिव, प्रखंड समन्वयक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बीडीओ ने मनरेगा अंतर्गत संचालित योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए शत-प्रतिशत पुरानी योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ के अलावे कई सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

सूचना के बाद पहुंची चौपारण पुलिस, मामला दर्ज, चैन बरामद

# धार्मिक स्थलों से चैन छिनतई के मामले में तीन महिलाओं को ग्रामीणों ने पकड़ा



राष्ट्रीय खबर

**चौपारण** : चौपारण प्रखण्ड के झापा पंचायत के ग्राम बेन्दुआरा स्थित यज्ञ मंडप में महिलाओं की काफी भीड़ हो जाने के कारण कुछ अज्ञात बाहरी महिला द्वारा महिलाओं के गले से चेन काटकर चोरी करते समय तीन महिलाओं को यज्ञ कमिटी के द्वारा पकड़ लिया गया। जिसकी सूचना चौपारण पुलिस को दिया गया। सूचना पर संध्या गश्ती के पदाधिकारी स०अ०नि० अजीत कुमार घटनास्थल पर पहुँचे और तीनो महिलाओं को महिला चौकीदार के साथ चोरी के सामानो के साथ थाना ले आये। इस संबंध में चौपारण थाना में कांड सं0 174/23, 16/05/23 धारा- 379/411/34 भादवि अंकित कर अभियुक्त एक बिन्दु चमार पति विशाल चमार ग्राम सलेमपुर थाना सलेमपुर जिला देवरिया (उत्तरप्रदेश). पुजा चमार पति लवकुश ग्राम पुतरहीमन थाना पीपीगंज जिला सिद्धार्थनगर (उत्तरप्रदेश) एवं 3. शुशिला कुमारी पति अजय राम ग्राम बेलसंड थाना वीजवनगंज जिला महाराजगंज (उत्तरप्रदेश) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजी जा रही है। गिरफ्तार महिलाओं के पास से पीला रंग का चेन, दो चाकु, लावा कम्पनी का एक कीपैड मोबाइल एवं सिम बरामद किया गया।

बताते चलें कि धार्मिक आयोजनों व मेलों में लगातार छिनतई व चोरी की घटनाएं होती रहती हैं पर घटना को अंजाम देने 4 किमी दूर से महिलाओं का ग्रुप आता है। ये तो गनीमत हुआ कि पूजा समिति के लोग व प्रशासन ने त्वरित कार्यवाई करते हुवे मामले का उद्भेदन कर दिया।

# पाइप लाइन बिछाने के नाम पर सड़कों को क्षतिग्रस्त करने की कवायद शुरू



राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज:** जलापूर्ति योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के नाम पर शहर की तकरीबन 500 करोड़ रुपए की लागत से बनी सड़कों को बर्बाद करने की कवायद शुरू कर दी गई है। दरअसल पूर्व में सीवरेज सिस्टम के नाम पर शहर की सभी सड़कों को बर्बाद कर दिया गया था। हालांकि बाद में नगर परिषद द्वारा इसमें से कुछ सड़कें जरूर बनवाई गई, लेकिन शहर की कई मुख्य सड़कें सीवरेज के प्रहार से हुए जख्म से अब तक उबर नहीं पाई है। हालाकि कई शिकायतों के बाद सीवरेज निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग करने वाली कंपनी जूडको की ओर से शहर की मुख्य समेत अन्य क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त कराने के नाम महज लीपापोती कर दी गई। जिसके चलते शहर की अधिकतर सड़कें स्किन डिजीज से ग्रसित दिखती है। ऐसे में स्किन डिजीज से ग्रसित शहर की इन सड़कों को अब जलापूर्ति योजना के लिए पाइप लाइन बिछाने के नाम पर कैंसर में तब्दील किया जा रहा है। इससे शहरवासियों को काफी परेशानी हो रही है। फिलहाल शहर के रिफ्यूजी कॉलोनी एवं एसडीओ कोठी के आसपास के सक रू गढ़ मोहल्ले में पाइप लाइन बिछाने के नाम पर सड़कों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है ।इससे इन सड़कों पर आवागमन करना लोगों के लिए दुश्वार हो गया है। दरअसल वर्ष 2013 में 50 करोड़ की लागत से शहर में जलापूर्ति योजना का कार्य शुरू किया गया था। कार्य की जिम्मेदारी गुजरात की दोसियन कंपनी को दी गई थी। बाद में कार्य में कोताही बरते जाने के चलते उक्त कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया था। हालांकि कंपनी ने उस समय तक निर्माण कार्य में खर्च हुए राशि से तकरीबन 8 करोड रुपए की अधिक राशि की निकासी कर ली थी।

### होलंग से धरमपुर तक सड़क निर्माण में धांधली पर फूटा गुस्सा, बंद करवाया काम

**टाटीझरिया** : टाटीझरिया डीएमएफटी फंड अंतर्गत प्रखंड के होलंग से धरमपुर तक लाखों रुपये की लागत से साढे 7 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण में बरती जा रही अनियमितता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने रविवार देर शाम 7 बजे निर्माण कार्य का विरोध करते हुए कार्य पर रोक लगा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पथ निर्माण के कार्य में ठेकेदार की ओर से घटिया सामग्री के अलावे पीचिंग के कार्य में काफी कम अलकतरा का प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावे सड़क से छर्री बाहर निकल आया है। उसको सड़क पर नहीं दिया जा रहा, मशीन से धुल को नहीं उडाया जा रहा, पीच भी ठीक तरह से नहीं दिया जा रहा है।

**दौरा** तीन दिवसीय टेकनपुर प्रशिक्षण केंद्र से चलकर हजारीबाग मेरु कैंप प्रशिक्षण विद्यालय का दौरा पर रहा :डॉ0 प्रणब

# अपर महानिदेशक का मेरू कैंप का तीन दिवसीय दौरा

▶▶ आप साइबर फोरेंसिक में विषेषता के साथ जाँच में समृद्ध और विशाल अनुभव रखतें है

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** : हजारीबाग डॉ0 प्रणब मोहंती, अपर महानिदेशक, भारतीय पुलिस सेवा, सीमा सुरक्षा बल, अकादमी टेकनपुर, अपने भ्रमण के तीन दिवसीय दौरे पर 15 मई 2023 से 18 समय 7 बजे प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप में पहुचे। कैंप में आगमन पर मेरू कैंप परिसर स्थित शान-ए-मगध अतिथि गृह में महानिरीक्षक, इंद्रजीत सिंह राणा, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय ने अपर महानिदेशक का स्वागत किया। इस विशेष अवसर पर महानिरीक्षक, दानियल अधिकारी, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, श्री देवी सरन सिंह, उप महानिरीक्षक (प्रशा0), उप महानिरीक्षक राजेश कुमार (एसटीएस) उप महानिरीक्षक राकेश रंजन लाल (प्रशि0), उप महानिरीक्षक, डी के परमानिक (एक्सप्लॉसिव), व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे अपर महानिरीक्षक, डॉ0 प्रणब मोहंती, सीमा सुरक्षा बल, 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी है। डॉ0 प्रणब मोहंती, ने राज्य और केन्द्र के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। साथ ही आप साइबर फोरेंसिक में विषेषता के साथ जाँच में समृद्ध और विशाल अनुभव रखतें है। उन्होंने वर्ष 2021 में सीमा सुरक्षा बल,नई दिल्ली में महानिरीक्षक (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) के रूप में पदभार ग्रहण किया। तस्करो और राष्ट्र विरोधी तत्वो (एएनई) द्वारा पश्चिमी सीमा पर ड्रोन गतिविधियों के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए सीमा सुरक्षा बल में एक ड्रोन/यूएवी और साइबर फोरेंसिक लैब की स्थापना की। वर्तमान में डॉ. प्रणब मोहंती, सीमा सुरक्षा बल, अकादमी टेकनपुर, में अपर महानिदेशक/निदेशक के पद पर कार्यरत है।

तत्पश्चात अपर महानिदेशक को विशिष्ट प्रशिक्षण विद्यालय के प्रशिक्षण एरिया का दौरा किया, इस दौरान को कमांड़ो समूह के अनुदेशकों के द्वारा बिल्डिग स्केलिंग टेक्निक एवं आर्टिफिशियल वॉल क्लाइम्बिंग का प्रर्दशन सह पीटी समूह के अनुदेशकों के द्वारा फिजिकल ट्रेनिंग का प्रर्दशन दिखाया गया। इसके पश्चात नें विशिष्ट प्रशिक्षण विद्यालय के हथियार संग्रहालय का दौरा किया व वहाँ पर रखे हथियारों से संबंधित विस्तृत जानकारी ली।

तत्पश्चात को सीईजी समूह के अनुदेशकों के द्वारा बार्डरमैन के लिए आईईड़ी घटना प्रबंधन कौशल और आईईड़ी से निपटनें के लिए विशेष रूप से पार्सल और पत्र बॉम्ब का प्रर्दशन दिखाया गया। प्रर्दशन के उपरांत महोदय नें आईईड़ी संग्रहालय, एमएमजी व मोर्टार समूह का दौरा किया एवं प्रशिक्षणार्थियों से बातचीत की। तत्पश्चात नें सहायक प्रशिक्षण केन्द्र का दौरा किया। तत्पश्चात महोदय कल प्रातः 10 बजे मेरू कैम्प से अकादमी टेकनपुर, सीमा सुरक्षा बल के लिए रवाना होंगे।

## न्यूज फटाफट

### चौपारण की एयर राइफल निशानेबाज सृष्टि कुमारी को एनटीपीसी ने 2.47 लाख का किया सहयोग



**हजारीबाग** : हजारीबाग चौपारण प्रखंड की 21 वर्षीय सृष्टि कुमारी भोपाल व केरल में आयोजित राष्ट्रीय खेल में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए क्रमश: 605.5 एवं 619.5 स्कोर हासिल किया। सृष्टि कुमारी का अगला मुकाबला 4 जून को केरल में खेला जाएगा। झारखंड की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हजारीबाग का नाम रोशन करने के लिए हजारीबाग की कोल खनन कंपनी एनटीपीसी ने 2.47 लाख का आर्थिक मदद किया। उपायुक्त नैंसी सहाय के हाथों सृष्टि कुमारी को चेक प्रदान किया गया। उपायुक्त ने खिलाड़ी का हौसला अफजाई करते हुए आगामी मुकाबले के लिए शुभकामनाएं दी। संत कोलंबस कॉलेज, हजारीबाग की स्नातक की छात्रा सृष्टि कुमारी 2 वर्षो से एयर राइफल से निशानेबाजी का प्रशिक्षण ले रही है। इनके पिता विजय कुमार गुप्ता गुरुग्राम में एक होटल में काम करते है तथा माता एक गृहणी है। निशानेबाज सृष्टि कुमारी का सपना है कि वह निशानेबाजी में ओलंपिक एवं अन्य अंतराष्ट्रीय टूनार्मेंट की प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर अपने घर,परिवार,जिला,राज्य एवं देश का नाम में रोशन करें। इस दौरान एनटीपीसी से महाप्रबंधक सह परियोजना प्रमुख फैज तैयब प्रमुख रुप से मौजूद थे।

### एएनएम और सफाई कर्मी ने गर्भवती महिला के साथ किया अमानवीय व्यवहार हत्या का लगा आरोप

**इचाक** : इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुआरी गांव के दीपक कुमार पिता रघुनंदन प्रसाद मेहता ने इचाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम और सफाई कर्मी पर हत्या करने का आरोप लगाया। हत्या करने का आरोप को लेकर शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार व कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, आरक्षी अधीक्षक हजारीबाग, और सिविल सर्जन हजारीबाग को एक लिखित आवेदन देकर कार्रवाई का मांग किया गया। आवेदन में लिखा गया कि अंचला कुमारी गर्भवती थी 13 मई को सुबह 4 बजे दीपक कुमार अपनी पत्नी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचाक अस्पताल पहुंचे। वहां कोई डॉक्टर उपस्थित नहीं थे मरीज को देखने के बाद एएनएम गीता कुमारी ने बताया कि मरीज सामान्य स्थिति मे है। सब कुछ ठीक है। सुबह 7 बजे तक बच्चा हो जाएगा। गीता कुमारी मरीज को देखने के पश्चात सो गई। तत्पश्चात इलाज हेतु सफाई कर्मी शोभा को आदेश दिया गया। सफाई कर्मी शोभा द्वारा मरीज को दो इंजेक्शन लगाया गया। दूसरे इंजेक्शन देने के पश्चात मरीज बेहोश हो गई। मरीज को इचाक सीएचसी में 4 घंटे रखने के बाद 8:15 में हजारीबाग सदर के लिए रेफर गीता कुमारी द्वारा किया गया । रेफर के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग लिखा गया। परंतु गीता कुमारी ने बताया कि श्री नर्सिंग होम डॉक्टर पुष्कर की निजी क्लीनिक के पास चले जाइए। मरीज की स्थिति ठीक नहीं है ।जब पहुंचे तो हमारी पत्नी की मृत्यु हो चुकी थी। सीएचसी इचाक मे डॉक्टर की उपस्थित नहीं होने की वजह से एवं स्वास्थ्य कर्मी गीता कुमारी और सफाई कर्मी द्वारा पत्नी के इलाज में अनियमितता बरतने हेतु उनकी पत्नी एवं जच्चा-बच्चा की की मौत हो गई।

### फ्रॉड तरीके से 20000 का निकासी ,बैंक सह थाना में दिया आवेदन, कार्रवाई की मांग

**इचाक** : इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत बरका कला में एक व्यक्ति का 20000 रुपए का पूर्ण तरीके से निकासी किया गया इस बाबत उन्होंने इंडियन बैंक और इचाक थाना में लिखित आवेदन देकर जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की मांग किया। आवेदन में लिखा गया है कि विजय प्रसाद मेहता पिता नूनू महतो ग्राम बरका कला निवासी है। इनका बचत खाता इंडेन बैंक खाता संख्या 5023 9237380 है। जो इंडियन बैंक इचाक शाखा का है। 13 मई को एईपीएस के माध्यम से 10000 एवं 14 मई को 10000 का निकासी हुई। निकासी के बारे में लाभुक को कोई जानकारी नहीं है। इस फ्रॉड निकासी को लेकर बैंक और इचाक थाना से जांच पड़ताल का पैसा रिकवर कराने का अनुरोध किया गया।

### श्री श्री 1008 शतचंडी रामायण महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहण



**इचाक** : इचाक श्री श्री 1008 शतचंडी रामायण महायज्ञ को लेकर ग्राम काला द्वार में किया गया ध्वजारोहण। ध्वजारोहण को लेकर गांव सहित आसपास के सैकड़ों भक्तों ने काला द्वार दुर्गा मंडप के प्रांगण में आचार्य लोकेश पंडित मुख्य पुजारी पारसनाथ यादव एवम उनकी धर्मपत्नी के द्वारा पूजा अर्चना कर यज्ञ का आगाज किया गया। यज्ञ सात दिवसीय दिनांक 6 जून से 12 जून तक किया जाएगा। अज्ञ के दौरान रात्रि में विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मौके पर बासुदेव प्रसाद मेहता ,महावीर मेहता, नागेश्वर मेहता, मुखिया नंदकिशोर मेहता, राजकुमार राम, खुशी लाल, उमेश मेहता प्रसाद मेहता, राजू मेहता, रवि कुमार, चंदन राज, महेश मेहता, छोटन रवानी, उमेश रवानी, संतोष मेहता, चंदू मेहता, अयोध्या मेहता, रमेश रवानी समेत सैकड़ों भक्त शामिल हुए।

### अनिल देव अपने खर्च से कराएंगे मनरेगा मजदूरों का बीमा, मनरेगा मजदूर है काफी खुश

**दारू** : दारू प्रखंड के पुनाई पंचायत मुखिया अनिल कुमार देव ने अपने पंचायत के जाने माने मुखिया है और वे हमेशा सुख दु:ख में तत्पर रहते है ।इसी तरह के एक अनूठी पहल करते हुए मुखिया ने मनरेगा मजदूरों विशेषकर कुआं बनाने में काम करने वाले अपने निजी खर्च पर मजदूरों का बीस लाख का बीमा करवाने की घोषणा की है। अपनी इस अच्छी पहल के बारे में मुखिया ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत मजदूर काफी जोखिम भरे स्तिथि में कार्य करते है अभी कुछ दिन पूर्व ही कुआं निर्माण के दौरान हुए हादसे में कई मजदूरों की मौत हो चुकी है। इन मजदूरों की मौत के बाद उनके परिवार की आर्थिक स्तिथि काफी खराब हो जाती है और मृतक के परिजन बदहाली की जिंदगी जीने को विवश हो जाते है। इसी समस्या को देखकर उन्होने मजदूरों की बीमा करने का निर्णय लिया। भारतीय स्टेट बैंक में इन मजदूरों का खाता खोलकर एक हजार रुपैये सालाना दुर्घटना बीमा करवाया जाएगा जिसका हर वर्ष किस्त मुखिया के द्वारा दिया जाएगा। एक हजार सालाना प्रीमियम जमा करने पर मजदूर को बीस लाख रुपैये की दुर्घटना बीमा की सुबिधा मिलेगी। मुखिया की इस पहल की प्रखंड के लोग काफी सराहना कर रहे है।

# डीसी ने समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

ठी६२५
8 कुल 71 कर्मी/पदाधिकारी अनुपस्थित पाए गए जिनका एक दिन का वेतन/मानदेय कटौती करने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** उपायुक्त ने आज समाहरणालय में विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों का जांच हेतु औचक निरीक्षण किया जिसमें 71 पदाधिकारी एवं कर्मी अनुपस्थित पाए गए उपायुक्त के निर्देश पर सभी कर्मियों का 1 दिन का वेतन मानदेय काटने का दिया निर्देश उपायुक्त सभी कर्मी 10 बजे पूर्वाहन में कार्यालय में अपना उपस्थिति सुनिश्चित करें, जिस कार्यालय के कर्मी हैं उसी कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करेंगे। किसी भी परिस्थिति में प्रखंड के कर्मी जिला में उपस्थिति दर्ज नहीं करेंगे। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि कार्य में लापरवाह पदाधिकारियों



एवं कर्मियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा सोमवार को उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने जिला समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने जिला नजारत, एनआईसी, विधि शाखा, स्थापना शाखा, आपूर्ति कार्यालय, भू अर्जन कार्यालय, राजस्व शाखा, पंचायती राज कार्यालय, जिला कल्याण शाखा, जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला समाज कल्याण कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला योजना कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला खेल कार्यालय, श्रम कार्यालय, जन शिकायत कोषांग, निर्वाचन शाखा, तेजस्विनी कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर उपस्थिति पंजी, अवकाश पंजी सहित अन्य पंजियों की जांच की।

उपायुक्त ने जिन पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने-अपने कार्यालयों में अनुपस्थित पाया उनका एक दिन का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। कुल 71 कर्मी/पदाधिकारी अनुपस्थित पाए गए जिनका एक दिन का वेतन/मानदेय कटौती करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कार्य के प्रति अधिकारी एवं कर्मी जबावदेह बने। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में लापरवाह पदाधिकारियों एवं कर्मियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं उपायुक्त ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रतिदिन समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अपर समाहर्ता श्रीमती मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री संजय कुमार दास, जिला स्थापना उप समाहर्ता श्री विकास कुमार त्रिवेदी, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री आशुतोष समेत अन्य उपस्थित थे।

## शिक्षक के साथ हुई मारपीट मामले में शिक्षक संघ ने जताया विरोध



4 अभिलंब दोषियों को किया जाए गिरफ्तार

8 गिरफ्तारी नहीं होने पर काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे शिक्षक

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** उमवि इस्लामपुर के शिक्षक विनय कुमार के साथ मारपीट की घटना से शिक्षकों में रोष गहराता जा रहा है। घटना के विरोध में शिक्षक संघर्ष मोर्चा की बैठक मवि धनुषपूजा में मिथिलेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से उमवि इस्लामपुर के शिक्षक विनय कुमार के साथ घटी घटना पर रोष व्यक्त किया गया। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशासन को तीन दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है अगर तीन दिनों के अंदर अभियुक्तों कि गिरफ्तारी नहीं होती है तो सभी शिक्षक किसी भी तरह का रिपोर्टिंग कार्य नहीं करेंगे साथ ही काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज करेंगे। इसके बाद बुधवार को फिर से संघर्ष मोर्चा की बैठक कर सड़क पर उतरकर आंदोलन करने का निर्णय लिया जाएगा। मिथिलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पुलिस अविलंब दोषियों को गिरफतार करे। वहीं शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। इस घटनाक्रम से शैक्षणिक व्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा।

## जल्द ही प्रारंभ होगी नई ईएमयू व लोकल मालदा ट्रेन : हिसाबी राय



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मगंलवार को पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अमरप्रकाश द्विवेदी व हावड़ा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष जैन एक दिवसीय दौरे के तहत पाकुड़ पहुंचे। उनके आगमन पर ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन हावड़ा मंडल के अध्यक्ष हिसाबी राय के नेतृत्व में महाप्रबंधक,पूर्व रेलवे कोलकाता तथा मंडल रेल प्रबंधक पूर्व रेलवे हावड़ा को पुष्पगुच्छ देकर तथा अंग वस्त्र प्रदान कर जोरदार स्वागत किया गया।स्वागत के क्रम में ईजरप्पा के सचिव राणा शुक्ला,निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा, सह-सचिव अनिकेत गोस्वामी तथा सुशील साहा मौजूद थे। ईजरप्पा प्रतिनिधि मंडल के द्वारा शिष्टाचार भेंट वार्ता के क्रम में पाकुड़ रेलवे स्टेशन के तथा यात्री सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पूर्व में सौंप गए मांगो की ओर उनका ध्यान आकर्षित कराया गया। महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे कोलकाता एवं मंडल रेल प्रबंधक,पूर्व रेलवे हावड़ा को पाकुड़ में यात्री सुविधा को बढ़ावा देने हेतु धन्यवाद ज्ञापन किया गया।महाप्रबंधक,पूर्व रेलवे कोलकाता ने ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को आस्वस्त किया की आने वाले दिनों में पाकुड़ रेलवे स्टेशन को यात्री सुविधा के क्षेत्र में और विकास करेगा तथा मंडल रेल प्रबंधक,पूर्व रेलवे हावड़ा ने कहा कि ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के द्वारा लोकल गाड़ियों के परिचालन हेतु यथा मालदा लोकल ट्रेन और एक नई ईएमयू ट्रेन चलने पर जो उनके कार्यालय कक्ष में बैठक कर सहमति बनी थी उसे पूर्व रेलवे मुख्यालय, कोलकाता को भेजा जा चुका है। जल्द ही उसे स्वीकृति दी जाएगी तथा इसका परिचालन किया जाएगा।

## निवर्तमान नगर अध्यक्ष ने किया निर्माणाधीन पंप हाउस का निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:**निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष सम्पा साहा ने बहुप्रतीक्षित शहरी जलापूर्ति योजना का पश्चिम बंगाल के चांदपुर स्थित पुठीमारी ब्रिज के निकट निमार्णाधीन पंप हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में निवर्तमान वार्ड पार्षद अशोक प्रसाद,भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय,किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनिकेत गोस्वामी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री राजा अंसारी,पूर्व नगर मंत्री भाजपा सुशील साहा,अक्षय चौरसिया आदि मौजूद थे। पंप हाउस का कार्य तीव्र गति से चल रहा है।शहरी जलापूर्ति योजना का सबसे महत्वपूर्ण और कठिन कार्य इंटकवल का कार्य पूरा हो चुका है।अब सिर्फ विद्युत कनेक्शन कार्य बाकी है।उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कही कि शहरी जलापूर्ति योजना का कार्य लगभग 90% मेरे कार्यकाल में पूरा हो चुका था।अपने कार्यकाल में पाकुड़ के नागरिकों को गंगाजल उपलब्ध कराने हेतु हमने जी तोड़ प्रयास किया।90% कार्य पूरा होने के बावजूद कतिपय का राजनीतिक कारणों से विभागीय शीतलता बड़ती गई, जिससे कि मैं योजना पूर्ण करने का श्रेय से वंचित हो जाऊं। लेकिन फिर भी मैं शहरी जलापूर्ति योजना का शेष कार्य पूरा कर गंगाजल उपलब्ध कराने हेतु लगातार प्रयासरत हूं।बहुत जल्द पाकुड़ शहर को गंगाजल मिलने लगेगा जिसका श्रेय लेने हेतु हथकांडा अपनाया जा रहा है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने कहा कि देश के 11 पिछले प्रखंडों में से एक आदिवासी बाहुल्य प्रखंड लिट्टीपाड़ा के 267 गांव में रहने वाले लोगों को घर-घर पानी पहुंचाने हेतु वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास जी ने 217 करोड़ की योजना स्वीकृत की थी,जो आज सरकार की उदासीनता के कारण पूरा नहीं हो सका है।6 वर्षों से लंबित बहुउद्देशीय जलापूर्ति योजना को आखिर पूरा करने हेतु झारखंड सरकार क्यों नहीं रुचि ले रही है? सरकार के लापरवाही के कारण आज भी वहां के आदिवासी चुंआ और नाली का पानी पीने के लिए मजबूर हैं।और जब आज पाकुड़ शहरी जलापूर्ति योजना पुर्ण होने जा रही है तो सत्ताधारी दल के लोग श्रेय लेने हेतु उछल कूद कर रहे हैं,जिसे पाकुड़ की जनता भली भांति समझ रही है।

### जल जीवन मिशन के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**पाकुड़ :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन के तहत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पाकुड़ के द्वारा समीक्षात्मक बैठक का आयोजन महेशपुर प्रखंड सभागार में आयोजित की गई। इस कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी, महेशपुर श्री उमेश मंडल के द्वारा किया गया। बैठक के उद्देश्य पर जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण सुमन कुमार मिश्रा के द्वारा निम्न प्रकार से जानकारी दी गई। व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण वैसे लाभुक जो किसी कारण से शौचालय नहीं बना पाए है उनके घरों पर शौचालय का निर्माण कार्य किया जाय। इसके अंतर्गत ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन लाभुक के द्वारा किया जा सकता है एवं निर्माण का पश्चात राशि सीधे खाते में भुगतान की जाएगी। सूखे एवं ठोस कचरे का निष्पादन सूखे कचरे के निष्पादन हेतु ग्राम स्तर पर काम्पोस्ट पिट, नाडेप, बर्मी काम्पोस्ट पीट आदि का निर्माण किया जाना है।

**अव्यवस्था**

### दिव्यांग के भरोसे दिव्यांग विद्यालय जहां पेड़ की छांव में स्कूल

## जहां जहां धूप की छाया खिसकते है बच्चे भी साथ में खिसकते हैं

▶▶ शिक्षा विभाग है मोन, ना कभी होता है निरीक्षण और ना ही रख रखाव पर दिया जाता है ध्यान

▶▶ झारखण्ड शिक्षा व्यवस्थाओं के मामले में काफी पीछे है

राष्ट्रीय खबर



**हिरणपुर:** हम कंप्यूटर क्रांति के दौर में हैं, लेकिन आज भी झारखण्ड शिक्षा व्यवस्थाओं के मामले में काफी पीछे है। पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड स्थित हाथकाठी गाँव में दिव्यांग सह अनाथ आवासीय विद्यालय को देखकर चिराग तले अंधेरा वाली कहावत बिलकुल सटीक बैठती है। यहां न भवन है, न बेंच व डेस्क, जाड़ा, गर्मी हो या बरसात हर मौसम मे पेड़ के नीचे ही क्लास लगता है,अगर बरसात आती है तो बच्चे भागो-भागो का शोर मचाने लगते हैं।यहाँ के सारे बच्चे अनाथ व दिव्यांग हैङ्गयह विधालय हिरणपुर के सिंचाई विभाग के कॉलोनी में दिव्यांग सह अनाथ आवासीय विद्यालय पेड़ की छांव में कई वर्षो से संचालित हो रहा है। इस विद्यालय में कुल 43 बच्चे पंजीकृत हैं ,और स्टाफ भी तैनात हैं, लेकिन नहीं हैं तो बस विभागीय व्यवस्थाएं। ऐसा नहीं है कि अफसरों को इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन उन्होंने उक्त विद्यालय की कायाकल्प करने के लिए कोई कदम नहीं उठाएङ्गऔर न ही बच्चों के भविष्य के बारे में सोचा। यहां पंजीकृत बच्चों को गर्मी और बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। जैसे-तैसे सूरज की तपन बढ़ती है, वैसे-वैसे धूप से बचने के लिए बच्चे छांव की तरफ खिसकते नजर आते हैं। विद्यालय में सिर्फ कोठरी नुमा छोटा सा कमरा वह भी सिंचाई विभाग की है, यह टूटे फूटे भवन में चलने वाले इस स्कूल में छोटा सा बरामदा व एक कोठरी नुमा छोटा सा कमरा जिसमें प्रधानाध्यापक कक्ष है।

**प्रदेश >> अपडेट**

### नवनियुक्त शिक्षकों की काउंसलिंग संपन्न

**कोडरमा:** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा नवनियुक्ति हेतु कुल 5 विषयों जीवविज्ञान, रसायनशास्त्र, गृह विज्ञान, संस्कृत, इतिहास नागरिकशास्त्र और संगीत में अनुशांसित अभ्यर्थियों का काउंसलिंग किया गया।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### समद अली बने ओबीसी विभाग के पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष

**पाकुड:** जिला मुख्यालय स्थित पाकुड़ कांग्रेस कार्यालय में जिला ओबीसी विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष आमिर हमजा की अध्यक्षता में की गई। ओबीसी की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सर्वसम्मति से ओबीसी विभाग के पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष समद अली को नियुक्त किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीकुमार सरकार, बबलू भगत के साथ-साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हज जा रहे दम्पति को भाकपा ने सम्मानित किया

**कोडरमा:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोडरमा के द्वारा कोडरमा प्रखंड के अंतर्गत ग्राम कोलगरमा निवासी रहमत अंसारी एवं उनकी पत्नी जमीला खातून मक्का को सम्मानित किया गया। दोनों हज करने जा रहे हैं। इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने दोनों पति-पत्नी को बधाई दिया एवं हज कार्यक्रम मंगलमय हो इसी कामना के साथ माला पहनाकर स्वागत किया। कहा कि कोडरमा प्रखंड के लिए सौभाग्य है जो कोलगरमा से हज के लिए दोनों पति-पत्नी जा रहे हैं। इस अवसर पर भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भोला सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### तीन युवाओं ने रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय

**पाकुड़ :** असहाय जरूरतमंदो को खून दान करते आ रहे है मानव सेवा उत्तम सेवा कहा जाता है इसी तरह सदर अस्पताल सोनाजोड़ी पाकुड़ मे एडमिट बिक्रमपुर के जाहेदा बीबी उम्र 32 गर्भवती है एवं पाली के 7 महीने का शिशु तहमीदा खातून जो थैलीसीमिया पीड़ित है दोनो मरीजों के परिवार वालों ने इंसानियत फाउंडेशन मे सहायता की गुहार लगाई है समूह मे सूचना के आधार पर गर्भवती महिला को दो यूनिट बी पॉजिटिव चांचकी के अकमल शेख और रहसपुर के अल्हज शेख ने रक्तदान किया तथा थैलीसीमिया पीड़ित बच्चे के लिए महेशपुर के रहीम खान ने ् पॉजिटिव रक्तदान किया। समूह संचालक सद्दाम जी ने कहा रक्तदान इंसानियत फाउंडेशन निस्वार्थ सेवा सेवा देता है आपलोग भी रक्तदान करें लोगो की जान बचाने की कार्य करें, मौके पर अध्यक्ष बानिज, कोषाध्यक्ष फरजन शेख, अकमल शेख, अल्हज कर्मचारी नवीन थे।

### बागवानी सखियों को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**पाकुड़ :** बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत ग्रामीण विकास विभाग, मनरेगा और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी पाकुड़ सदर के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को मनरेगा के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वृक्षारोपण हेतु बागवानी सखियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी शफीक आलम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण में मुख्यत: बिरसा हरित ग्राम योजना की विस्तारपूर्वक जानकारी, वृक्षारोपण हेतु गड्ढा खुदाई, ले आउट कराना, गड्ढा भराई, फेंसिंग, पौधा रोपाई, पौधों का बेहतर प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई।

**न्यूज फटाफट**

### पिछले 1 माह से चल रहा नगर संग कीर्तन विधि विधान पूर्वक हुआ संपन्न



**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत गंधाईपुर में एक माह तक चलने वाले नगर स. कीर्तन का विधिवत मंगलवार को संपन्न हो गया। सदर प्रखंड के ग्राम वासियों ने प्रात: काल से ही खोल-करताल लेकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए हरिनाम संकीर्तन करते हुऐ ग्राम देवी मंदिर में कीर्तन का समापन हुआ। अमूल्य रविदास ने बताया कि पवित्र बैशाख मास में एक महीने तक ग्राम कीर्तन का आयोजन पूरे भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। एकादशी तिथि को विधिवत नगर कीर्तन का निस्तार किया गया। मौके पर ध्रुव मंडल, पंकज सरकार, अधीर दास, संतोष मंडल, आनंद सरकार, अशोक रविदास, चंदन सरकार, नुपुर सरकार, अंतु सरकार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### उपायुक्त के निर्देश के बावजूद पाकुरिया बाजार में मरम्मत नहीं हुआ दो चापाकल



**पाकुड़िया:** बाजार अंतर्गत डागबगला मोड में खराब पड़े दो चापाकल जो कि 3 महीना से खराब है उस पर अभी तक कोई मरमति नहीं किया गया। जबकि इस मुद्दे को प्रखंड विकास पदाधिकारी के सामने रखा गया था एवं 20 सूत्री सदस्य के बैठक में भी रखा गया था पूर्व जिला परिषद सदस्य स्टीफन मरांडी ने बात रखा था लेकिन आज तक इस चापाकल की मरामती नहीं की गई है। जब बाजार की यह स्थिति है गांव एवं मोहल्ले का क्या स्थिति होगा कांग्रेस के प्रखंड सचिव कमाल अंसारी ने इसकी शिकायत बीडीओ से कई बार किया लेकिन इसका निदान नहीं किया गया। अत: उपायुक्त महोदय से अनुरोध है कि इस पर संज्ञान लेकर जल्द पाकुरिया बाजार के लोगों को पानी की सुविधा मुहैया कराया जाए।

### बीडीओ ने मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना प्रगति का किया समीक्षा



**पाकुड़ :** जिले के हिरणपुर प्रखंड के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी की अध्यक्षता में मनरेगा एवं आवास योजना की समीक्षा पंचायत कर्मियों एवं मुखिया के साथ किया। मनरेगा अंतर्गत लंबित सोक पीट, कम्पोस्ट पीट, वर्षाजल संचयन, पोटो हो खेल मैदान, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण योजना के पूर्ण करने हेतु संबंधित पंचायत के रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को एक सप्ताह का समय दिया गया। मजदूरों का आधार प्रविष्टि शत-प्रतिशत करने हेतु निर्देश सभी रोजगार सेवक को दिया गया। पंचायत में प्रतिदिन कम से कम 100 मजदूरों को काम का आवंटन तथा 5 योजना प्रति गांव चलाने का निर्देश दिया। श्रम बजट के अनुरूप योजना स्वीकृत हेतु बिरसा सिंचाई कूप एवं बिरसा हरित ग्राम योजना लक्ष्य के अनुसार स्वीकृत कर योजना प्रारंभ करने का निर्देश सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव को दिया गया। सभी रोजगार सेवक को 10-10 योजना का जियो टैग प्रतिदिन करने का लक्ष्य दिया गया। लंबित आवास में प्रगति लाने का निर्देश सभी पंचायत सचिव को दिया गया। मौके पर एमओ राम कुमार साह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ट्विंकल चौधरी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सहित अन्य सभी उपस्थित थे।

### रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की कई समस्याओं को आन द स्पॉट हुआ समाधान



**पाकुड़ :** महेशपुर प्रखंड के बांकुड़ा पंचायत, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सूरजबेड़ा पंचायत, पाकुड़िया प्रखंड के बन्नोग्राम पंचायत, सदर प्रखंड पाकुड़ के चांदपुर पंचायत में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला स्तरीय/ प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रात्रि चौपाल में जिला स्तरीय/ प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण सजग रहकर राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं तथा खुद लाभान्वित होकर ओरों को भी प्रेरित करें। चौपाल में पेयजल की समस्या, बीपीएल में नाम जुड़वाने, पेंशन, राशन वितरण, बिजली, स्कूल में पठन पाठन, स्वास्थ से संबंधित मनरेगा, म्यूटेशन आदि योजना से संबंधित समस्याएं रखी। जिस पर जिला स्तरीय पदाधिकारीयों ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी समस्याओं का समाधान कर उन्हें रिर्पोट पेश करें।

### राजा राममोहन राय की 250 वी जयंती पर निकाला जागरूकता रैली




**पाकुड़ :** राजा राम मोहन राय की 250 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज जिले के विभिन्न विद्यालय के छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण थीम पर जागरूकता रैली निकाली गई। ये रैली सिदो-कान्हू पार्क से डायट भवन पाकुड़ में समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। पुन: डायट भवन में रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के बीच चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागी को सम्मानित किया गया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती रजनी देवी, एडीपीओ जयेंद्र मिश्रा, समग्र शिक्षा के पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालय के शिक्षक एवं जनसंपर्क कार्यालय से दीपाली साह समेत अन्य उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### नवनियुक्त शिक्षकों की काउंसलिंग संपन्न

**कोडरमा:** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा नवनियुक्ति हेतु कुल 5 विषयों जीवविज्ञान, रसायनशास्त्र, गृह विज्ञान, संस्कृत, इतिहास नागरिकशास्त्र और संगीत में अनुशांसित अभ्यर्थियों का काउंसलिंग किया गया। उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि आप लोगों को जिस विद्यालय में आवंटित किया गया है, वहां के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करें। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार व अन्य मौजूद रहे?।

## सिटी अपडेट्स >>

### ताप विद्युत केंद्र में स्वच्छता पखवाडा शुरू

**जयनगर:** दामोदर घाटी निगम के कोडरमा ताप विद्युत केंद्र, के प्रांगण में स्वच्छता पखवाडा का शुभारम्भ मंगलवार को मुख्य अभियंता एवं परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह के सानिध्य में दीप प्रज्वलित कर की गई। साथ में अरुनावा मित्र, मुख्य अभियंता, राम प्रवेश शाह, मुख्य अभियंता, रविन्द्र कुमार, उपमुख्य अभियंता, बिनोद कुमार राय, उपमुख्य अभियंता, एसके व्यास, उपमुख्य अभियंता ने भी दीप प्रज्वलन में सहयोग किया। मौके पर मुख्य अभियंता एवं परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता पखवाडा के साथ साथ हमें दैनिक जीवन में भी स्वच्छता को अपनाना चाहिए जिसकी शुरूआत स्वयं से करनी होगी। स्वच्छता स्वास्थ्य प्रदान करती है जो राष्ट्र निर्माण में सहायक होती है। कार्यक्रम का संचालन संजय कुजूर, कार्यपालक ने किया। कार्यक्रम में सब्यसाची मण्डल, मृणाल कच्छप, शशिभूषण कुमार, अमन ज्योति, प्रशांत कुमार मण्डल, रणजीत कुमार सिंह, पीके झा, प्रवीण कुमार, बलवंत कुमार पैंकरा, रंजन कुमार, रवि शंकर कुमार, नरेश कुमार साव, गोपाल हालदार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपथित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### युवाओं के व्यवसायिक कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**कोडरमा:** समर्पण एवं टीडीएच के द्वारा डोमचांच प्रखंड के ढाब में युवाओं के व्यवसायिक कौशल विकास हेतु ब्यूटी पार्लर प्रबंधन के ऊपर 15 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ। प्रशिक्षण में ढोढाकोला, ढाब एवं बंगाखलार पंचायत के 20 युवतियों ने भाग लिया। जिनमें कौशल विकास या हुनरमंद होने की ललक होती है वे समाज या परिवार के अग्रणी भूमिका में होते हैं। प्रशिक्षक प्रियंका कुमारी ने कहा कि किशोरियों के लिए आर्थिक उपार्जन के लिए ब्यूटीशियन कोर्स या व्यवसाय एक अच्छा स्रोत है। मौके पर समर्पण के प्रभाकर कुमार, उमेश कुमार, प्रीति गुडिया मुर्मू, विमला देवी, मंगलदेव कुमार, बबिता कुमारी, मनीषा कुमारी, कारण कुमार आदि उपस्थित थे।

### एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सतगावां:** प्रखण्ड सह अंचल सभागार में मगंलवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उड़ाव की अध्यक्षता में प्रखण्ड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक -सह-पंचायती राज संस्थान के सदस्यों के एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से न सिर्फ सेहत पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है साथ ही आर्थिक नुकसान भी होता है। तम्बाकू सेवन न करके जिंदगी के साथ साथ आर्थिक नुकसान को भी बचाया जा सकता है।

**कार्रवाई**

### उत्पाद विभाग को मिली बड़ी सफलता

# भारी मात्रा में नकली शराब बरामद, शराब कारोबारी गिरफ्तार

▶▶ इंस्पेक्टर प्रेम प्रकाश ने बताया कि इसमे के और लोग भी शामिल है,

▶▶ पूरा गिरोह विभाग के रडार पर हैं

राष्ट्रीय खबर



**कुडू :** कुडू के रिहायशी इलाके बाजार टांड से उत्पाद विभाग की टीम ने शराब की बड़ी खेप के साथ रिफिलिंग के लिए रखी गयी खाली बोतल सहित अन्य सामान जब्त किया है। उत्पाद विभाग रांची की की टीम के इंस्पेक्टर प्रेम प्रकाश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुडू में बड़े पैमाने पर अवैध शराब की बड़ी खेप पहुंचने की गुप्त सुचना मिली थी। जिसके बाद उत्पाद आयुक्त के निर्देश पर रांची और लोहरदगा की एक संयुक्त टीम गठित की गई जिसमें प्रदीप करमाली, राजकुमार महतो, अमित गुप्ता, ललित सोरेन, आशीष पांडेय सहित रांची और लोहरदगा उत्पाद विभाग के लोग शामिल थे। टीम द्वारा मंगलवार 16 मइ की शाम कुडू के बाजार टांड में छापेमारी की गयी जहां कुडू बढहनिया निवासी अमर गुप्ता 31 पिता कृष्णा साव के बाउंड्री नुमा घर में रखे 68 पेटी ब्लैक हॉर्स विस्की, आरएस 180 एमएल का 59, इम्पेरियल ब्लू 72, मैकडोवेल 22 पीस के अलावा आरएस की खाली बोतल 13, आईबी की 36, तीन बोरा ढक्कन, बोतल में लगाने का स्टिकर सहित अन्य सामान बरामद किए गए है।

और इसके सरगना को बढनिया स्थित घर से गिरफ्तार किया गया है। इंस्पेक्टर प्रेम प्रकाश ने बताया कि इसमे के और लोग भी शामिल है, पूरा गिरोह विभाग के रडार पर हैं। जल्द ही सभी गिरफ्तार किए जाएंगे। उंन्होने बताया कि ब्लैक हॉर्स सस्ती शराब है जिसे ये गिरोह लोकल बाजार में चलने वाले ब्रांड की बोतलों में भरकर महंगे दामो में बेचा करता है।

**बिहार में शराबबंदी के बाद से कुडू बन गया है शराब का हब**

ज्ञात हो कि 24 जून वर्ष 2020 को भी बढनिया में शंकर लोहरा के घर से कुडू पुलिस ने 1100 बोतल शराब, ओसी, आरएस, आईबी, किंग गोल्ड की छोटी बड़ी 3 हजार, ढक्कन 400, कंपनी का स्टीकर 200 पत्ता और सील 150 बरामद की थी। उसमें भी यही अमर गुप्ता जेल गया था। बताते चलें कि बिहार में शराबबंदी के बाद से कुडू के रास्ते झारखंड सीमा से लगे बिहार के क्षेत्र में अवैध शराब की खेप पहुंचाने का कारोबार लगातार फल फूल रहा है। कुडू प्रखंड पिछले कुछ वर्षों से अवैध शराब के कारोबार की खबरों में लगातार बना रहा है। या ये कहें कि कुडू प्रखंड में शराब का अवैध धंधा इन दिनों खूब चल रहा है।

## अल्फा इंटरनेशनल स्कूल में रुबेला, खसरा का टीका मिला

राष्ट्रीय खबर



**जयनगर:** प्रखंड के अल्फा इंटरनेशनल स्कूल जयनगर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखण्ड सरकार व जिला स्वास्थ्य समिति कोडरमा के तत्वधान विद्यालय परिवार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर के सौजन्य से रुबैला एवं खसरा के टीकाकरण का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों और अभिभावकों ने उत्साह का प्रर्दशन करते हुए इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वास्थ्य विभाग कोडरमा के पदाधिकारियों द्वारा बच्चों को टीकाकरण के लिए प्रमाण पत्र दिया गया। स्कूल के निदेशक मोहम्मद हुजैफा आलम ने बताया कि इस टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में स्कूल के अभिभावकगण एवं स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रही। मौके पर शिक्षक निकिता कुमारी, अंकिता यादव, शबनम परवीन, शालिनी पांडेय, जावेद खान, सुतापा विश्वास, सना खान सहित कई लोग मौजूद थे।

### कुडू में एक और बना साइबर अपराधियों का शिकारबैंक से उड़ाए 58 हजार

## थाने में नहीं लिया गया केस तो पीड़ित ने एसपी से लगाई मदद की गुहार

राष्ट्रीय खबर

**कुडू :** साइबर ठगों ने कुडू थाना में क्षेत्र में एक और शिकार बनाया है। मामला मकान्दू गांव का है जहां सुधा डेयरी के लिए दूध कलेक्शन करने वाले कमलेश यादव पिता कृपाल यादव के एयरटेल पेमेंट बैंक के खाते से 58 हजार रु की अवैध निकासी हुई है। जिले के पुलिस अधीक्षक को डाक के माध्यम से भेजे गए अपने आवेदन में कमलेश यादव ने बताया है कि बीते 5 मई को सुधा डेयरी द्वारा उसके एयरटेल पेमेंट बैंक के खाते में 58 हजार रु भेजे गए थे। दूसरे दिन जब 6 मइ को वो अपने खाते से दूध देने वाले किसानों के खाते में पैसा भेजने लगा तो अपर्याप्त राशि बताने लगा। देखने पर पता चला कि विभिन्न मोबाइल नम्बरों में बिना मेरी जानकारी के पैसे भेज दिए गए हैं। जिसकी सूचना तत्काल में पीड़ित ने एयरटेल कंपनी के एरिया मैनेजर कमलेश ठाकुर को दी। जिसपर जरूरी जांच पड़ताल के बाद एरिया मैनेजर ने 3 से 4 कार्य दिवस के अंदर पैसे वापस कराने का आश्वासन दिया। लेकिन एक सप्ताह के बाद भी पैसे नही आने पर कुडू थाना में आवेदन देकर मदद की गुहार लागई परंतु वहां मुझे झूठा बताकर बिना केस लिए ही वापस भेज दिया गया। थक हार कर मैं डाक द्वारा श्रीमान को आवेदन देकर मदद की गुहार लगा रहा हूँ। उचित कार्यवाई कर मुझे मेरे पैसा दिलाने की कृपा करें।

**सरकारी चापाकल पड़ा है खराब**

**जयनगर:** प्रखंड के परसाबाद चौक रेलवे क्रॉसिंग के पास मात्र एक चापाकल है जो कई महीनों से खराब पड़ा है। आज देखा गया कि विद्यालय के बच्चे विद्यालय से पढ़कर लौट रहे थे।

## चंदवारा में दो दिवसीय योग शिविर का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** स्वास्थ्य केंद्र सतगावां, कोडरमा, जयनगर, मरकच्चो, का चंदवारा हेल्थ सेंटर में निशुल्क दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। समय सुबह 5 से 7 बजे तक जिसमें चार प्रखंड की सहिया बहन ने उपस्थित होकर शिविर में भाग लिया। शिविर का उद्घाटन झारखंड सरकार आयुष विभाग की मास्टर योगा ट्रेनर योगाचार्य सुषमा सुमन ने मंत्रोच्चारण कर-के की। सुषमा सुमन ने बताया कि सहिया बहन को योग की जानकारी पूरी होनी चाहिए क्योंकि अपने गांव के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वह मदद कर सकती है। सुषमा सुमन ने निशुल्क योग शिविर लगाकर सबको आठ प्राणायाम बताया और कहा कि भस्त्रिका, कपालभाति और अनुलोम विलोम यह सभी बीमारियों में जबरदस्त लाभ करता है। साथ में पूरे शरीर का फिटनेस रखने के लिए 12 तरह का व्यायाम और एक्वा प्रेशर प्वाइंट और हास्य आसन, सिंधासन, मंडूकासन के बारे में बताया। योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि अंतिम व्यक्ति तक योग पहुंचाने रात दिन मेहनत हो रही है और 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भी तैयारी जोरों से चल रही है। शिविर के व्यवस्थापक प्रकाश चंद्र राय, पवन कुमार, जयप्रकाश यादव, दिनेश चौधरी ने सहयोग किया। शिविर में ममता देवी, अफसाना, शहनाज, रिंकू देवी, रीता देवी, फातिमा खातून और अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिला शिक्षा अधिक्षक ने हेरहंज, होंजर व घूरे विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**हेरहंज:** प्रखण्ड क्षेत्र में शिक्षा की लचर व्यवस्था की खुली पोल ।हेरहंज प्रखण्ड के सलैया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय होंजर में पिछले कई दिनों से मध्याह्न भोजन बन्द का मामला अखबार में छपने के बाद जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो ने लिया संज्ञान ।खबर मिलते ही तुरंत हेरहंज प्रखण्ड मुख्यालय पहुँच होंजर सहित विभिन्न विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण ।निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम डी एस ई राजकीय मध्य विद्यालय हेरहंज पहुँची जहाँ प्रधानाध्यापक अंजनी कुमार सिन्हा अनुपस्थित मिले ।कुछ देर बीतने के बाद प्रधानाध्यापक विद्यालय पहुंचे। उनसे अनुपस्थित होने के कारण पूछा गया जिसपर उन्होंने बी ई ओ को जानकारी देकर छूटी में जाने की बात कही ।जिसपर डी एस ई कविता खलखो ने उनसे पूछा कि आप छुट्टी का आवेदन क्यों नही दिए या फोन के माध्यम से मुझे क्यों नही जानकारी दिए ।जबकि आप प्रधानाध्यापक के साथ साथ डी डी ओ भी हैं ।प्रधानाध्यापक के बारे में शिकायत मिली थी कि अंजनी सिन्हा सप्ताह में दो दिन स्कूल आते हैं बाकी दिन डी डी ओ के काम का हवाला देकर विद्यालय से गायब रहते हैं ।श्रीमती खलखो ने विद्यालय के शौचालय एवं रसोईघर में बन रहे भोजन का भी निरीक्षण किया गया ।शौचालय में गंदगी देख भड़की डी एस ई प्रधानाध्यापक एवं सहयोगी शिक्षकों को जमकर लगाई फटकार व जल्द से जल्द सफाई करवाने एवं बाल्टी हैण्ड वास,फिनेल की व्यवस्था करने का दिया निर्देश ।रसोईघर में गंदगी व सामग्री बिखेर कर खुले में रखने को लेकर भी निर्देश दिया कहा इससे बच्चे बीमार हो सकते हैं रसोईघर को साफ सुथरा रखें व खाना बनाने वाले नमक मशाला इत्यादि सामग्रियों को डब्बे में रखें जिससे वह सुरक्षित रहे ।वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो ने अखबार में प्रकाशित होंजर व बोंगादाग विद्यालय के मामले पर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय होंजर पहंची।

**जांच**

### उपायुक्त ने डोमचांच प्रखंड का दौरा किया

## बच्चों की बुनियादी सुविधाओं का रखें ख्याल : रंजन





राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** मंगलवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने डोमचांच प्रखंड का दौरा किया। इस क्रम में उपायुक्त ने सीएम प्लस टू उच्च विद्यालय डोमचांच, उच्च विद्यालय बच्छेडीह, उच्च विद्यालय बेहराडीह, उच्च विद्यालय मसमोहना और उत्क्रमित उच्च विद्यालय डगरनवां का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने विद्यालय के संरचनात्मक विकास हेतु किये जा रहे कार्य यथा (भवन निर्माण कार्य, बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य, विद्यालय के क्लास को व्यवस्थित करना) समेत अन्य कार्यों की पूरी जानकारी ली। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, सुनिश्चित करेंगे। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही ने बरतें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने उत्कृष्ट विद्यालय में चयन विद्यालय सी.एम प्लस टू उच्च विद्यालय डोमचांच में किये गये कार्यों की जानकारी ली और शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। इसके अलावे नगर पंचायत डोमचांच अंतर्गत डीएमएफटी से बन रहे तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।

**बच्चों से पठन-पाठन की जानकारी ली**

उपायुक्त श्री रंजन ने विद्यालयों में बच्चों से बात चीत की और शिक्षकों के द्वारा बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता के साथ साथ वहां के आधारभूत संरचना की विस्तृत जानकारी ली और उपस्थित सम्बंधित अधिकारियों, प्रधानाचार्य व शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने विद्यालयों का भ्रमण कर बच्चों की बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देने को कहा। जिन विद्यालयों में चहारदीवारी वॉल नहीं है वहां जल्द से जल्द इसे बनवाने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डोमचांच उदय कुमार सिन्हा, एडीपीओ शिव मल्लिक, पीएमयू सदस्य अनुज व अन्य मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### घाटी में मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त, महिला घायल

**कोडरमा:** जिले के कोडरमा घाटी में मंगलवार की सुबह मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान मनीता देवी (उम्र 23 वर्ष, पिता सिकंदर यादव, ग्राम चंदवारा पिपराही) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार महिला अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से बिहार के नवादा से कोडरमा घाटी होते हुए चंदवारा लौट रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें महिला चोटिल हुई है। जिन्हें आनन फानन ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### घर के छत से गिरकर बुजुर्ग घायल

**कोडरम :**जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र के राजारायडीह में मंगलवार की सुबह घर की छत पर काम करने के दौरान गिरकर एक बुजुर्ग व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान 66 वर्षीय रामचंद्र दास ग्राम राजारायडीह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपने घर की छत के ऊपर काम करने के दौरान अचानक नीचे गिर कर घायल हो गए, जिसके बाद कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### कोडरमा सदर अस्पताल में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मना



**कोडरमा:** मंगलवार को सिविल सर्जन सभागार, कोडरमा में सिविल सर्जन डा अनिल कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। वहीं जिला मलेरिया पदाधिकारी, भीबीडी कोडरमा डॉ मनोज कुमार द्वारा बताया गया कि डेंगू फैलाने वाले एडिस मच्छर ठहरे हुए एवं साफ पानी में पनपते हैं। बरसात के मौसम में अपने घर के आस-पास या छत पर टुटे-फुटे बर्तनों, फ्रिज, कुलर, टायर, गमला, नारियल का खोपडा आदि में बरसात का पानी जमा नहीं रखें, क्योकि बारिश के मौसम में इन्हीं में पानी जमा होता है, जिसमें एडिस मच्छर पनपते हैं। पानी जमा करने वाले सभी बर्तनों एवं पानी की टंकी को अच्छी तरह ढक कर रखें, कूलर को हमेशा साफ रखें। उसमें दुबारा पानी भरने से पहले उसे रगड़ कर साफ करके सुखा लें। फूलदान, पैन तथा पालतू पक्षियों के पानी पीने के बर्तन में सप्ताह में एक बार पानी को बदल दें। एडिस मच्छर हमेशा दिन के समय काटते हैं, इसलिए पूरे शरीर को ढकनेवाले कपड़े पहनें। जिन क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप अधिक है, उन क्षेत्रों में जाने से पहले अपनी त्वचा पर मच्छर रोधी क्रीम का प्रयोग करें। मच्छरों से बचाव के लिए घर की खिड़की तथा दरवाजे पर जाली लगवायें। डेंगू बुखार के उपचार के लिए कोई विशेष दवा नहीं है। अगर डेंगू के लक्षण दिखायी दें, तो तुरन्त अस्पताल में चिकित्सक से सम्पर्क करें। मौके पर डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार, डीयूएचएम विनीत अग्निहोत्री, डा विकस चैधरी, अविनाश आनंद, ललन कुमार राणा, आयुष विभाग के सभी सीएचओ आदि मौजूद थे।

### जयनगर में कुत्ते के हमले से बुजुर्ग घायल



जयनगर: थाना क्षेत्र के डंडाडीह में मंगलवार को घर के बाहर बैठे एक बुजुर्ग सिद्धू पासवान (उम्र करीब 70 वर्ष पिता फौदी पासवान) पर एक पागल कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। इस दौरान कुत्ता के द्वारा बुजुर्ग के हाथ और पैर में कई जगह पर काटकर उन्हें जख्मी कर दिया। इस दौरान परिजनों ने किसी तरह कुत्ते से बुजुर्ग की जान बचाई और आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेजा।

### हज जा रहे दम्पत्ति को भाकपा ने सम्मानित किया

**कोडरमा:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोडरमा के द्वारा कोडरमा प्रखंड के अंतर्गत ग्राम कोलगरमा निवासी रहमत अंसारी एवं उनकी पत्नी जमीला खातून मक्का को सम्मानित किया गया। दोनों हज करने जा रहे हैं। इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने दोनों पति-पत्नी को बधाई दिया एवं हज कार्यक्रम मंगलमय हो इसी कामना के साथ माला पहनाकर स्वागत किया। कहा कि कोडरमा प्रखंड के लिए सौभाग्य है जो कोलगरमा से हज के लिए दोनों पति-पत्नी जा रहे हैं। इस अवसर पर भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह, जयनगर पूर्व उपप्रमुख वीरेंद्र यादव, एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूम उद्दीन, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, सहायक अंचल मंत्री सुखदेव पांडेय, काली सिंह, करीम अंसारी, समसुद्दीन अंसारी, असगर अंसारी, बशारत अंसारी, शकूर अहमद, खुर्शीद अंसारी, राष्ट्रीय जनता दल के नेता खालिद खलील, विजय सिंह, भोला सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### उच्च विद्यालय जयपुर में खुला मंच कार्यक्रम

**झुमरीतिलैया:** चाइल्डलाइन एवं समर्पण के द्वारा कांको पंचायत के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय जयपुर में खुला मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक महबूब आलम ने की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से निश्चित रूप से बच्चों को मदद मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चाइल्डलाइन समन्वयक श्रवण कुमार ने कविता एवं संगीत के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया एवं कहा कि जीवन की संघर्ष को हमलोग आपसी सहयोग से मिल-बाट के खत्म कर सकते हैं। टीम मेम्बर सुनिता कुमारी ने बच्चों से संबंधित अधिकार एवं कानून बाल विवाह निषेद अधिनियम 2015 के बारे में बताया। टीम मेम्बर जयमंगल राणा ने कहा कि चाइल्डलाइन टोल फ्री न. 1098 एक राष्ट्रीय मुक्त एवं पहुंच सेवा है। यह 24 घंटे सेवा में रहती है। इसके तहत मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से शोषित बच्चों को मदद पहुंचाई जाती है। बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण, खोया-पाया, पिछड़ा बच्चा, बीमार से संबंधित मामले हो तो 1098 पर कॉल करें। हमारी टीम 1 घंटे के भीतर पहुंचकर बच्चों की सहायता करेगी। बच्चों को बाल अधिकार और बाल तस्करी के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। मौके पर चाइल्डलाइन के टीम जितेन्द्र सिंह, योगेश कुमार एवं स्कूल के शिक्षका शामिल हुए।

## न्यूज फटाफट

### शतरंज प्रणीत तेलंगाना सरकार प्रणीत को 2.5 करोड़ रुपये देगी तेलंगाना सरकार



**हैदराबाद:** मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने तेलंगाना के शतरंज खिलाड़ी उप्पला प्रणीत को ग्रैंडमास्टर की उपाधि हासिल करने पर बधाई देते हुए 2.5 करोड़ रुपये की धनराशि से सम्मानित करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रणीत को यह धनराशि प्रशिक्षण और अन्य खर्चों के लिये दी जायेगी। श्री राव ने कहा कि प्रणीत (16) की लगन, मेहनत और समर्पण ने उन्हें ग्रैंडमास्टर बनाया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रणीत और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे और भविष्य में तेलंगाना एवं भारत के लिये ख्याति अर्जित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रणीत की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनका हर कदम पर सहयोग करेगी। इसी बीच, श्री राव ने शतरंज चैंपियन वीरलापल्ली नंदिता को ह्यमहिला कैंडिडेट मास्टरह्न बनने पर 50 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने 19 वर्षीय नंदिता को विश्व शतरंज महासंघ द्वारा यह उपाधि दिये जाने पर बधाई दी। उन्होंने कामना की कि नंदिता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नयी ऊंचाइयों को छुए।

### प्रणय ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की



**कुआला लंपुर:** भारतीय शटलर एच एस प्रणय ने मंगलवार को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पुरुष एकल रैंकिंग हासिल कर ली। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की ओर से जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, प्रणय दो पायदान की छलांग लगाकर पहली बार सातवें स्थान पर आ गये हैं। केरल के 30 वर्षीय शटलर शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय हैं जबकि लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत क्रमश: 22वें और 23वें स्थान पर हैं। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने भी 17वें स्थान से 15वें स्थान तक छलांग लगाते हुए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की। महिला एकल वर्ग में, पी वी सिंधु एक पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गईं, जबकि साइना नेहवाल 36वें स्थान पर बरकरार हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दो पायदान नीचे गिरकर सातवें स्थान पर पहुंच गयी। बीडब्ल्यूएफ ने यह नतीजे सुदीरमन कप में मलेशिया के हाथों भारतीय मिश्रित टीम की हार के बाद प्रकाशित किये। भारतीय टीम ग्रुप-सी के पहले मैच में चीनी ताइपे (1-4) से और दूसरे मैच में मलेशिया (5-0) से हारकर सुदीरमन कप से बाहर हो गयी है। भारत का तीसरा और आखिरी मुकाबला बुधवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा।

### नॉरी को हराकर क्वार्टरफाइनल में जोकोविच



**रोम:** सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी और छह बार के इटालियन ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को यहां प्री-क्वार्टरफाइनल में कैमरन नॉरी को हराकर सातवें खिताब की ओर एक और कदम बढ़ा लिया। जोकोविच ने करीबी मुकाबले में नॉरी को 6-3, 6-4 से हराकर इटालियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। सर्बियाई स्टार ने टूर्नामेंट की धीमी शुरुआत की थी लेकिन नॉरी के खिलाफ उन्होंने पहले सेट में तेजी से 3-0 की बढ़त बना ली। नॉरी इस बढ़त को खत्म नहीं कर सके और पहला सेट 3-6 से हार गये। दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की ओर ज़ोरदार प्रहार किये और नॉरी का एक मज़बूत शॉट जोकोविच के पांव पर भी जा लगा। इसके बाद हालांकि जोकोविच मैच पर हावी हो गये। नॉरी की अप्रत्याशित गलतियां उनके लिये मददगार नहीं रहीं जबकि ब्रिटिश खिलाड़ी ने एक बार फिर सर्विस गंवा दी। मैच के आखिरी गेम में नॉरी 30-0 से आगे चल रहे थे, लेकिन जोकोविच ने शानदार वापसी करते हुए मैच अपनी मुट्ठी में कर लिया। जोकोविच ने जीत के बाद कहा, ''अभी तक टूर्नामेंट अच्छा रहा है। आज शुरुआत जल्दी हुई। परिस्थितियां थोड़ी अलग थीं। मैंने दरअसल 10 मिनट पहले ही अपना अभ्यास समाप्त किया था ।

**समर्थन** भाजपा के अंदर से निकली महिला पहलवानों के समर्थन की आवाज

# भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह जंतर मंतर पहुंचे

- जांच के बाद दोषियों को सजा मिलनी चाहिए: सिंह
- पहलवानों के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर साझा की

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** हरियाणा के कद्दावर भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह ने खुलकर अब महिला पहलवानों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि दोषी को सजा मिलनी चाहिए। श्री सिंह ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारी पहलवानों से मुलाकात की और कहा कि जांच के बाद दोषियों को सजा मिलनी चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह ने सोमवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहलवानों से मुलाकात की, जो यौन उत्पीड़न के आरोपों का हवाला देते हुए डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए वीरेंद्र सिंह ने कहा कि जांच के बाद दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। दिग्गज राजनेताओं ने भी ट्विटर का सहारा लिया और विरोध करने वाले पहलवानों के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर साझा की। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे भारत के प्रदर्शनकारी बेटे-बेटियों से मिला। देश के प्रमुख महिला और पुरुष पहलवान 23 अप्रैल से जंतर-मंतर पर भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। यहां तक कि कई किसान संगठन भी उनके साथ एकजुटता दिखाने के लिए विरोध में शामिल हुए हैं। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने दो एफआईआर दर्ज की हैं। इस हफ्ते की शुरूआत में दिल्ली पुलिस ने यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में डब्ल्यूएफआई प्रमुख का बयान दर्ज किया था। पहली प्राथमिकी एक नाबालिग पहलवान द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है, जिसे यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण पोस्को एक्ट के तहत दर्ज किया गया है, जबकि दूसरी वयस्कों द्वारा शील भंग करने की शिकायतों पर दर्ज की गई है। इस बीच, भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह ने महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन किया है और प्रदर्शनकारियों से जांच रिपोर्ट का इंतजार करने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वह निर्दोष थे और आरोप लगाया कि उन्हें निशाना बनाया गया क्योंकि उन्होंने पहलवानों के लिए चयन प्रक्रिया में सुधार लाए थे।

## खेल जगत अपडेट्स

### चोट के कारण आयरलैंड टेस्ट से बाहर हुए आर्चर



**लंदन:** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर दाईं कोहनी की समस्या पुन: उभरने के कारण आयरलैंड के विरुद्ध होने वाले एकमात्र टेस्ट से बाहर हो गये हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। ईसीबी ने बताया कि आर्चर इस चोट के कारण गर्मियों के क्रिकेट सत्र में हिस्सा नहीं लेंगे और मेडिकल टीम के साथ समय बिताएंगे। उल्लेखनीय है कि कोहनी में स्ट्रेस फ्रैक्चर होने के कारण आर्चर सबसे पहले 2019-20 में दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर हुए थे। इसके बाद उन्हें टी20 विश्व कप 2021 और एशेज 2021 से भी बाहर रहना पड़ा। इस समस्या के पुन: उभरने का मतलब है कि आर्चर 16 जून से शुरू होने वाली एशेज 2023 टेस्ट शृंखला में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट टीम के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा, ''जोफ्रा आर्चर के लिए यह निराशाजनक और परेशान करने वाला समय रहा है। कोहनी की चोट की पुनरावृत्ति होने तक वह अच्छी प्रगति कर रहे थे, जिसने उसे पहले एक विस्तारित अवधि के लिए बाहर रखा था। हम उन्हें ठीक होने के लिए शुभकामनाएं देते हैं। मुझे यकीन है कि हम जल्द ही जोफ्रा को इंग्लैंड के लिये उनके सर्वश्रेष्ठ रंग में वापस देखेंगे।''
विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो अपने टूटे हुए बाएं पैर और अव्यवस्थित टखने के ठीक होने बाद पूरी तरह से फिट होकर टीम में लौट आये हैं। तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स मार्च 2022 के बाद पहली बार टेस्ट टीम में लौटे हैं। अगर उन्हें एकादश में चुना जाता है तो यह अगस्त 2020 के बाद घरेलू धरती पर उनकी पहली टेस्ट उपस्थिति होगी।
न्यूजीलैंड दौरे से अनुपस्थित रहने के बाद तेज गेंदबाज मार्क वुड भी स्क्वाड में शामिल किये गये हैं। ओली पोप को तत्काल प्रभाव से इंग्लैंड का उप-कप्तान चुन लिया गया है।
इंग्लैंड पुरुष टेस्ट टीम बनाम आयरलैंड : बेन स्टोक्स (कप्तान), जेम्स एंडरसन, जॉनी बेयरस्टो, स्टुअर्ट ब्रॉड, हैरी ब्रूक, ज़ैक क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, जैक लीच, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, क्रिस वोक्स, मार्क वुड।

# धोनी से ऑटोग्राफ मिलना भावुक क्षण था : गावस्कर

एजेंसियां



**चेन्नई:** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से अपनी कमीज़ पर दस्तखत करवाने के बाद कहा कि यह पल भावुक करने वाला था क्योंकि धोनी ने देश के क्रिकेट में अमूल्य योगदान दिया है। बतौर कप्तान तीन आईसीसी ट्रॉफी जीतकर भारतीय क्रिकेट पर अमिट छाप छोड़ने वाले 41 वर्षीय धोनी इस साल संभवतः अपना आखिरी आईपीएल खेल रहे हैं। उन्होंने रविवार को चेन्नई में इस आईपीएल का आखिरी घरेलू मुकाबला खेला, उसके बाद उन्होंने चेपौक स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के साथ काफी समय बिताया।
घुटने की चोट से जूझ रहे धोनी बैंडेज बांधे हुए मैदान में घूमते रहे और एक रैकेट की मदद से बतौर यादगार टेनिस की गेंदें दर्शक दीर्घा में पहुंचाईं। इसी दौरान गावस्कर दौड़कर धोनी के पास पहुंचे और उनसे अपनी कमीज़ पर ऑटोग्राफ लिया। खेल के एक दिग्गज को दूसरे दिग्गज के सामने प्रशंसक बनता देख क्रिकेट प्रेमी फूले नहीं समाये।
गावस्कर ने इस अद्भुत नज़ारे के बारे में स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ''जब मुझे पता चला कि चेन्नई सुपर किंग्स और महेंद्र सिंह धोनी चेपौक का चक्कर लगाने वाले हैं तो मैंने एक विशेष याद संजोने का फैसला किया। इसलिये मैं धोनी के पास दौड़कर गया और उनका ऑटोग्राफ लिया। यह चेपौक में उनका आखिरी घरेलू मैच था। ज़ाहिर है, अगर चेन्नई प्लेऑफ में पहुंचती है तो वह यहां एक और मैच खेलेंगे, लेकिन मैंने उस लम्हे को विशेष बनाने का फैसला किया। मैं खुशकिस्मत था कि कैमरा यूनिट में एक व्यक्ति के पास मार्कर पेन था। मैं उस व्यक्ति का भी शुक्रगुज़ार हूं।'' गावस्कर ने ऑटोग्राफ देने के लिये धोनी की तारीफ की।

## अंतिम दो मैचों में युवा चेहरों को मौका दे सकती है सनराइजर्स



एजेंसियां

**हैदराबाद:** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्करम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सीजन से उनकी टीम के बाहर होने के बाद अंदेशा दिया है कि वह लीग के आखिरी दो मैचों में कुछ युवा खिलाड़ियों को मौका दे सकते हैं। सनराइजर्स को सोमवार रात खेले गये आईपीएल मुकाबले में गुजरात टाइटन्स के हाथों 34 रन की हार का सामना करना पड़ा। अभिषेक शर्मा जैसी युवा प्रतिभाओं और मार्करम जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारों से सजी सनराइजर्स इस सीजन के 12 में से सिर्फ चार मुकाबले जीतने के कारण प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है, हालांकि कप्तान मार्करम अगले दो मैचों में टीम के मान-सम्मान के लिये खेलना चाहते हैं। मार्करम ने मैच के बाद कहा, ''हम अभी भी अपने सम्मान के लिये खेल सकते हैं। मौका मिला तो हम (युवाओं को) कुछ अवसर देने की कोशिश करेंगे। टूर्नामेंट को अच्छी ऊर्जा के साथ खत्म करना बेहतर होगा। दुर्भाग्य से, हम इस साल टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके।''
गुजरात शुभमन गिल (101) के शतक के बावजूद सनराइजर्स के सामने 189 रन का लक्ष्य ही रख सकी, हालांकि सनराइजर्स ने भी अपने सात विकेट 59 रन ही गंवा दिये ।

# शहनाज गिल ने समंदर में लगाए गोते भीगे बदन खिंचवाई दिलकश तस्वीर



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड स्टार और इंटरनेट सेंसेशन बन चुकीं एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट शहनाज गिल इन दिनों थाइलैंड में छुट्टियां एन्जॉय करने के लिए पहुंची हैं। जहां अदाकारा ने बेहद बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इन तस्वीरों में अदाकारा समंदर के पानी में खेलने के बाद समंदर किनारे पोज करती दिखीं। लाल रंग की ड्रेस में सामने आईं अदाकारा शहनाज गिल की ये तस्वीरें हर किसी को अपना दीवाना बना रही है। यही वजह है कि ये फोटोज सोशल मीडिया पर आते ही छा गईं। यहां देखें अदाकारा शहनाज गिल की किलर तस्वीरें।अदाकारा शहनाज गिल इन दिनों थाइलैंड वेकेशन पर निकली हैं। जहां अदाकारा ने बेहद बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। Also Read - Shehnaaz Gill ने फैंस को दिखाई नए घर की झलक, योग के साथ शुरू की जर्नी।



# जब कटरीना कैफ ने की महंगे बार की डिमांड

एजेंसियां

**मुंबई:** विकी कौशल का आज (16 मई को) जन्मदिन है। बर्थडे से एक दिन पहले उनकी फिल्म जरा हटके जरा बचके का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर उन्होंने मीडिय से बातचीत में मजेदार खुलासे किए। वह अपनी शादीशुदा जिंदगी पर भी बोले। विकी ने बताया कि वह असल जिंदगी में कितने कंजूस हैं। उन्होंने अपने जीवन की एक घटना याद की। बताया कि जब कटरीना कैफ घर के लिए महंगा बार खरीदना चाहती थीं तो विकी का क्या रिऐक्शन था। बार की कीमत जानकर विकी ने उसे खरीदने से इनकार कर दिया था। विकी कौशल और कटरीना कैफ बॉलीवुड के चहेते कपल हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान दोनों अपनी शादीशुदा जिंदगी के बारे में जरूर बात करते हैं। विकी और सारा की फिल्म जरा हटके जरा बचके आ रही है। मूवी का ट्रेलर आ चुका है। मीडिया इवेंट के दौरान विकी ने बताया कि उनकी वाइफ कटरीना कैफ एक बार महंगा बार खरीदना चाहती थीं तो उन्होंने क्या जवाब दिया था। विकी बताते हैं, फर्नीचर को लेकर हम दोनों का काफी डिसकशन होता है। जैसे मैडम को घर पर बार चाहिए था। वह जो बार खरीदना चाह रही थीं, मुझे भेजा।
मैंने देखा और सोचा, वो जितने का बार है, मैंने कहा मैं ही खड़ा हो जाऊंगा ट्रे पकड़कर, ये नहीं आएगा घर पर। ये बहुत महंगा है। ये मेरा एक साइनिंग अमाउंट है यार। इसलिए मैंने मना कर दिया कि ये नहीं हो पाएगा यार। विकी कौशल और कटरीना कैफ की शादी 9 दिसंबर 2021 में हुई थी।

# पायल देव का गाना कम तो नहीं रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** जानीमानी गायिका-संगीतकार पायल देव का नया गाना ह्यकम तो नहींह्न रिलीज हो गया है। भूषण कुमार द्वारा निर्मित कुणाल वर्मा द्वारा लिखित, वीडियो ब्रेन द्वारा निर्देशित ह्यकम तो नहींह्न का संगीत वीडियो गोवा में बड़े पैमाने पर शूट किया गया है।इस मधुर ट्रैक में दिगांगना सूर्यवंशी और रोहित पुरोहित भी हैं। पायल देव ने कहा, कम तो नहीं एक सोलफूल हार्टब्रेक सॉन्ग है और मुझे लगता है कि हर कोई जिसने भावनाओं का अनुभव किया है, वह इससे खुद को जोड़ पायेगा। यह एक ऐसी शैली है जिसमें मेरे प्रशंसक मुझे सुनना पसंद करते हैं और मुझे उम्मीद है कि उन्हें यह ट्रैक पसंद आएगा। गीतकार कुणाल वर्मा ने कहा, कम तो नहीं के बोल प्यार, लालसा और एक कड़वी-मीठी भावना व्यक्त करते हैं और पायल देव के भावपूर्ण स्वर इसे और भी खूबसूरत बनाते हैं। दिगांगना सूर्यवंशी ने कहा, एक विशिष्ट प्रेम गीत के विपरीत, कम तो नहीं, मेंह्न थिराव ह्लहै। यह एक खूबसूरत ट्रैक है जिसका श्रोता आनंद लेंगे। रोहित पुरोहित ने कहा, दर्शक कई तरह से कम तो नहीं से जुड़ेंगे क्योंकि हम सभी ने अपने जीवन में कभी न कभी इस स्थिति का अनुभव किया है। यह गाना अब टी-सीरीज़ के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

## क्या लोगो तुम अक्षय-अमायरा का नया गाना क्या लोगो तुम रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और अभिनेत्री अमायरा दस्तूर का नया गाना क्या लोगो तुम रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार का नया गाना 'क्या लोगो तुम' रिलीज हुआ है। अक्षय कुमार के अलावा इस वीडियो में अमायरा दस्तुर भी नजर आ रही हैं। इसे बी प्राक ने गाया और संगीतबद्ध किया है जबकि इसके बोल जानी ने लिखे हैं। गाने की कहानी की बात करें तो अक्षय कुमार एक मिडल क्लास फैमली मैन हैं और अमायरा उनकी पत्नी हैं। गाने की कहानी फ्लैश बैक में दिखाई गई है। गाने की शुरुआत में एक पति जिसे अपनी पत्नी के धोखे की खबर लग जाती है। जिसके बाद वह सबके सामने उसे अपनी जिंदगी से जाने के लिए कहता है। जहां अमायरा दूसरे शख्स के साथ मैसेज पर प्यार भरी बातें करने लगती हैं। अपना फोन लेने के लिए जब अक्षय वापस जाते हैं तो वह अपनी पत्नी को रंगे हाथ पकड़ लेते हैं. लेकिन बिना कुछ कहे अक्षय बाहर जाते हैं और यहां से गाना के बोल शुरू होते हैं। अक्षय कुमार सभी मेहमानों के सामने अपनी पत्नी की ओर इशारा करते हुए गाते हैं ।



## प्रदेश >> अपडेट

### सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के नोहराधार गांव में मंगलवार सुबह एक कार के पहाड़ी से नीचे गिर जाने से एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गयी। आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ की रिपोर्ट के अनुसार आज सुबह छह बजे नोहराधार गांव में एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। कार में सवार एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गयी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मध्यप्रदेश भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक 19 को

**भोपाल** : भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई की कार्यसमिति बैठक आगामी 19 तारीख को राजधानी भोपाल में आयोजित की गई है। प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार एक दिवसीय बैठक यहां स्थित प्रदेश कार्यालय में होगी। सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक चलने वाली बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बताया जा रहा है कि प्रदेश कार्यसमिति बैठक में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर आगामी 30 मई से 30 जून तक भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले विशेष संपर्क अभियान पर चर्चा होगी।

### कला महोत्सव 2023 का आयोजन 22 से 24 मई तक

**उदयपुर** : राजस्थान के उदयपुर में माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा भारतीय लोक कला मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में 22 से 24 मई तक कला महोत्सव 2023 का आयोजन होगा। संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने एक आदेश जारी कर कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न कमेटियां गठित करते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों-कार्मिकों को दायित्व सौंपे है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ईडी ने लाइका फिल्म निर्माण कंपनी के ठिकानों पर मारे छापे

**चेन्नई** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने मंगलवार को यहां प्रसिद्ध फिल्म निर्माण कंपनी लाइका के परिसरों में छापे मारे। यहां मिली जानकारी के अनुसार, चेन्नई शहर में आठ स्थानों पर छापे मारे गये। ये छापे धनशोधन के आरोपों में मारे जा रहे हैं।

### उत्तराखंड में अवैध शस्त्रों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नैनीताल** : उत्तराखंड के नैनीताल जनपद की रामनगर पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के रामपुर से शस्त्रों की तस्करी करता था। मिली जानकारी के अनुसार रामनगर के थाना प्रभारी अरुण कुमार के नेतृत्व में रामनगर पुलिस की ओर से सोमवार रात को कोसी स्थित नए पुल के पास तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोका और उसकी जांच की। उसके पास से दो तमंचे, एक पिस्तौल और 12 कारतूस बरामद किए गए।

### दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी आंधी से वायु की गुणवत्ता खराब

**नयी दिल्ली** : दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मंगलवार को धूल भरी आंधी आने से दृश्यता कम हो गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब हो गया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि तेज हवाओं के कारण राष्ट्रीय राजधानी स्थित आईजीआई हवाई अड्डे पर दृश्यता घटकर एक हजार मीटर रह गई। दिल्ली में धूल भरी आंधी चलने का कारण प्रमुख कारण राजस्थान पर बना चक्रवाती परिसंचरण है। के कुछ हिस्सों में अगले तीन से चार दिन तक विभिन्न चरणों में पड़ने के अनुमान हैं।

# कांग्रेस के निशाने पर होंगे मोदी द्वारा मनोनीत नये सीबीआई प्रमुख

- डीके शिवकुमार ने नालायक अफसर बताया था
- भाजपा के पक्ष में काम करने का आरोप
- कर्नाटक में चुनावी मुद्दों में एक यह भी
- सिर्फ कांग्रेस के खिलाफ काम का आरोप



राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** आनन फानन में केंद्रीय जांच एजेंसी यानी सीबीआई के निदेशक के तौर पर प्रवीण सूद का मनोनयन संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। ऐसा तब हुआ है जबकि चयन समिति के एक सदस्य कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने आपत्ति जतायी थी। इसलिए तय माना जा रहा है कि नये सीबीआई निदेशक को कांग्रेस की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। कर्नाटक के कद्दावर कांग्रेसी नेता डीके शिवकुमार ने खुले तौर पर प्रवीण सूद को भाजपा का पिट्ठू कहते हुए उनकी गिरफ्तारी की बात कही थी। उन्होंने पहले ही एलान कर दिया था कि अगर कर्नाटक में कांग्रेस सत्ता में आती है तो ऐसे भाजपा समर्थक सरकारी अधिकारी को निश्चित तौर पर गिरफ्तार किया जाएगा।

नए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद ने खुद को 2017 में एक विवाद के बीच पाया जब बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त के रूप में उनकी नियुक्ति के छह महीने बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को उनके खिलाफ कई शिकायतें मिलने के बाद उनका तबादला कर दिया गया था।

छह साल बाद, पुलिस महानिदेशक के रूप में, सूद को मार्च में कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी के शिवकुमार की आलोचना का सामना करना पड़ा। राज्य पुलिस पर कांग्रेस कार्यकताओं के खिलाफ मामले दर्ज करने और भाजपा की ओर आंख मूंदने का आरोप लगाते हुए, शिवकुमार ने चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस सत्ता में वापस आती है तो सूद के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने उन्हें भाजपा का एजेंट भी करार दिया था। पुलिस ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के खिलाफ पेसीएम भ्रष्टाचार विरोधी अभियान चलाने के बाद कांग्रेस कार्यकताओं के खिलाफ कई मामले दर्ज किए थे। शिवकुमार ने 59 वर्षीय पुलिस प्रमुख पर निशाना साधा था और कहा था कि हमारे खिलाफ कम से कम 25 मामले दर्ज किए गए हैं लेकिन भाजपा कार्यकताओं के खिलाफ कोई मामला दर्ज क्यों नहीं किया गया है? यह डीजीपी (प्रवीण सूद) एक नालायक हैं। हमारी सरकार आने दो। हम उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस ने उन्हें हटाने के लिए चुनाव आयोग को पत्र भी लिखा था। कर्नाटक में कांग्रेस के सत्ता में आने के एक दिन बाद रविवार को उनकी नियुक्ति हुई है। सीबीआई वर्तमान में शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच कर रही है और दिसंबर में कांग्रेस नेता की संपत्तियों के साथ-साथ उनके परिवार द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों की तलाशी ली। यह मामला उस समय के आरोपों से जुड़ा है जब शिवकुमार कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार में मंत्री थे। पिछले महीने, कर्नाटक उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ ने सीबीआई जांच के खिलाफ शिवकुमार की अपील को खारिज कर दिया था। भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट को चुनौती देने वाली शिवकुमार की एक अन्य अपील पर 30 मई को सुनवाई होगी। सूद को जनवरी 2020 में डीजीपी रैंक पर पदोन्नत किया गया था और वह दक्षिणी राज्य में सबसे लंबे समय तक पुलिस बल के प्रमुख रहे हैं।

कांग्रेस ने सभी नेताओं को कर्नाटक के जरिए संदेश दिया

## सोशल मीडिया से चुनाव नहीं जीते जा सकते

राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** कांग्रेस संगठन को भी कर्नाटक से सबक लेने की जरूरत है, यह संदेश चुपचाप संगठन के नेताओं तक पहुंच रहा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद ऑपरेशन लोटस की संभावना काफी कम हो गयी है। महाराष्ट्र के मामले में शीर्ष अदालत की संविधान पीठ ने जो कुछ कहा है, वह दरअसल इसी ऑपरेशन लोटस के खिलाफ है। इसलिए कांग्रेस संगठन में नेताओं को गणेश परिक्रमा के बदले जनता से जुड़ाव और संगठन की ताकत बढ़ाने पर जोर देने की बात बतायी जा रही है। यह चर्चा है कि किसी दूसरे राज्य के गेस्ट हाउस में विधायक की बैठक, सूटकेस की अदला-बदली, या राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की तरह फैसला, इसका अब निकट भविष्य में कोई संभावना नहीं है। कर्नाटक के बारे में विरोधी यानी अपने विपक्ष के एकमात्र स्टार प्रचारक नरेंद्र मोदी की गलतियों पर भी चर्चा हो रही है। मणिपुर की स्थिति बिगड़ने के बाद भी वहां पर ध्यान नहीं देकर नरेंद्र मोदी ने पढ़े लिखे जागरुक मतदाताओं को नाराज किया है। मुसलमानों का आरक्षण काटकर दूसरों के देने की चाल भी नाकामयाब रही।

## उड़ीसा से सिम कार्ड की जानकारी देने वाले तीन गिरफ्तार



- भारतीय मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर रही पाकिस्तानी एजेंसियां

राष्ट्रीय खबर

**भुवनेश्वर:** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के साथ मोबाइल सिम का ओटीपी शेयर करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी से साफ हो गया है कि अब पाकिस्तान की जासूसी एजेंसियों के लोग भारतीय मोबाइल नंबरों से अपना काम चला रहे हैं। वैसे दूसरों के नाम पर खरीदी गयी सिम के इस मामले की जांच अभी चल रही है। समझा जाता है कि इन तीनों से जो सिम खरीदे हैं, उन्हें कुछ भारतीयों को भी दिया गया है। अब वे भारतीय भी पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसी के लिए काम करते हैं अथवा नहीं, उसकी जांच अभी बाकी है। ओडिशा पुलिस के एसटीएफ ने रविवार को नयागढ़ और जाजपुर जिलों से तीन लोगों को पहले से सक्रिय सिम कार्ड खरीदने और कथित तौर पर पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के साथ वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया। एसटीएफ सूत्रों ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान 35 वर्षीय पठानी सामंत लेंका के रूप में हुई है, जो एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में शिक्षक के रूप में काम करता है। दो अन्य लोग हैं 26 वर्षीय सरोज कुमार नायक और 19 वर्षीय सौम्या पटनायक। एसटीएफ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, तीनों धोखाधड़ी से दूसरों के नाम पर बड़ी संख्या में सिम खरीद रहे थे और कुछ पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव (पीआईओ)/आईएसआई एजेंटों सहित विभिन्न ग्राहकों को ओटीपी (सिम का उपयोग करके लिंक/जनरेट) बेच रहे थे।

बीएल संतोष पर गिर सकती है कर्नाटक की गाज

## भाजपा में अब मोदी और शाह की साख बचाने की मुहिम तेज



राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** कर्नाटक चुनाव के बाद मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई के अलावा किसी ने पराजय की जिम्मेदारी नहीं ली है। हर सफलता पर मोदी की सफलता का बखान करने वालों ने इस पराजय पर मुंह बंद कर रखा है। जिस तरीके से पूरी बात को सजाया जा रहा है, उससे संकेत मिल रहे हैं कि मोदी का करिश्मा अब भी कायम है, इस बात को कायम रखने की पुरजोर कोशिश भाजपा के अंदर हो रही है। इसलिए राजनीति के जानकार मानते हैं कि भाजपा संगठन की सच्चाई बताने वाले पार्टी के महासचिव (संगठन) बी एल संतोष अब इस गुट के निशाने पर आ गये हैं। चर्चा है कि डैमेज कंट्रोल में इस बार भाजपा के अखिल भारतीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने मोदी-शाह के सूत्र काटने की तैयारी शुरू कर दी है। ये बीएल संतोष बंगाल के प्रभारी भी रहे। यहां टूटे संगठन के बारे में केंद्रीय नेतृत्व को रिपोर्ट करने वाले वे पहले व्यक्ति थे।

हालांकि, तब भी भाजपा बंगाल का संगठन तय नहीं कर पाई थी। इस बीच, आरएसएस 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले एक नया संगठन मंत्री नियुक्त करने जा रहा है। और अगर ऐसा होता है तो बंगाल समेत देश के कई राज्यों में पार्टी की सत्ता का केंद्र बदल जाएगा।सूत्रों के मुताबिक संतोष की इस संभावित विदाई घड़ी को लेकर बंगाल-भाजपा के कई प्रभावशाली नेता चिंतित हैं। बंगाल भाजपा के पुराने नेताओं का आरोप है कि 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले संतोष और तत्कालीन आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक प्रदीप जोशी बंगाल में जमींदारी चलाते थे।

## थाईलैंड का मतदान सैन्य समर्थित सरकार के खिलाफ जाता दिख रहा



राष्ट्रीय खबर

**बैंकॉक:** थाई मतदाताओं ने सैन्य समर्थित सरकार को खारिज कर दिया है क्योंकि दो विपक्षी दल गठबंधन वार्ता के लिए तैयार दिखाई दे रहे हैं। प्रारंभिक परिणाम प्रधान मंत्री प्रयुथ चान-ओचा से आगे बढ़ते हुए मूव फॉरवर्ड और फू थाई पार्टियों को दिखाते हैं। इस चुनाव को थाईलैंड के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में वर्णित किया गया है जिसने हाल के वर्षों में सैन्य तख्तापलट का अनुभव किया है। श्री प्रयुथ ने 2014 में अंतिम तख्तापलट का नेतृत्व किया और कार्यालय में एक और कार्यकाल मांगा। लेकिन उन्हें मूव फॉरवर्ड और फू थाई से कड़ी चुनावी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है जो दो सैन्य विरोधी दल हैं। मूव फॉरवर्ड का नेतृत्व पूर्व तकनीकी कार्यकारी पिटा लिमजारोएनराट कर रहे हैं, जबकि पूर्व पीएम थाकसिन शिनावात्रा की बेटी पैतोंगटारन शिनावात्रा फीयू थाई उम्मीदवार हैं। 97 प्रतिशत मतों की गिनती के साथ, चुनाव आयोग के आंकड़ों के आधार पर की गई गणना में सुझाव दिया गया है कि मूव फॉरवर्ड सबसे अधिक सीटें जीतेगा और उसके बाद फीयू थाई दूसरे स्थान पर रहेगा। श्री पीता ने रात के परिणामों को सनसनीखेज बताया और वादा किया कि सरकार बनाते समय उनकी पार्टी सैन्य समर्थित पार्टियों का विरोध करेगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी फीयू थाई के साथ बातचीत की मांग करेगी और गठबंधन समझौता निश्चित रूप से है। फेउ थाई नेता पेतोंगटार्न शिनावात्रा ने मूव फॉरवर्ड को उनकी सफलता पर बधाई दी और कहा कि हम एक साथ काम कर सकते हैं। हम आगे बढ़ने के लिए बात करने के लिए तैयार हैं, लेकिन हम आधिकारिक परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## न्यूज फटाफट

### वोटरों ने वादा निभाया और दिवंगत प्रत्याशी को जीताया



**लखनऊ** : उत्तर प्रदेश के अमरोहा में हुए नगर निकाय चुनाव में वोटरों ने भरोसा रखने का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस एक सीट के परिणाम ने सभी को हैरानी में डाल दिया है। अमरोहा के हसनपुर नगरपालिका के वार्ड 17 से आशिया बी ने पार्षद पर जीत दर्ज की है। 25 वर्षीय आशिया बी को मिली यह जीत कई मायने में चौंकाने वाली है। दरअसल, नगर निकाय चुनाव की वोटिंग से पहले ही आशिया बी का निधन हो गया था। इसके बाद भी क्षेत्र के लोगों ने उन्हें वोट दिया। उनके निधन की सूचना पूरे इलाके के लोगों को थी। लेकिन काफी मिलनसार आशिया को किये गये वादे के मुताबिक ही लोगों ने उन्हें वोट देकर विजयी बनाया। जब उन्होंने वार्ड पार्षद का नामांकन किया तो क्षेत्र के लोगों ने उन्हें समर्थन देने का एलान किया। लेकिन, चुनाव से पहले ही आशिया का निधन हो गया। इसके बावजूद लोगों ने मृतक कैंडिडेट को वोट देकर जिता दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब हमने आशिया को समर्थन देने का एलान किया था, तो अपने वादे से पीछे कैसे हट जाते? यूपी नगर निकाय चुनाव को लेकर आशिया बी ने हसनपुर नगरपालिका सीट के वार्ड 17 के पार्षद प्रत्याशी तौर पर नामांकन किया था। 16 अप्रैल को उन्होंने अपना नामांकन फॉर्म दाखिल किया।

### न्यूजीलैंड में आधी रात में लगी आग से कई लोगों की मौत

**वेलिंगटन:** न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन में एक चार मंजिला छात्रावास की इमारत में रात में लगी आग में कई लोगों की मौत हो गयी और 30 से अधिक लोगों के लापता होने की आशंका है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि सेंट्रल वेलिंगटन में एडिलेड रोड पर लोफर्स लॉज हॉस्टल में सोमवार - मंगलवार की आधी रात बाद 12:30 बजे आग लग गयी। आग सबसे ऊपरी मंजिल से शुरू हुई। पुलिस के प्रारंभिक आकलन के अनुसार फिलहाल मृतकों की सटीक संख्या के बारे में नहीं बताया जा सकता लेकिन अनुमान है कि मौतों की संख्या 10 से कम है। पुलिस के अनुसार कुल 52 लोगों को इमारत से बाहर निकाला गया और कम से कम पांच को छत से बचाया गया, लेकिन अन्य का पता नहीं चल पाया। पांच लोगों को अस्पताल भेजा गया, जिनमें दो की हालत गंभीर है। दमकल और आपात विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि इमारत में करीब 90 लोग रह रहे थे और लोगों को निकालने के बाद भी करीब 30 लोगों का पता नहीं चल पाया है। मॉर्निंग न्यूज प्रोग्राम से बात करते हुए न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने कहा कि और मौतें हो सकती हैं।

### अमेरिका के न्यू मैक्सिको में गोलीबारी में तीन की मौत, कई घायल

**स्टून** : अमेरिका के न्यू मैक्सिको राज्य के फार्मिंग्टन में सोमवार को हुई गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। यह जानकारी एक फेसबुक पोस्ट के जरिये साझा करते हुये फार्मिंग्टन पुलिस ने कहा, ''कम से कम 3 मृतकों के साथ कई नागरिक घायल हैं।'' गोली लगने और अस्पताल में भर्ती होने वालों में शहर पुलिस के एक सदस्य और न्यू मैक्सिको स्टेट पुलिस के एक सदस्य सहित दो पुलिस अधिकारी शामिल है। पुलिस ने कहा कि दोनों की हालत स्थिर है। पुलिस ने कहा, ''एक संदिग्ध का मुकाबला किया गया और वह घटनास्थल पर ही मारा गया।'' पुलिस ने कहा कि संदिग्ध की पहचान अज्ञात है और इस समय कोई अन्य ज्ञात खतरा नहीं है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि फायरिंग ब्रुकसाइड पार्क के क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे के बाद हुई और शहर के सभी स्कूलों में सुरक्षा के लिहाज से ''निवारक लॉकडाउन''कर दिया गया।

### उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच गोलीबारी में 16 की मौत

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच हुई गोलीबारी में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोहाट के पुलिस अधिकारियों ने समाचार एजेन्सी शिन्हुआ को बताया कि यह घटना प्रांत के कोहाट जिले के दर्रा आदम खेल आदिवासी क्षेत्र में दो समूहों के बीच विवादित कोयला खदान के सीमांकन को लेकर सोमवार देर रात हुई, जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि यह घटना दो आदिवासी समूहों के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद के कारण हुई और स्थानीय आदिवासी अदालत, 'जिरगा'ने परस्पर विरोधी गुटों के बीच मामले में सुलह कराने के लिए कई बार बैठके आयोजित की। इस बीच कोयला खदान में सोमवार को काम करने के दौरान जब दोनों गुटों का आमना-सामना हुआ तो ये समूह हिंसक हो गए।

### पूर्व विधायक सत्यप्रकाश सखवार भाजपा में शामिल

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले से विधायक रहे कांग्रेस के नेता सत्यप्रकाश सखवार ने आज भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली। सखवार ने यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली। पेशे से वकील सखवार मुरैना जिले की अंबाह विधानसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के विधायक रह चुके हैं। वे बसपा विधायक दल के नेता भी थे। वर्ष 2019 में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ले ली थी। इसके बाद अब उन्होंने कांग्रेस का हाथ छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया है। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि पार्टी में कोई नेता नहीं है।

## आज का इतिहास

- 1756 : ब्रिटेन ने फ्रांस के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की।
- 1769 : ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के कपड़ा उद्योग को बर्बाद करने के लिए बुनकरों पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए।
- 1865 : विश्व संचार दिवस मनाने की शुरूआत हुई।
- 1970 : थोर हेयरडाल ने इसी दिन मोरक्को से यात्रा की शुरूआत की और अटलांटिक महासागर को 57 दिनों में पार कर लिया।
- 1975 : जापानी महिला श्रीमती जुनको तैबेई माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली प्रथम महिला बनी।
- 1987 : सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लिया।
- 2000 : रूसी संसद के ऊपरी सदन फेडरलिस्ट्स ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि की मंजूरी प्रदान की।
- 2002 : पाकिस्तान में मृत अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का शव कब्रिस्तान से बरामद।
- 2007 : भारत-पाकिस्तान समग्र वार्ता का चौथा दौर रावलपिंडी में शुरू हुआ।
- 2008 : बिहार के परिवहन मंत्री रामानन्द प्रताप सिंह ने नीतीश मंत्रीमण्डल से इस्तीफ़ा दिया।
- 2008 : तालिबानी आतंकवादियों ने पाकिस्तान के राजदूत तारिक अजीजुद्दीन को रिहा किया।
- 2010 : भारतीय बॉक्सरों ने कॉमनवेल्थ बॉक्सिंग चैंपियनशिप के सभी छह स्वर्ण पदक जीत लिए।
- 2010 : देश के सबसे पुराने पारंपरिक खेल कबड्डी को बढावा देते हुए पंजाब सरकार ने कबड्डी विश्वकप का आयोजन करने की घोषणा की।

रूबरू > रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का अपने हथियार का दावा गलत साबित

# रूस के किंजल मिसाइल को अमेरिकी पेट्रियॉट ने मार गिराया

राष्ट्रीय खबर



**कियेब:** रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने पहले दावा किया था कि उनका किंजल मिसाइल अजेय है। अमेरिका द्वारा यूक्रेन को मिसाइल उपलब्ध कराने के दौरान उन्होंने कहा था कि रूसी सेना इन मिसाइलों को मुंगफली की तरह फोड़ देगी। अब पिछले सप्ताह पुतिन का यह दावा गलत साबित हुआ है। यूक्रेन की सेना ने कहा है कि अमेरिकी पैट्रियट सिस्टम का इस्तेमाल करते हुए एक रूसी हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराया है। अधिकारियों ने बताया कि उन्नत मिसाइल हमले का लक्ष्य पैट्रियट रक्षा प्रणाली थी। जब यूक्रेन ने पिछले हफ्ते एक रूसी हाइपरसोनिक किंजल मिसाइल को मार गिराया, तो उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा दान की गई पैट्रियट रक्षा प्रणाली का इस्तेमाल रूसी सेना के उस ठिकाने पर किया, जो कि उनकी सेना पर कहर बरपा रही थी। रक्षा प्रणाली ही हमले का लक्ष्य थी और पैट्रियट ने खुद का बचाव किया। यूक्रेनी बलों ने पैट्रियट प्रणाली का उपयोग करते हुए कई दिशाओं से रूसी वारहेड पर गोलीबारी की। यूक्रेन ने यह दावा किया कि प्रशिक्षण पाने के बाद यूक्रेन की सेना इनके संचालन में कुशल हो गयी है। पेंटागन के एक प्रतिनिधि ने रक्षा विभाग के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर की प्रेस ब्रीफिंग का उल्लेख किया, जिसने पुष्टि की कि यूक्रेनियन ने पैट्रियट मिसाइल रक्षा प्रणाली को नियोजित करके एक रूसी मिसाइल को मार गिराया है। लेकिन यह निर्दिष्ट नहीं किया कि क्या यह किंजल या किलजॉय मिसाइल थी। राइडर ने कहा, जब यूक्रेन की तैयारी, इसकी सूची या मिसाइल इंटरसेप्ट के विवरण की बात आती है, तो मैं आपको उनके बारे में बताऊंगा।

पैट्रियट का उपयोग किए जाने की पुष्टि करते हुए उन्होंने आगे कोई विवरण नहीं दिया। रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन ने किंजल मिसाइल की क्षमताओं के बारे में लंबे समय से शेखी बघारते हुए कहा है कि 2018 में इसकी ध्वनि की गति से दस गुना तेज यात्रा करने की क्षमता और इसकी उड़ान प्रक्षेपवक्र के सभी चरणों में युद्धाभ्यास इसे सभी मौजूदा और, मुझे लगता है, संभावित को दूर करने की अनुमति देता है।

विमान-रोधी और मिसाइल-रोधी रक्षा प्रणालियाँ, 2,000 किलोमीटर से अधिक की सीमा में परमाणु और पारंपरिक हथियार पहुँचाती हैं। पिछले साल यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के एक महीने से भी कम समय के बाद, राष्ट्रपति जो बिडेन ने किंजल मिसाइलों को यूक्रेनी बलों पर कहर बरपा के रूप में वर्णित करते हुए कहा: इसे रोकना लगभग असंभव है और वहाँ एक कारण है कि वे उपयोग कर रहे हैं।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची बुधवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
17:05:2023

## दिव्यांग बच्चों के लिए लगा समर कैंप

रांची: झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को कोशिश स्पेशल स्कूल एवं व्यवसाय प्रशिक्षण केंद्र में दिव्यांग बच्चों के लिए तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। समर कैंप 16 से 18 मई तक चलेगा। इसका उद्घाटन बिहार के पूर्व निशक्तता आयुक्त डॉ। शिवाजी कुमार ने किया। कैंप में बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को अलग-अलग एक्टिविटीज करवाया जाएगा।

**दबिश** मुंबई एटीएस की मदद से पकड़ा गया गैंगस्टर

# अमन की गिरफ्तारी बड़ी सफलता: डीजीपी

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी से झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह गदगद हैं। डीजीपी के अनुसार श्रीवास्तव गिरोह झारखंड के टॉप 10 संगठित आपराधिक गिरोहों में से एक है और इसके मुखिया का पकड़ा जाना बड़ी सफलता है। अमन श्रीवास्तव को मुंबई के वासी रेलवे स्टेशन से महाराष्ट्र एटीएस की सहायता से गिरफ्तार किया गया है। जल्द ही उसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर झारखंड एटीएस की टीम रांची पहुंचेगी।

झारखंड के संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही एटीएस को साल की सबसे बड़ी सफलता हाथ लगी है। झारखंड एटीएस ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है। अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी को लेकर झारखंड एटीएस पिछले 6 महीने से लगातार काम कर रही थी। इसके लिए अमन के गैंग पर एटीएस लगातार प्रहार कर रही थी, जिसमें सफलता मिली और आखिरकार एटीएस ने अमन श्रीवास्तव को शिकंजे में ले लिया।झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 1 महीने से झारखंड एटीएस की टीम महाराष्ट्र में अमन को पकड़ने के लिए डेरा डाले हुई थी। आखिरकार सोमवार की शाम मुंबई के वासी रेलवे स्टेशन से अमन को गिरफ्तार कर लिया गया। अमन को रांची लाने के लिए झारखंड एटीएस की टीम जरूरी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा कर रही है। इस प्रक्रिया के पूरा होते ही उसे सुरक्षा के बीच रांची लाया जाएगा।

जिसके बाद उससे पूछताछ कर उसके गैंग के दूसरे सदस्यों पर लगाम लगाया जाएगा।गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव मुंबई से गिरफ्तार हुआ है। एटीएस की टीम को जानकारी मिली थी कि अमन श्रीवास्तव मुंबई और बेंगलुरु से अपने गैंग को चलाता है। इसके बाद एक रणनीति के तहत झारखंड एटीएस की दो टीम पिछले एक महीने से बेंगलुरु और मुंबई में डेरा जमाए हुए थी। इसी बीच अमन श्रीवास्तव के मुंबई में होने की पुख्ता जानकारी एटीएस को हासिल हुई। झारखंड एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर महाराष्ट्र एटीएस में बतौर डीआईजी के रूप में काम कर चुके हैं। ऐसे में उन्होंने तुरंत अमन की गिरफ्तारी के लिए महाराष्ट्र एटीएस के अधिकारियों से संपर्क किया।

अमन को गिरफ्तार करने के लिए महाराष्ट्र और झारखंड एटीएस की संयुक्त टीम ने मुंबई के वासी रेलवे स्टेशन के पास जाल बिछाया और सोमवार की शाम उसकी पहचान होने पर उसे रेलवे स्टेशन पर ही दबोचा लिया।अपराधी अमन श्रीवास्तव झारखंड के कोयला बेल्ट वाले इलाकों में आतंक का पर्याय बना हुआ था। उस पर हत्या, रंगदारी के दो दर्जन से ज्यादा मामले रामगढ़, हजारीबाग, रांची और लातेहार जैसे जिलों में दर्ज है।

## नई दिल्ली में बन रहे झारखंड भवन निर्माण में गड़बड़ी, सीएम ने दिया जांच के आदेश

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान मंगलवार को निमार्णाधीन झारखण्ड भवन के सभी सात फ्लोर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस क्रम में कांफ्रेंस हॉल, डाइनिंग हॉल, मुख्यमंत्री कक्ष, गेस्ट रूम, गवर्नर सुइट समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। बाद में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों, सलाहकार और कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री नई दिल्ली में बन रहे झारखण्ड भवन के निर्माण में खर्च होने वाले बजट से भी अवगत हुए। इसको लेकर मुख्यमंत्री संतुष्ट नजर नहीं आए और मुख्यमंत्री ने 15 दिनों के अंदर झारखण्ड भवन निर्माण को लेकर जिम्मेवार अधिकारियों एवं सलाहकारों की भूमिका से संबंधित जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा।उन्होंने भवन की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं अतिथि की सुविधा के लिए आवश्यक बदलाव करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। मालूम हो कि कोविड संक्रमण की वजह से काम पर रोक और तकनीकी चुनौतियों के कारण झारखण्ड भवन निर्माण कार्य में विलंब हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा झारखण्ड भवन का निर्माण कार्य की गुणवत्ता अपनी पहचान स्थापित करे, ऐसा प्रयास होना चाहिए। झारखण्ड भवन निर्माण कार्य में अगर किसी तरह की अनिमियतता सामने आती है तो जिम्मेदार व्यक्ति बख्शे नहीं जायेंगे। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान स्थानिक आयुक्त मस्त राम मीणा, भवन निर्माण सचिव सुनील कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## सभी जिलों के मनरेगा मजदूरों का शत प्रतिशत आधार सीडिंग करने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर ससमय योजनाओं को पूर्ण करवाने एवं ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुंचाने को लेकर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सभी जिलों के परियोजना पदाधिकारियों के साथ सर्ड सभागार में बैठक की। संचालित योजनाओं की जिलावार जानकारी ली। मनरेगा की प्रमुख योजनाओं यथा बिरसा हरित ग्राम योजना, विकास योजना, आंगनबाड़ी योजनाओं के आवश्यक प्रगति लाने का निर्देश दिया। ताकि, ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजित किया जाये और योजनाओं का क्रियान्वयन बड़े पैमाने पर हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं का स्थल निरीक्षण भी किया जायेगा।बैठक में मनरेगा आयुक्त द्वारा मनरेगा अन्तर्गत सभी लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही मनरेगा आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाबद्ध तरीके से एक समुचित कार्य प्रारूप तैयार कर जल्द से जल्द सभी योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें। मनरेगा योजनांतर्गत सक्रिय मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्व की लंबित योजनों का अवलोकन कर प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर लंबित एटीआर के साक्ष्य भी अपलोड करने का निर्देश दिया।मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी के द्वारा मनरेगा कार्य की समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2019-20 की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। लंबित योजनाओं की जानकारी लेते हुए उसे कार्ययोजना बना कर सभी उप विकास आयुक्तों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।मनरेगा आयुक्त ने अमृत सरोवर के तहत किए जा रहे कार्यों के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए लक्ष्यानुरूप प्रगति अर्जित करने के लिए सभी परियोजना पदाधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही, अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाबों का जीर्णोद्धार/निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) इत्यादि की भी समीक्षा की गयी।

## हटिया ग्रिड की मरम्मत के कारण बिजली कटौती



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** तपती गर्मी में राजधानीवासियों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। जिला के अधिकांश इलाके में एक-एक घंटे बिजली कटौती की जा रही है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो सोमवार को हटिया ग्रिड में सीटी ब्लास्ट हुआ था। जिसकी मरम्मत मंगलवार को भी जारी रही। ऐसे में एक बड़े इलाके में एक-एक घंटे के अंतराल पर बिजली मिल रही है। निगम की मानें तो मरम्मत कार्य तेजी से चल रहा है। ग्रिड में खराबी के कारण जिले को फुल लोड बिजली नहीं मिल रही थी। निगम ने बताया कि रात्रि 8-9 बजे के बाद जिले की बिजली व्यवस्था सामान्य हो जायेगी। ऐसे में बिजली कटौती नहीं की जायेगी। बता दें सोमवार को जमशेदपुर में आयी तेज आंधी का असर रांची में देखा गया। जहां हटिया ग्रिड का सीटी ब्लास्ट हो गया। जिससे बिजली संचरण प्रभावित हुआ। हालांकि निगम की मानें तो जिले में बिजली फुल लोड मिल रही। ग्रिड बनते ही व्यवस्था सामान्य होगी।

## अनधिकृत निर्माण करने वाले 5 लोगों को निगम का नोटिस



रांची: रांची नगर निगम ने अनधिकृत निर्माण करने वाले पांच लोगों को नोटिस जारी किया है। इनमें केस संख्या-59/2021 सकलदेव सिंह, केस संख्या 60/2021 मधुसुदन दास, केस संख्या 61/2021 विद्यानंद सिंह,केस संख्या 80/2021,केस संख्या 90/2021 सुमन देवी को नोटिस जारी किया है। ये सभी कांके रोड के रहने वाले हैं। नोटिस में बताया गया कि आदेश के विरुद्ध दायर अपील को न्यायाधिकरण ने सुनवाई के उपरांत खारिज कर दिया था। इसके बाद फिर से नगर आयुक्त के द्वारा पारित आदेश लागू करने का निर्देश दिया गया है। 30 दिनों के अंदर आदेश को पूरा करने को कहा गया है। आदेश नहीं मानने पर नगर की ओर से कार्रवाई की जाएगी और इसका खर्च खर्च नोटिसधारियों से वसूला जाएगा।

## छवि रंजन 25 मई तक की न्यायिक हिरासत में भेजे गए जेल



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जमीन घोटाले मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन को 10 दिनों की पूछताछ के बाद मंगलवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें 25 मई तक हिरासत में उन्हें जेल भेज दिया गया। इससे पूर्व ईडी ने दो बार छवि रंजन को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। सबसे पहले कोर्ट ने 6 मई को छवि रंजन को 6 दिनों की रिमांड पर ईडी को सौंपा था। फिर 12 मई को ईडी को चार दिनों की पूछताछ के लिए रिमांड मिली थी।सेना की जमीन एवं अन्य जमीन घोटाले मामले में छवि रंजन को ईडी ने गिरफ्तार किया गया है। जमीन घोटाले मामले में ईडी ने अब तक छवि रंजन सहित कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके पहले जमीन घोटाले मामले में 7 लोगों को इडी ने गिरफ्तार किया था। इडी ने जमीन घोटाले मामले में 13 अप्रैल को छवि रंजन के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान ईडी ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए थे, जिसके बाद सात लोगों को गिरफ्तारी हुई थी। छापेमारी के बाद ईडी ने रांची के सब रजिस्टार वैभव मणि त्रिपाठी से पूछताछ की थी। इसके बाद कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा से पूछताछ कर चुकी है। आपको बता दें कि जमीन घोटाला मामले में ईडी ने झारखंड में कई जगहों पर छापेमारी की थी। छवि रंजन के जमशेदपुर स्थित आवास में भी छापेमारी हुई थी।

## सुप्रीम कोर्ट की टीम ने झारखंड में रोड सेफ्टी के कार्यों का ऑडिट शुरू किया

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** रोड सेफ्टी के कार्यों का ऑडिट करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की तीन टीम आज मंगलवार को झारखंड पहुंच गयी है। यह टीम आज रांची में रोड सेफ्टी के कार्यों का ऑडिट कर रही है। निर्धारित शिड्यूल के आधार पर सुप्रीम कोर्ट की टीम जमशेदपुर, धनबाद और बोकारो में रोड सेफ्टी के कार्यों का ऑडिट करेगी। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस, रोड ट्रांसपोर्ट एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से रोड सेफ्टी की दिशा में किये गये कार्यों की समीक्षा की जायेगी। इसको लेकर दो टीम (टीम 1 और टीम 2) बनायी गयी है।बता दें कि इससे पहले 3 मई को रोड सेफ्टी पर सुप्रीम कोर्ट की कमेटी के ऑडिट के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक हुई थी। सड़क सुरक्षा पर आयोजित इस बैठक में डीबी श्रीनिवास (दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांजिट सिस्टम) ने ऑडिट के विभिन्न बिन्दुओं पर पावर पाइंट पर प्रेजेंटेशन दिया था। रोड सेफ्टी के कार्यों का ऑडिट करने से लोगों की जान बचाने में राज्य की तैयारी की समीक्षा हो पायेगी।

## मोहन भागवत पहुंचे झारखंड

रांची: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के चीफ मोहन भागवत चार दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं। मंगलवार को वे पुणे-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन से हटिया रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां से वे सड़क मार्ग से लोहरदगा के लिए निकल गये। मोहन भागवत 19 मई तक लोहरदगा में रहेंगे। वे लोहरदगा के शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में शामिल होने के लिए आए हैं। उनकी सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। कार्यक्रम स्थल में आरएसएस कार्यकताओं के अलावा किसी अन्य को प्रवेश की अनुमति नहीं है।

**कार्यक्रम** झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन उद्घाटन सहित कई कार्यक्रमों में होंगी शामिल

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 को आएंगी राजधानी रांची

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मई को रांची आएंगी और 25 मई तक रहेंगी। 26 को वापस दिल्ली के लिए लौटेंगी। 24 मई को राष्ट्रपति झारखंड उच्च न्यायालय के बने नए भवन का उद्घाटन करेंगी। 25 मई को खूंटी जाएंगी, जहां कल्याण विभाग के महिला सम्मेलन के दौरान महिलाओं से संवाद करेंगी। राष्ट्रपति रांची के नामकुम में ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में भी हिस्सा लेगी। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति 24 मई को एयरफोर्स की विमान से सुबह 7:00 बजे नई दिल्ली से रवाना होगी और सुबह 8:35 बजे देवघर पहुंचेंगी। वहां 9।20 में बाबा बैजनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद देवघर सर्किट हाउस पहुंचेगी। उसी दिन राष्ट्रपति रांची आएंगी। बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद अल्बर्ट एक्का चौक में अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण करेंगी। राजभवन में विश्राम के बाद शाम में आदिम जनजाति समूह से भी मुलाकात करेंगी। शाम 5:00 बजे झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन का उद्घाटन भी करेंगी। इसके बाद राजभवन जाएंगी। 23 मई को खूंटी में कल्याण विभाग द्वारा आयोजित महिलाओं के कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद शाम 5:00 बजे रामपुर स्थित ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेगी। 26 मई को सुबह विभिन्न विशिष्ट व्यक्तियों से मिलने के बाद 11:30 बजे वापस दिल्ली जायेंगी।

